

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष के.एस. हेगड़े की जयंती के अवसर पर बुधवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में पुष्पांजलि अर्पित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 160 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'सिंदूर' की तबाही पर बजट का मरहम

## पाकिस्तान ने 20% बढ़ाया रक्षा बजट, कर्ज में डूबा देश भारत के मुकाबले कहां?

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** पाकिस्तान ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपना बजट पेश कर दिया है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को भारी नुकसान हुआ। इसके बाद हुए संघर्ष में उसकी सेना के दर्जनभर बेस तबाह होने से पाकिस्तान भारी संकट से जूझ रहा है। ऐसे में शहबाज शरीफ सरकार ने रक्षा बजट में 20% की चौंकाने वाली बढ़ोतरी की है। चौंकाने वाली इसलिए, क्योंकि पाकिस्तान लगातार कर्ज और महंगाई की समस्या से जूझ रहा है। आईएमएफ, विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक से उसने कड़ी शर्तों पर कर्ज ले रखा है। इन शर्तों के चलते ही उसने अपने बजट में समग्र खर्च को 7 फीसदी तक घटाया है। लेकिन रक्षा बजट में बढ़ोतरी कर दी है।

**पाकिस्तान का रक्षा बजट बढ़ने की वजह क्या?**
भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमले की कोशिश की जिसके जवाब में भारत ने पाकिस्तानी सेना के अहम एयरबेसों को भारी नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान के कई अहम सैन्य ठिकानों और उसकी रक्षा प्रणाली पूरी तरह तबाह हो गई। उसके इन्फ्रास्ट्रक्चर का जबरदस्त नुकसान हुआ है। इसका सबूत




### भारत और पाकिस्तान के रक्षा बजट में क्या तुलना?

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पाकिस्तान का रक्षा बजट 2.55 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये (77 हजार 344 करोड़ भारतीय रुपये के बराबर) है। इस बड़े रक्षा बजट के बावजूद पाकिस्तान की रक्षा प्रणाली पूरी तरह ध्वस्त हो गई। भारत में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए (करीब 78.7 अरब डॉलर) आवंटित किए गए, जिसमें सेना के आधुनिकीकरण के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपए शामिल हैं। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी का करीब 1.9 प्रतिशत है।

पाकिस्तान के रक्षा बजट में देखने को मिलता है, जिसमें सबसे ज्यादा बढ़ोतरी जवानों और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े खर्चों में की गई है।

**पाकिस्तान पर कितना कर्ज है?**
पाकिस्तान किस कदर कर्ज के बोझ में दबा है, इसका अंदाजा शहबाज सरकार की ओर से जारी हालिया आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से लग जाता है। 2024-25 के आर्थिक सर्वे के मुताबिक, इस्लामाबाद ने पिछले साल 7.8 अरब डॉलर (करीब 2.20 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये) विदेश से हासिल किए गए कर्ज की देनदारी में चुकाए। अगर इसकी तुलना की जाए तो पाकिस्तान ने जितना 2024-25 में कर्ज की किस्त में चुकाया, वह उसके रक्षा बजट (2.12 लाख करोड़) से भी ज्यादा था। एक लिहाज से देखें तो पाकिस्तान एक साल की कर्ज की किस्त चुकाने में ही जीडीपी का 1.9 फीसदी हिस्सा खर्च कर रहा है। यह चिंता की बात इसलिए हो जाती है, क्योंकि पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक कर्ज अब 76 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये (करीब 269 अरब डॉलर) हो चुका है।

## क्या कहते हैं पाकिस्तान के बजट के नए आंकड़े?




- पाकिस्तान ने 2025-26 के लिए कुल बजट 17.57 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये तय किया है। भारत के लिहाज से देखें तो यह 5.30 लाख करोड़ रुपये के बराबर है।
- 2025-26 के लिए पाकिस्तान का रक्षा बजट 2 लाख 55 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये कर दिया गया है। यह भारतीय रुपये में 77 हजार 344 करोड़ रुपये के बराबर है।
- पाकिस्तान ने जहां कुल आम बजट को 7 फीसदी घटाया है, तो वहीं रक्षा बजट में 20 फीसदी तक इजाफा किया है। इस तरह पाकिस्तान अब अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.97 फीसदी हिस्सा रक्षा बजट पर खर्च करता है। 2024-25 में यह खर्च जीडीपी का 1.70 प्रतिशत था।
- पाकिस्तान में पूर्व जवानों की पेंशन के लिए 1 लाख 5 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये का खर्च तय है। यह पाकिस्तान के रक्षा बजट से अलग तय किया गया है। पाकिस्तान में सैन्य पेंशन का खर्च पूरे आम बजट का ही करीब 6 फीसदी है।
- अगर भारत के रक्षा बजट की तरह ही पाकिस्तान के रक्षा बजट+पेंशन का खर्च जोड़ा जाए तो यह 3.60 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये पहुंच (1.09 लाख करोड़ भारतीय रुपये के बराबर) जाता है।
- पाकिस्तान में शिक्षा और स्वास्थ्य पर जीडीपी का 1 फीसदी हिस्सा भी नहीं खर्च होता।



श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात करते हुए।

## अनंत अंबानी ने श्री गंगा सभा को दिए पांच करोड़ रुपये

**हरिद्वार।** देश के प्रमुख उद्योगपति अनंत अंबानी ने हरिद्वार की हरकी पैड़ी की प्रबंधकारिणी संस्था 'श्री गंगा सभा' को पांच करोड़ रुपये की धनराशि दान स्वरूप भेंट की है। यह राशि अंबानी परिवार की ओर से धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए प्रदान की गई है। महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने हाल ही में मुंबई में अनंत अंबानी से भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच धार्मिक और सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सभा द्वारा हरकी पैड़ी पर की जा रही व्यवस्थाओं और सतत सेवा कार्यों से प्रभावित होकर अनंत अंबानी ने यह महत्वपूर्ण सहयोग राशि प्रदान की।

## पुलिस कस्टडी में भेजे गए राजा के हत्यारोपी

### शिलांग कोर्ट में हुई सोनम और अन्य की पेशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिलांग :** मेघालय के चर्चित हनीमून हत्याकांड में मृतक कारोबारी राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके चार साथियों को बुधवार को शिलॉन्ग की एक अदालत में पेश किया गया। जहां सुनवाई के बाद कोर्ट सभी आठ दिन के पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, इन सभी पर राजा की हत्या की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप है। मामले में पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया, 'पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की।'

**यूपी के गाजीपुर से गिरफ्तार की गई थी सोनम:** बता दें कि, 24 वर्षीय सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके चार साथियों को मध्य प्रदेश के इंदौर से पकड़ा गया। सोनम को मंगलवार देर रात मेघालय लाया गया, जबकि बाकी चारों को बुधवार को ट्रांजिट रिमांड पर शिलांग लाया गया।

**क्राइम-सीन रीक्रिएट करेगी मेघालय पुलिस:** पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अदालत से इन सभी आरोपियों की हिरासत मांगी है, ताकि मेघालय के सोहरा इलाके में हत्या की जगह का पुनर्निर्माण (क्राइम सीन रीक्रिएशन) किया जा सके।

**23 मई को मेघालय गया था जोड़ा:** बता दें कि, इंदौर के रहने वाले व्यापारी राजा रघुवंशी अपनी पत्नी सोनम के साथ 23 मई को मेघालय के सोहरा क्षेत्र में छुट्टियां मनाने गए थे। उसी दिन दोनों लापता हो गए थे। कई दिनों की तलाश के बाद राजा का शव 2 जून को एक गहरे गड्ढे में मिला था।

## एलजी ने अमरनाथ गुफा में की पूजा, यात्रा 3 से शुरू होगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर।** अमरनाथ गुफा में बुधवार को हर-हर महादेव के नारे के साथ बाबा बर्फानी को नमन किया गया और पवित्र गुफा में प्रथम पूजा की गई, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की औपचारिक शुरुआत करते हुए अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा की। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने तीर्थयात्रियों से बड़ी संख्या में अमरनाथ गुफा मंदिर में आने का आग्रह किया। उपराज्यपाल ने कहा कि 9 अगस्त को रक्षा बंधन पर समाप्त होने वाली यात्रा के लिए श्राइन बोर्ड और प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और अन्य सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, इसलिए मुझे लगता है कि किसी को कुछ भी सोचने की जरूरत नहीं है। उन्हें यहां आकर बाबा का आशीर्वाद लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, सेना, बीआरओ, सीएपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सभी हितधारक परेशानी मुक्त और सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण, सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा असाधारण रहा है।

**अमरनाथ यात्रा**
- 3 जुलाई से शुरू होने वालीअमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट से झारखंड, कर्नाटक और आंध्र को सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** कैबिनेट ने झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को शामिल करते हुए भारतीय रेल की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिससे विद्यमान नेटवर्क में करीब 318 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। सरकार के मुताबिक, इन पहलों से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत घटेगी, तेल आयात में कमी और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में गिरावट आएगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल प्रचालन को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि, इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 6,405 करोड़ रुपये है।



**क्या हैं दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं?**
कोडरमा-बरकाकाना दोहरीकरण (133 किलोमीटर) - यह परियोजना खंड झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरता है। इसके अतिरिक्त, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक कुशल रेल संपर्क है। बेल्लारी-चिकजाजुर दोहरीकरण (185 किलोमीटर) - परियोजना लाइन कर्नाटक के बेल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है।

### गांवों की कनेक्टिविटी होगी बेहतर

**सरकार** के अनुसार, इन परियोजनाओं से लगभग 1,408 गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 28.19 लाख है। ये रास्ते कोयला, लौह अयस्क, तैयार स्टील, सीमेंट, उर्वरक, कृषि उत्पाद और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे महत्वपूर्ण सामानों की ढुलाई के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इन परियोजनाओं से अतिरिक्त 49 मिलियन टन प्रति वर्ष माल ढुलाई क्षमता बढ़ेगी। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे की संचालन क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी, जिससे सेवाओं में सुधार होगा और यातायात में सुगमता आएगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव भारतीय रेलवे के संचालन को सरल बनाएंगे और भीड़-भाड़ को कम करेंगे।

**पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत परियोजनाएं**
रेल मंत्रालय ने बताया कि ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत तैयार की गई हैं, जो मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देती हैं।

## सुकमा मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी सहित दो नक्सली ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सुकमा।** सुकमा जिले के कुकानार थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए पुलिस मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी एलएसओ कमांडर सहित दो नक्सली मारे गए। मरने वालों में एक महिला नक्सली है। मुठभेड़ स्थल से बंदूक और विस्फोटक सामग्री बरामद की गयी है। इलाके में अन्य नक्सलियों की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले के थाना कूकानार क्षेत्रांतर्गत डुनमपारा पुसगुन्ना के जंगली पहाड़ी इलाके में कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर आज जिला पुलिस बल एवं डीआरजी की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुई थी। बुधवार दोपहर सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो नक्सलियों को मार गिराया।

## कांग्रेस सांसद व विधायकों के घर ईडी की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरू।** महर्षि वाल्मीकि जनजाति कल्याण बोर्ड घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बेंगलुरु और बेल्लारी में कई स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी कांग्रेस के सांसद, विधायकों और नेताओं से जुड़े ठिकानों पर की गई है। ईडी ने बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी और बेंगलुरु में कर्नाटक आदिवासी कल्याण बोर्ड घोटाला से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कई स्थानों पर छापेमारी की। कांग्रेस सांसद और विधायकों के कार्यालयों साथ उनके घरों पर भी छापेमारी की गई है। ईडी की अलग-अलग टीमों ने बेल्लारी के सांसद ई. तुकाराम के संदूर आवास, बेल्लारी के विधायक नारा भारत रेड्डी के नेहरू कॉलोनी आवास, विधायक डॉ. एनटी श्रीनिवास के कुडलिगी आवास और विधायक बी. नागेंद्र के करीबी गोवर्धन रेड्डी के आवास पर छापेमारी की है। बी. नागेंद्र प्रदेश के पूर्व अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री हैं, ईडी ने 12 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया था। 89.6 करोड़ रुपये की फंड हेराफेरी की अनुमति दी और इस घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता की भूमिका निभाई। ईडी रेड की जांच के मुताबिक नागेंद्र ने 24 अन्य लोगों के साथ मिलकर महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम के खातों से फर्जी खातों में पैसे ट्रांसफर किए और फिर उन पैसों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में किया गया।




**छापेमारी**
- 89.6 करोड़ की फंड हेराफेरी की अनुमति दी और इस घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता की भूमिका निभाई।

**निवेश**

### स्विट्जरलैंड की मंत्री का बड़ा बयान; इन देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बनी सहमति

## 'लालफीताशाही पर लगाम लगाए भारत'नियामक में करें बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**बर्न।** स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामले की मंत्री हेलिनी बलिजडर आतेर्दा ने कहा है कि भारत निवेश के लिए काफी उपयुक्त और पसंदीदा स्थान है। लेकिन भारत को अधिक से अधिक निवेश को आकर्षित करने के लिए अपने नियामक में बदलाव करना होगा और लालफीताशाही पर लगाम लगाना होगा। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड के कई उद्यमी उन्हें इस बात की शिकायत करते हैं कि भारत में लालफीताशाही काफी अधिक है। भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत भारत में अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश का करार है, लेकिन इसे हासिल करने के लिए हमें एक फ्रेमवर्क और भारत की लालफीताशाही को अधिक से अधिक कम करने की आवश्यकता है।



**11 सालों से लगातार हो रहे प्रयास:** उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र की वजह से हम भारत को प्राथमिकता देते है और हम भारत पर भरोसा भी करते हैं। दूसरी तरफ, भारत के वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 100 अरब डॉलर के निवेश को लेकर हमारा करार वर्तमान नियामक के तहत ही हुआ है। जहां तक कारोबारी नियमों को आसान करने की बात है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 सालों से लगातार इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 100 अरब डॉलर के निवेश से 500 अरब डॉलर का कारोबार तैयार होगा और उम्मीद की जा रही है कि इस निवेश से 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेंगे। स्विट्जरलैंड में गोयल के साथ उद्यमियों ने अपने संवाद में भारत में जमीन उपलब्धता और लॉजिस्टिक कठिनाइयों को भी

**आर्थिक**
- भारत को निवेश के लिए काफी उपयुक्त बताया
- स्विट्जरलैंड के कई उद्यमी करते हैं शिकायत

## हाईकोर्ट का प्रियंका गांधी को नोटिस

### नाव्या ने चुनाव याचिका दाखिल कर उपचुनाव में जीत को दी थी चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया**
**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी किया है। उन्हें यह नोटिस वायनाड से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार रहीं नाव्या हरिदास की ओर से दायर एक चुनाव याचिका पर जारी किया गया है। हरिदास ने लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका की जीत को चुनौती दी है। उन्होंने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर प्रियंका गांधी वाड्रा की जीत को अमान्य घोषित करने की मांग की थी। याचिका में उन्होंने प्रियंका पर नामांकन दाखिल करते समय महत्वपूर्ण विवरणों का खुलासा न करने का आरोप लगाया था।



**प्रियंका गांधी के निर्वाचन को रद्द करने की मांग:** नाव्या हरिदास के लिए याचिका दायर करने वाले वकील हरि कुमार जी नायर ने पहले बताया था कि इस याचिका में प्रियंका गांधी के निर्वाचन को कथित रूप से 'उनके और उनके परिवार के स्वामित्व वाली कई संपत्तियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी को दबाने' और 'मतदाताओं को उनकी पसंद को प्रभावित करने के इरादे से गुमराह करने, गलत सूचना देने और अंधेरे में रखने' के लिए रद्द करने की मांग की गई है।

**उपचुनाव में तीसरे नंबर पर रहीं थी नाव्या हरिदास :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 13 नवंबर को वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 6 लाख 22 हजार 338 वोट पाकर पहली बार जीत दर्ज की थी। उनकी प्रतिद्वंद्वी भाजपा नेता नाव्या हरिदास 1 लाख 9 हजार 939 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं थी।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 12 जून 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना: महीपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में देश 10वें स्थान से चौथे नंबर की सबसे बड़ी और तेजी से बढने.वाली अर्थव्यवस्था बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं और सेवाओं में $825 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात दर्ज किया गया है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) ने 1.61 लाख करोड़ निवेश, 14 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन, 5.31 लाख करोड़ रुपये का निर्यात और 11.5 लाख नौकरियां पैदा की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29.8 लाख करोड़ के आत्मनिर्भर भारत पैकेज से कोविड-19 के दौरान एमएसएमई और व्यवसायों को मदद मिली है।


## यात्रीगण कृपया ध्यान दें

### फिरोजपुर कैंट एवं हजूर साहिब नान्देड रेलवे स्टेशनों के बीच एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा दिनांक 13.06.2025 से फिरोजपुर कैंट एवं हजूर साहिब नान्देड स्टेशनों के बीच एक नई एक्सप्रेस रेलगाड़ी सेवा सं. 14622 / 14621 (साप्ताहिक) का शुभारम्भ किया जायेगा। इस रेलगाड़ी की समय – सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :–

**14622/14621 फिरोजपुर कैंट – हजूर साहिब नान्देड – फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 14622 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 14621 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:25 | फिरोजपुर कैंट जं. | 04:40 | --- |
| 13:50 | 13:52 | फरीदकोट | 03:23 | 03:25 |
| 14:07 | 14:09 | कोट कपूरा जं. | 03:06 | 03:08 |
| 15:05 | 15:25 | बठिण्डा जं. | 02:00 | 02:20 |
| 15:58 | 16:00 | मानसा | 23:29 | 23:31 |
| 16:38 | 16:40 | जाखल जं. | 22:55 | 22:57 |
| 16:58 | 17:00 | धमतान साहिब | 22:35 | 22:37 |
| 17:43 | 17:45 | जींद जं. | 21:56 | 21:58 |
| 18:30 | 18:32 | रोहतक जं. | 21:12 | 21:14 |
| 19:00 | 19:02 | बहादुरगढ़ | 20:42 | 20:44 |
| 19:40 | 19:42 | शकूर बस्ती | 20:24 | 20:26 |
| 20:20 | 20:25 | दिल्ली–सफदरजंग | 19:38 | 19:42 |
| 21:35 | 21:37 | फरीदाबाद | 18:48 | 18:50 |
| 23:05 | 23:10 | मथुरा जं. | 16:50 | 16:55 |
| 23:50 | 23:55 | आगरा कैंट | 16:05 | 16:10 |
| 02:05 | 02:07 | ग्वालियर जं. | 14:00 | 14:02 |
| 03:35 | 03:43 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 12:40 | 12:48 |
| 06:15 | 06:17 | बीना जं. | 09:30 | 09:32 |
| 07:10 | 07:12 | विदिशा | 07:18 | 07:20 |
| 08:05 | 08:15 | भोपाल | 06:25 | 06:35 |
| 09:55 | 10:00 | इटारसी जं. | 04:35 | 04:40 |
| 12:43 | 12:45 | खंडवा जं. | 02:13 | 02:15 |
| 14:45 | 14:50 | भुसावल जं. | 23:45 | 23:50 |
| 17:55 | 18:00 | मनमाड जं. | 21:20 | 21:25 |
| 20:55 | 21:00 | औरंगाबाद | 16:50 | 16:55 |
| 21:56 | 21:58 | जालना | 14:56 | 14:58 |
| 22:50 | 22:59 | सेलू | 13:42 | 13:44 |
| 00:26 | 00:28 | परभणी जं. | 12:56 | 12:58 |
| 01:25 | 01:30 | पूर्णा जं. | 12:20 | 12:25 |
| 03:30 | --- | हजूर साहिब नान्देड | --- | 11:50 |

**चलने के दिन :** 14622 फिरोजपुर कैंट जं. से दिनांक 13.06.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) से तथा 14621 हजूर साहिब नान्देड से दिनांक 15.06.2025 (प्रत्येक रविवार) से
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1738/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गर्मी में हीट वेव से करें बचाव, बरतें एहतियात: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। उपायुक्त नेहा सिंह ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढंक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं–भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधानः 1) एडीईएन/ई-III के अधीन एसएसई/ डब्ल्यू/बीएच के एस/ओ में एनेक्सी-1, बड़ौदा हाउस में आरओबी सेल, कमरा नंबर 150, सतर्कता शाखा और अपराध शाखा का सुधार। 2) एडीईएन/ ई-III के अधीन एसएसई/ डब्ल्यू/ बीएच के अनुभाग में बड़ौदा हाउस में एनेक्सी-II भवन की पहली मंजिल पर चिकित्सा विभाग के कमरा नंबर 104, 105, 106, 107, शौचालय और अधिकारी कक्ष का सुधार/उन्नयन। 3) डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली में रेलनेट सुविधाओं की विश्वसनीयता और सुधार। 4) एडीईएन/ एनआरसीएच के अधीन एसएसई/ डब्ल्यू/ एनआरसीएच के एस/ ओ में एनआरसीएच में नई मेडिसिन ओपीडी भवन का निर्माण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 41,18,339.97/- मात्र | धरोहर राशि | ₹82,400/- मात्र |

| | |
|---|---|
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 03.07.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-55 |

निविदा संख्या: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1013 दिनाँक: 11.06.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1739/2025



## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.स. | निविदा स. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82245004 | आपातकालीन चिकित्सा बक्से (विनिर्देश पीडीएफ के अनुसार संलग्न) | 328 | 02.07.2025 |
| 2 | 82245058A | ऑर्थो ओटी टेबल (रीढ़ विस्तार के साथ हेड रेस्ट सिस्टम के साथ ट्रैक्शन सेट के साथ) | 1 | 30.06.2025 |
| | | बोली–पूर्व सम्मेलन तिथि समय | | 19.06.2025 |
| | संभावित बोलीदाता 21.06.2025 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक ईमेल–आईडी– storesnrch@gmail.com पर प्री–बिड प्रश्न प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि उत्तर रेलवे द्वारा उनका अध्ययन किया जा सके। इसके अलावा, रेलवे उपर्युक्त समय और तिथि के बाद प्राप्त प्री–बिड प्रश्नों का जवाब नहीं दे सकता है। प्री–बिड की तिथि और समय निविदा के शीर्षक में उल्लिखित है। प्री–बिड मीटिंग का स्थान कमरा नंबर 232, कॉन्फ्रेंस हॉल, दूसरी मंजिल, अनुलग्नक– I, स्टोर विभाग, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–01 है। | | | |

निविदा शर्ते : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस सं. 82245004/MED/PART-II दिनांक:– 11.06.2025 1743/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शानू उर्फ आशू पुत्रः अरफीन,** पताः 2–1/103, वेलकम, शाहदरा, दिल्ली, **FIR No. 80/2019, U/s 25/54/59 A Act,** थानाः शाहदरा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शानू उर्फ आशू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शानू उर्फ आशू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 80/2019, U/s 25/54/59 A Act,** थानाः शाहदरा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शानू उर्फ आशू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**स्वाति शर्मा**
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**कमरा नं.59, तीसरी मंजिल,**
**जिला शाहदरा, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/7220/SHD/2025
(Court Matter)

## PUBLIC NOTICE

**Notice** is here given to the public that, Shri SAGAR GOEL, S/o Late Shri MUKESH KUMAR GOEL, R/o B-1/25/26, MODEL TOWN-2, DR. MUKHERJEE NAGAR, DELHI-110009 had executed a General Power of Attorney, dated 31/12/2024 in favour of Shri YOGESH NASA, S/o Shri LAJPAT RAI, R/o - 325/29, Gopal Nagar, Sonipat, Haryana authorizing him to act on Shri SAGAR GOEL's behalf in respect of the property situated at House No.4, Out of Khasra No.30/8 and 12, Master Mohalla, Village Libaspur, Sameypur Badli, Delhi-110042. Through this notice, Shri SAGAR GOEL revokes and cancel the said General Power of Attorney with immediate effect. The said GPA stands cancelled and is no longer valid. Any person dealing with the said attorney holder after the date of this notice shall do so at their own risk and cost. Shri SAGAR GOEL shall not be responsible for any transactions carried out by him. This is to inform the general public and concerned authorities.

**Alok Kachru Advocate,**
**Chamber No. 57, Civil Wing, Tis Hazari Courts, Delhi**
**Contact: 9811255531**
**Date - 10-06-2025**

# कार्यालय उपायुक्त पुलिस दक्षिण जिला, नई दिल्ली

**हौज़ खास, नई दिल्ली-110016,**
**टेलीफोन नंबर 011-20863617, ई-मेलः adcp1south@gmail.com**

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दक्षिण जिला के पुलिस थानों द्वारा दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 66 के तहत जब्त किए गए और वर्तमान में दिल्ली के दक्षिण जिला के थानों में रखे गए विभिन्न मॉडल्स के निम्नलिखित लावारिस मोटर वाहनों का शीघ्र ही एमएसटीसी लिमिटेड नीलामी द्वारा निपटान करेगी। इनमें से किसी भी वाहन का यदि कोई दावाकर्ता है तो वे स्वामित्व के प्रमाण में सभी संगत दस्तावेजों के साथ संबंधित थाना अध्यक्ष से 23.11.2025 को या इससे पूर्व व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते 23.11.2025 के बाद किसी भी दावे पर विचार नही किया जाएगा और वाहनों का नीलामी के जरिए निपटान कर दिया जाएगा।

### दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 66 के तहत जब्त लावारिस वाहनों की सूची।

| क्रं. सं. | पुलिस थाना | डी डी नंबर | तारीख | पंजीकरण संख्या | इंजन नंबर | चेसिस नंबर | वाहनों के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | साकेत | 52B | 07.09.17 | ग़लत नंबर प्लेट | - | 70560 | मोटर साइकिल |
| 2. | साकेत | 27A | 01.02.19 | ग़लत नंबर प्लेट | - | - | मोटर साइकिल |
| 3. | साकेत | 44B | 07.02.19 | ग़लत नंबर प्लेट | - | 02309 | मोटर साइकिल |
| 4. | साकेत | 23B | 30.05.19 | ग़लत नंबर प्लेट | - | 12253 | मोटर साइकिल |
| 5. | साकेत | 51A | 14.07.19 | ग़लत नंबर प्लेट | 38817 | - | स्कूटी |
| 6. | साकेत | 38A | 21.9.22 | DLIRV8718 | 85432 | 48044 | TSR |
| 7. | साकेत | 103A | 14.10.22 | HR26Z7824 (डुप्लीकेट नं. प्लेट) | 268070 | - | मोटर साइकिल |
| 8. | साकेत | 40A | 03.1.23 | DL3SBS8991 | 6460 | 6398 | स्कूटी |
| 9. | साकेत | 61A | 16.01.23 | DL8SAT1279 | 5083 | 24517 | मोटर साइकिल |
| 10. | साकेत | 91A | 20.2.23 | DL7SAR9294 | 3829 | 52981 | मोटर साइकिल |
| 11. | साकेत | 105A | 14.3.23 | DL3SBL5273 | 71787 | 38843 | मोटर साइकिल |
| 12. | साकेत | 105A | 14.3.23 | DL3SBL5274 | 71644 | 38738 | मोटर साइकिल |
| 13. | साकेत | 105A | 14.3.23 | DL3SBL4080 | 30402 | 3532 | मोटर साइकिल |
| 14. | साकेत | 105A | 28.9.23 | HR12U6885 | 68617 | 9708 | स्कूटी |
| 15. | साकेत | 101A | 5.10.23 | DL3SCL3198 | 12510 | 11939 | मोटर साइकिल |
| 16. | महरौली | 155 | 01.02.25 | HR 88 3780 | 30935 | 30899 | स्कूटी |
| 17. | महरौली | 110 | 02.02.25 | DL 3SFP 8923 | 01867 | 05310 | मोटर साइकिल |
| 18. | महरौली | 128 | 02.02.25 | DL 3SDY 4003 | 18508 | 20354 | मोटर साइकिल |
| 19. | महरौली | 147 | 09.02.25 | DL 3SEC 6267 | 20364 | 03915 | स्कूटी |
| 20. | महरौली | 177 | 10.02.25 | DL 3SCZ 8323 | 62839 | 62980 | स्कूटी |
| 21. | महरौली | 211 | 10.02.25 | DL 3SCR 0714 | 14814 | 00524 | मोटर साइकिल |
| 22. | महरौली | 01 | 12.02.25 | DL 3SEL 3918 | 49919 | 14282 | मोटर साइकिल |
| 23. | महरौली | 94 | 13.02.25 | DL 3SCH 1957 | 44250 | 42812 | मोटर साइकिल |
| 24. | महरौली | 192 | 13.02.25 | DL 3SDA 7351 | 02421 | 79912 | स्कूटी |
| 25. | महरौली | 179 | 14.02.25 | DL 3SCT 1767 | 81241 | 82293 | स्कूटी |
| 26. | महरौली | 182 | 15.02.25 | DL 3SEK 2599 | 12970 | 04160 | मोटर साइकिल |
| 27. | महरौली | 191 | 16.02.25 | DL 3SEE 1072 | F9330 | 67252 | मोटर साइकिल |
| 28. | महरौली | 152 | 16.03.25 | DL 3SFT 8129 | 02743 | 01302 | मोटर साइकिल |
| 29. | महरौली | 173 | 19.03.25 | DL 3SBB 4931 | 00503 | 00558 | मोटर साइकिल |
| 30. | महरौली | 50 | 18.04.25 | DL 13ST 2997 | 04987 | 43133 | स्कूटी |
| 31. | महरौली | 45 | 18.04.25 | DL 3SFW 9157 | 11151 | 11159 | मोटर साइकिल |
| 32. | महरौली | 34 | 18.04.25 | DL 3SDM 9389 | 81956 | 99512 | स्कूटी |
| 33. | ग्रेटर कैलाश | 54A | 14.07.23 | HR26DE 9671 | 62756 | 62501 | स्कूटी |
| 34. | ग्रेटर कैलाश | 29A | 04.01.24 | DL45BQ 1047 | 40181 | 12795 | स्कूटी |
| 35. | ग्रेटर कैलाश | 73A | 24.08.24 | RJ18S 8938 | 13516 | 16026 | स्कूटी |
| 36. | ग्रेटर कैलाश | 2A | 17.05.24 | DL 3SAV 3799 | 05399 | 05474 | मोटर साइकिल |
| 37. | ग्रेटर कैलाश | 56A | 21.07.24 | DL 8SBM 5186 | 18625 | 43691 | स्कूटी |
| 38. | ग्रेटर कैलाश | 59A | 10.09.24 | DL10AB 7107 | 00387 | 00381 | स्कूटी |
| 39. | ग्रेटर कैलाश | 89A | 16.10.24 | DL6SZ 6404 | 02565 | 76398 | मोटर साइकिल |
| 40. | ग्रेटर कैलाश | 62A | 27.07.24 | DL14SA 1532 | 83611 | 40633 | स्कूटी |
| 41. | ग्रेटर कैलाश | 50A | 15.09.24 | DL13SS 5242 | 62420 | 13730 | स्कूटी |
| 42. | ग्रेटर कैलाश | 52A | 11.03.25 | DL3SF 6536 | 40226 | 37004 | स्कूटी |
| 43. | ग्रेटर कैलाश | 74A | 11.04.25 | DL3SER 7521 | 74790 | 74669 | स्कूटी |
| 44. | ग्रेटर कैलाश | 65A | 14.04.25 | DL3SFF 4824 | 80046 | V4055 | स्कूटी |
| 45. | ग्रेटर कैलाश | 1A | 17.04.25 | DL3SEV 1455 | 23816 | 23825 | स्कूटी |
| 46. | ग्रेटर कैलाश | 39A | 21.04.25 | DL3SAN 0623 | 96955 | 40281 | स्कूटी |
| 47. | मालवीय नगर | 96B | 30.07.12 | DL4CAB-2651 | 23175 | 109150 | कार |
| 48. | मालवीय नगर | 91 B | 12.09.2012 | RJ 20 BM7255 | 03693 | 03661 | मोटर साइकिल |
| 49. | मालवीय नगर | 45A | 10.04.2018 | W/No. Plate | 00803 | 00986 | मोटर साइकिल |
| 50. | मालवीय नगर | 54A | 22.06.2018 | DL4SNA 1864 | 45657 | 50352 | मोटर साइकिल |
| 51. | मालवीय नगर | 18A | 18.10.2018 | DL3SAH 2289 | 38149 | 08136 | मोटर साइकिल |
| 52. | मालवीय नगर | 05A | 19.10.2018 | DL4SCE 1448 | 3883 | 74596 | स्कूटी |
| 53. | मालवीय नगर | 63A | 07.04.2019 | DL 5 SAE8565 | 21031 | 09357 | मोटर साइकिल |
| 54. | मालवीय नगर | 77A | 19.03.2020 | DL6SAB 0580 | 30036 | 30112 | मोटर साइकिल |
| 55. | मालवीय नगर | 22A | 18.03.2020 | DL3SBV 4495 | 88805 | 00975 | मोटर साइकिल |
| 56. | मालवीय नगर | 14 A | 26.03.2020 | DL3SCE 1298 | 38149 | 08136 | मोटर साइकिल |
| 57. | मालवीय नगर | 05 A | 10.11.2020 | HR 12 F 9958 | 11619 | 116859 | मोटर साइकिल |
| 58. | मालवीय नगर | 81A | 14.12.2020 | DL3SDW5532 | 414973 | 414973 | मोटर साइकिल |
| 59. | मालवीय नगर | 84A | 22.12.2020 | DL3SAZ6925 | 13708 | 52821 | मोटर साइकिल |
| 60. | मालवीय नगर | 89A | 09.01.2021 | DL9ST 1765 | 41459 | 16254 | मोटर साइकिल |
| 61. | मालवीय नगर | 77A | 23.03.2021 | DL9SBA 7162 | 27946 | 37482 | स्कूटी |
| 62. | मालवीय नगर | 79A | 04.06.2021 | JK10A 9906 | 6213S | 95323 | मोटर साइकिल |
| 63. | मालवीय नगर | 105A | 08.06.2021 | DL3SCD 2950 | 406213 | 95323 | स्कूटी |
| 64. | मालवीय नगर | 123A | 24.11.2021 | GJ10BF 4842 | 19692 | 87942 | मोटर साइकिल |
| 65. | मालवीय नगर | 64A | 14.01.2022 | HR26Y 5388 | 56018 | 57157 | मोटर साइकिल |
| 66. | मालवीय नगर | 136A | 18.01.2022 | DL3SDV0135 | 10124 | 09750 | मोटर साइकिल |
| 67. | मालवीय नगर | 107A | 17.04.2022 | DL9SS3816 | 770321 | 91596 | मोटर साइकिल |
| 68. | मालवीय नगर | 101A | 26.09.2022 | DL3SBG 8801 | 32587 | 27880 | मोटर साइकिल |
| 69. | मालवीय नगर | 90A | 18.10.2022 | DL3SBD 1553 | 20554 | 81735 | मोटर साइकिल |
| 70. | मालवीय नगर | 148A | 13.12.2022 | DL3SDO4274 | 21827 | 38164 | स्कूटी |
| 71. | मालवीय नगर | 125A | 11.04.2023 | DL3SCQ4516 | 24078 | 28933 | स्कूटी |
| 72. | कोटला मुबारकपुर | 57A | 04.08.2020 | DL 7SAS 5034 | 36823 | 58292 | मोटर साइकिल |
| 73. | कोटला मुबारकपुर | 51A | 29.12.2022 | DL 9CV 0680 | 96056 | 75924 | स्विफ्ट कार |
| 74. | कोटला मुबारकपुर | 77A | 22.04.2024 | JH 10 M 9395 | 09587 | 72030 | मोटर साइकिल |
| 75. | कोटला मुबारकपुर | 54A | 27.07.2024 | DL 10HW 6278 | 13782 | 10561 | मोटर साइकिल |
| 76. | कोटला मुबारकपुर | 73A | 16.09.2024 | UP 13V 0524 | 24365 | 11032 | मोटर साइकिल |
| 77. | कोटला मुबारकपुर | 12A | 08.01.2025 | DL 3SDY 3151 | 56790 | 36790 | मोटर साइकिल |
| 78. | कोटला मुबारकपुर | 10A | 13.01.2025 | DL 3SCB 2517 | 3561 | 13485 | मोटर साइकिल |
| 79. | कोटला मुबारकपुर | 94A | 14.03.2025 | DL 3SCV 2843 | 53878 | 20336 | मोटर साइकिल |
| 80. | कोटला मुबारकपुर | 13A | 29.04.2025 | DL 3SDC 6714 | 49956 | 49896 | मोटर साइकिल |
| 81. | कोटला मुबारकपुर | 79A | 29.04.2025 | DL 5SCE 9318 | 13836 | 14486 | स्कूटी |
| 82. | चित्तरंजन पार्क | 72A | 12.11.2024 | DL3SC F2681 | 12157 | 07890 | मोटर साइकिल |
| 83. | चित्तरंजन पार्क | 72A | 15.10.2024 | DL3SDQ 9254 | 26621 | 08326 | स्कूटी |
| 84. | चित्तरंजन पार्क | 54A | 05.10.2024 | DL3SBN 4047 | 11907 | 07590 | मोटर साइकिल |
| 85. | चित्तरंजन पार्क | 59A | 22.09.2024 | DL3SEL 6691 | 3511588 | 35557 | स्कूटी |
| 86. | चित्तरंजन पार्क | 91A | 06.09.2024 | HR51CK 2583 | 09035 | 09579 | मोटर साइकिल |
| 87. | चित्तरंजन पार्क | 48A | 01.09.2020 | HR26DL 4730 | 30013 | 04384 | कार |
| 88. | लोधी कॉलोनी | 65A | 13.08.2024 | DLSSEE 5115 | 41704 | 09266 | मोटर साइकिल |
| 89. | लोधी कॉलोनी | 02A | 19.08.2024 | UP15BN 3214 | 40026 | 25615 | मोटर साइकिल |
| 90. | लोधी कॉलोनी | 12A | 29.09.2024 | DL12SQ 1828 | 03129 | 03457 | मोटर साइकिल |
| 91. | लोधी कॉलोनी | 5A | 27.02.2025 | HR98H 7333 | 04335 | 04321 | मोटर साइकिल |
| 92. | हौज़ खास | 59A | 30.01.2025 | DL7SBZ 5032 | 00377 | 00490 | मोटर साइकिल |
| 93. | हौज़ खास | 82A | 26.02.2025 | DL5SBS 8776 | 66017 | 05839 | स्कूटी |
| 94. | हौज़ खास | 18A | 01.03.2025 | DL5SBF 5403 | 16261 | 15069 | मोटर साइकिल |
| 95. | हौज़ खास | 141A | 13.03.2025 | DL3SFJ 8099 | 87048 | 09753 | मोटर साइकिल |
| 96. | हौज़ खास | 4A | 22.03.2025 | DL3SEK 3030 | 38032 | 37910 | स्कूटी |
| 97. | हौज़ खास | 105A | 29.03.2025 | UP22L 7277 | 90473 | 99182 | मोटर साइकिल |
| 98. | हौज़ खास | 7A | 31.03.2025 | DL3SFJ 3427 | 04975 | 30185 | स्कूटी |
| 99. | हौज़ खास | 90A | 02.04.2025 | RJ14JA 3260 | 48582 | 27123 | मोटर साइकिल |
| 100. | हौज़ खास | 26A | 03.04.2025 | DL1S 9600 | - | - | मोटर साइकिल |
| 101. | हौज़ खास | 142A | 17.04.2025 | DL4SDH 8259 | - | - | मोटर साइकिल |

**हस्ता./-**
**अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस-I**
**दक्षिण जिला, दिल्ली**

DP/9778/SD/2025


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयाशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगल जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में अभी तक नालों की सफाई पूरी नहीं, सीएम ने तैयारियों को लेकर किया मंथन

## पिछली सरकारों ने ध्यान दिया होता तो न होते ये हालातः सीएम रेखा गुप्ता

**लक्ष्य निर्धारित**

- सरकार ने 15 जून तक नालों की सफाई पूरा करने का लक्ष्य रखा
- नालों की सफाई की जानकारी रोज अपडेट करने का आदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** रेखा सरकार ने मानसून की तैयारी को लेकर एक बैठक की, जहां रूपरेखा तय करने के लिए मंथन किया गया। पूर्व के अनुभव के आधार पर देखें तो दिल्ली में मानसून के दौरान जलभराव रोकने की चुनौती हैं। जलभराव के नए-नए हॉट स्पाट बन गए हैं। मानसून का वक्त नजदीक आता जा रहा है, लेकिन अभी तक बरसाती नालों की सफाई पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में संबंधित एजेंसियों पर का तनाव और दबाव बढ़ रहा है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार मानसून के दौरान सभी विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयारी कर रही है।

**पिछली सरकारों ने ध्यान दिया होता तो न होते ये हालातः सीएम**

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने अगर इस ओर ध्यान दिया होता तो आज ये हालत नहीं होती. दो साल पहले दिल्ली में बाढ़ आई लेकिन सरकार की नाकामी के चलते बैराज के गेट तक नहीं खुले। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में काम कर रही है, नालों से गाद निकालने का काम चल रहा है, बैराज के गेट खोले जा सकेंगे। उन्होंने कहा बेहतर तैयारी और बेहतर काम चल रहा है, बारिश के दौरान जलभराव न हो, इसके लिए एक्स्ट्रा स्टाफ और पंप लगाए गए हैं।

**सरकार ने 15 जून तक नालों की सफाई पूरा करने का लक्ष्य रखा**

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण (आईएंडएफसी) के पास 77 बड़े नालों की सफाई की जिम्मेदारी है। विभाग का दावा है कि 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। विभाग ने यमुना के जलस्तर की निगरानी की तैयारी भी पूरी कर ली है। नियंत्रण कक्ष से 77 बड़े नालों और यमुना नदी के जलस्तर की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। 15 जून से पुलिस, एसडीएम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी यहीं से समन्वय स्थापित करेंगे, जिससे कि कोई चूक न हो।

**नालों की सफाई की जानकारी रोज अपडेट करने का आदेश**

सरकार ने नाले की सफाई की जानकारी प्रतिदिन नियंत्रण कक्ष में अपडेट करने का निर्देश दिया। कहा, रियल टाइम मॉनीटरिंग प्लेटफार्म और अलर्ट सिस्टम को सक्रिय कर दिया गया है, जिससे कि वर्षा के दौरान किसी भी स्थिति से त्वरित और प्रभावी तरीके से निपटा जा सके।

# 2000 करोड़ के क्लासरूम घोटाले में एसीबी ने सिसोदिया फिर भेजा नोटिस

**कसेगा शिकंजा**

- बीते नौ जून को एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुए थे सिसोदिया
- छह जून को पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से की गई थी पूछताछ



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दो हजार करोड़ से अधिक के क्लासरूम घोटाला मामले में पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार में उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री रहे मनीष सिसोदिया से अब 20 जून को पूछताछ होगी। एसीबी ने उन्हें जांच में शामिल होने के लिए दूसरी बार नोटिस भेजा है। पहले उन्हें बीते नौ जून को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा गया था, लेकिन वे जांच में शामिल नहीं हो पाए थे। उन्होंने ईमेल के जरिये एसीबी को सूचित किया कि एक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम की वजह से वह पेश नहीं हो पाए। इसके बाद उनकी उपलब्धता के बारे में जानने के बाद एसीबी ने उन्हें दूसरी बार 20 जून के लिए नोटिस भेजा है।


**छह जून को पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से की गई थी पूछताछः** छह जून को पूछताछ में पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे सत्येंद्र जैन ने क्लासरूम बनाने के बारे में कई फैसले शिक्षा विभाग के होने और कैबिनेट का निर्णय बताया था।
लेकिन इस बारे में उन्होंने एसीबी के समक्ष कोई साक्ष्य नहीं पेश कर पाए थे।

### पांच लाख रुपये का क्लासरूम 25 लाख में बनवाया

अधिकतर ठेके आप से जुड़े ठेकेदारों को दिए गए थे। 2019 में एसीबी को सरकारी स्कूलों में 2,892 करोड़ रुपये की लागत से 12,748 कक्षाओं के निर्माण में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। दिए गए टेंडर के अनुसार, एक क्लास रूम के निर्माण की एकमुश्त लागत लगभग 24.86 लाख रुपये बताया गया, जबकि दिल्ली में ऐसे कमरे आमतौर पर लगभग पांच लाख रुपये में बनाए जा सकते हैं। इसमें अर्ध-स्थायी निर्माण किया गया, जिनकी जीवन अवधि 30 वर्ष है, लेकिन लागत आरसीसी के स्थायी निर्माण के बराबर थी, जो आमतौर पर 75 वर्षों तक चलते हैं।

**34 ठेकेदारों को क्लासरूम बनाने का काम दिया गया था:** लागत अधिक होने के बावजूद एक भी काम निर्धारित समयावधि में पूरा नहीं हुआ। पूरा निर्माण कार्य 34 ठेकेदारों को दिया गया, जिनमें अधिकांश आप से जुड़े हैं। इसके लिए सलाहकार और आर्किटेक्ट भी उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नियुक्त किए गए और उनके माध्यम से लागत में वृद्धि की गई।

# कालकाजी के पास भूमिहीन कैंप में अवैध झुग्गियों को ध्वस्त करना शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बुधवार को कालकाजी के पास भूमिहीन कैंप इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध झुग्गियों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। डीडीए ने यह कार्रवाई दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद शुरू की है। आम आदमी पार्टी की नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिश ने डीडीए की कार्रवाई का विरोध किया। इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आतिशी ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तीन दिन पहले कहा था, दिल्ली में एक भी झुग्गी को छुआ तक नहीं जाएगा लेकिन भूमिहीन कैंप पर सुबह 5 बजे से बुलडोजर चल रहा है। हजारों गरीब लोग सड़क पर आ गए हैं। भाजपा दिल्ली से पूर्वांचलियों को भगाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को 100 दिन से ज्यादा हो गए हैं लेकिन उसका हर एक कदम और फैसला गरीब विरोधी रहा है। बिजली के दाम बढ़ा दिए गए हैं।

# ड्रग्स तस्करी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की नारकोटिक्स स्क्वाड ने ड्रग्स तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 165 गांजे के पाउच (कुल वजन लगभग 850 ग्राम) बरामद किए हैं। यह कार्रवाई जहांगीरपुरी इलाके में की गई, जहां आरोपित लंबे समय से गांजे की तस्करी में लिप्त था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जहांगीरपुरी निवासी शेख साहिल (25) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि वह पिछले छह महीनों से गांजे की तस्करी कर रहा था। पूछताछ में आरोपित बताया कि यह अपराध आसानी से पैसे कमाने की लालच में करना शुरू किया था। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशा तस्करों पर लगाम कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एच-ब्लॉक, जहांगीरपुरी क्षेत्र में एक तस्कर की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने 10 जून को छापा मार कार्रवाई की और मौके से आरोपित शेख साहिल को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 165 गांजे के पाउच बरामद किए गए, जिनका कुल वजन लगभग 850 ग्राम पाया गया।

# मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दरियागंज में जल एटीएम का उद्घाटन किया

**निःशुल्क**

- यह सुविधा प्रतिदिन सैकड़ों छात्राओं एवं स्थानीय निवासियों को नि:शुल्क, स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लोक निर्माण एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को दरियागंज स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में निःशुल्क शुद्ध जल सेवाह्व का उद्घाटन किया। यह सुविधा प्रतिदिन सैकड़ों छात्राओं एवं स्थानीय निवासियों को निःशुल्क, स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएगी। यह कदम हीट एक्शन प्लान 2025 के तहत उठाया गया है। इस अवसर पर प्रवेश साहिब सिंह ने घोषणा की कि सरकार का लक्ष्य अगले वर्ष तक स्कूलों और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर लगभग 1000 जल एटीएम लगाने का है, जिससे प्रतिदिन 8 से 10 लाख लोगों को लाभ पहुंचेगा।
प्रवेश साहिब सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल पानी की सुविधा नहीं, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवा को सम्मान देने की पहल है। यह योजना गर्मी से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ आम जनता, विशेषकर दिहाड़ी मजदूरों, विद्यार्थियों और राहगीरों के लिए स्वच्छ जल की सुलभता सुनिश्चित करती है। इन जल एटीएम में उन्नत जल शुद्धिकरण प्रणाली, तापमान नियंत्रण सुविधा एवं उच्च गर्मी के मौसम में अधिक उपयोग की क्षमता होती है। ये इकाइयां ऊर्जा-कुशल होती हैं और इनका रखरखाव भी बेहद सरल है। इससे पहले कश्मीरी गेट आईएसबीटी, शालीमार बाग के स्कूलों, दिल्ली सचिवालय जैसे प्रमुख स्थानों पर जल एटीएम लगाए जा चुके हैं।
कार्यक्रम के समापन पर प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्लीवासियों के कल्याण हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि दिल्ली में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे, विशेषकर गर्मी के इस कठोर मौसम में। हमारी सरकार एक जल-सुरक्षित और गर्मी-प्रतिरोधी राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गोविंदपुरी थाने में तैनात एएसआई रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी ह्यजीरो टॉलरेंसह्व नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गोविंदपुरी थाने में तैनात सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) सुशील शर्मा को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उनके साथ ही एक निजी व्यक्ति (चाय वाले) को भी पकड़ा है, जो उनके लिए रिश्वत की राशि ले रहा था। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता परिवार के साथ गोविंदपुरी इलाके में रहता है और दैनिक मजदूरी करता है। पीड़ित ने विजिलेंस यूनिट को दी गई शिकायत में बताया कि एक पारिवारिक झगड़े और मारपीट के मामले में उसके परिवार के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इस केस की जांच एएसआई सुशील शर्मा कर रहे थे। शिकायत के अनुसार, आरोपित एएसआई ने केस से नाम हटाने के बदले 10 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने पहले ही पांच हजार रुपये दे दिए थे और अब बचे हुए पांच हजार देने का दबाव डाला जा रहा था। इस पर परेशान होकर शिकायतकर्ता ने दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट से संपर्क किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसीपी की देखरेख में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इधर एएसआई सुशील ने शिकायतकर्ता को बताया कि शेष पांच हजार रुपये वह एक चायवाले को पुलिस स्टेशन के बाहर दे दे। विजिलेंस टीम की सतर्क निगरानी में जैसे ही चायवाले ने रिश्वत की रकम ली और उसे पुलिस स्टेशन के अंदर एएसआई सुशील शर्मा को सौंपा, टीम ने तुरंत दोनों को धर दबोचा।

# मकोका के तहत वांछित अपराधी प्रदीप उर्फ सोनू गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने संगठित अपराध पर लगाम कसने की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने मकोका के तहत वांछित एवं घोषित अपराधी प्रदीप उर्फ सोनू को मध्य प्रदेश के मुरैना जिले से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी करीब एक महीने की निगरानी व गुप्त सूचनाओं के आधार पर की गई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे संगठित अपराधियों की सूची तैयार कर उनके ठिकानों की तलाश शुरू की थी।

इसी क्रम में 9 जून को एएसआई अजय को मध्य प्रदेश के पिना घाट पुल के पास प्रदीप उर्फ सोनू की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना को पुख्ता कर टीम गठित कर आरोपित को दबोचा गया।

**सफलता**

- पुलिस लंबे समय से फरार चल रहे संगठित अपराधियों की सूची तैयार कर उनके ठिकानों की तलाश शुरू की थी

जांच में पता चला है कि आरोपित अपने साथियों मोहन उर्फ मोनू और संजय उर्फ सोनू के साथ मिलकर एक आपराधिक सिंडिकेट खड़ा कर रखा था, जो इलाके में दबदबा कायम रखने के लिए हिंसा और डर का सहारा लेते थे।

# मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक शक्ति बनाः खंडेलवाल



**समावेशी**

- सांसद ने आर्थिक सुधारों, व्यापारियों के सशक्तिकरण और समावेशी विकास का स्वर्णिम युग बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत एक वैश्विक आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है। यह बात उन्होंने बुधवार को मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर नई दिल्ली के बिशंभर दास मार्ग स्थित यमुना अपार्टमेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने इस अवधि को आर्थिक सुधारों, व्यापारियों के सशक्तिकरण और समावेशी विकास का स्वर्णिम युगह्व बताया। इस प्रेस वार्ता में केशव पुरम के भाजपा जिलाध्यक्ष अजय खटाना एवं चांदनी चौक के भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग के साथ-साथ भाजपा विधायक अशोक गोयल (मॉडल टाउन), पूनम शर्मा (वजीरपुर), तिलक राम गुप्ता (त्रिनगर) और राजकुमार भाटिया (आदर्श नगर) भी उपस्थित रहे।
प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि जीएसटी, इंसोल्वेंसी कोड, डिजिटल इंडिया और राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन जैसे ऐतिहासिक सुधारों ने अभूतपूर्व पारदर्शिता और व्यापार में सुगमता प्रदान की है। पहली बार देश के आर्थिक एजेंडे के केंद्र में व्यापारी और छोटे व्यवसाय आए हैं।
खंडेलवाल ने बताया कि भारत ने वर्ल्ड बैंक की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में 2014 में 142वें स्थान से 2024 में 63वें स्थान तक पहुंच कर 79 पायदानों की ऐतिहासिक छलांग लगाई, जो देश में स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स और सरकारी प्रक्रियाओं के सरलीकरण का प्रमाण है। यूपीआई के माध्यम से प्रतिमाह 14 अरब से अधिक लेन-देन हो रहे हैं, जिससे खुदरा भुगतान प्रणाली में क्रांति आई है और छोटे से छोटे दुकानदार भी डिजिटल हो सके हैं।
आज भारत विश्व का सबसे बड़ा रियल टाइम पेमेंट्स बाजार बन चुका है। 43 करोड़ से अधिक मुद्रा लोन स्वीकृत किए गए, जिनकी कुल राशि 25.75 लाख करोड़ रुपये है, जिससे जमीनी स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है। स्टार्टअप इंडिया के अंतर्गत 1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हुए हैं, जिससे भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है।

# दो नशा तस्कर गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 323.25 ग्राम स्मैक, एक स्विफ्ट डिजायर कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि 9 जून की शाम करीब 5:00 बजे टीम को पुख्ता सूचना मिली कि एक ड्रग तस्कर अथर अपने साथी के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से अस्पताल के पास डिलीवरी देने के लिए आने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए अथर और बाबू खान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अथर के पास से 296.59 ग्राम स्मैक और बाबू खान की कुर्ते की जेब से 26.66 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# बेल दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले अहलमद ने वापस ली

**नई दिल्ली।** जमानत दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने व प्राप्त करने के मामले में आरोपित अहलमद मुकेश कुमार ने बुधवार को अपनी जमानत याचिका दिल्ली हाई कोर्ट से वापस ले ली। साथ ही भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने के लिए दायर एक अन्य याचिका भी वापस ले ली। न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने मुकेश कुमार को याचिका वापस लेने की अनुमति दी और जरूरत पड़ने पर नई याचिका दायर करने की छूट दी। सुनवाई के दौरान मुकेश कुमार की तरफ

# शौक पूरे करने को चोरी करते थे ये खास सामान; अब खुला राज

**काबू**

- सदर बाजार में तीन वाहन चोर गिरफ्तार
- चोरों के कब्जे से चोरी का ई-रिक्शा बरामद
- महंगे शौक के लिए करते थे चोरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सदर बाजार थाना पुलिस की टीम ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी का एक ई-रिक्शा बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान ब्रह्मपुरी के अरमान, गौतम विहार के फिरोज और सीलमपुर के मोहम्मद फैजान के रूप में हुई है। उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, दो जून को पहाड़गंज के चंद्रभान पांडे ने ई-रिक्शा चोरी होने की शिकायत सदर बाजार थाने में दर्ज कराई थी।

**अनपढ़-मजदूर हैं आरोपीः** टीम ने उनके घरों पर छापेमारी की लेकिन वे फरार थे। इसके बाद अरमान और फिरोज को नौ जून को और तीसरे आरोपित फैजान को दस जून को आसपास के इलाकों से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि वे अनपढ़ हैं और मजदूरी करते हैं। उन्हें महंगे मोबाइल फोन, जूते आदि रखने का शौक है। इसलिए, वे अपराध करने में शामिल हो गए। उन्होंने ई-रिक्शा को डीडीए पार्क इंजीनियरिंग कॉलेज के पास, शास्त्री पार्क में रखा था।

### झपटमार नाबालिग व रिसीवर को पकड़ा

**वाहन** चोरी और झपटमारी की वारदातों में शामिल एक नाबालिग और झपटे हुए मोबाइल फोन के रिसवीर दूसरे नाबालिग को कश्मीरी गेट पुलिस ने पकड़ा है। उनके कब्जे से एक चोरी की स्कूटी और झपटा हुआ मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस ने इनको पकड़ने के बाद दयालपुर और कश्मीरी गेट थाने में दर्ज वाहन चोरी और झपटमारी के दो मामले सुलझाने का दावा किया है। उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, आठ जून की शाम एसआइ अजय कुमार और सिपाही अंकुर को गश्त के दौरान हैमिल्टन रोड की तरफ से बिना पंजीकरण नंबर प्लेट वाली स्कूटी पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति को आते देखा।

# संत कबीर जयंती पर सीएम ने दी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ (रणबीर खटक):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती के अवसर पर सफाई कर्मियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके मासिक वेतन में 2100 रुपये की वृद्धि की घोषणा की। इसके अलावा, सिरसा में बन रहे संत सरसाई नाथ मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। साथ ही, डबवाली में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में 10 बेड की संख्या को बढ़ाकर 30 बेड करने और ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल के पास 30 बेड का नया नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री आज संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के तहत जिला सिरसा में आयोजित संत शिरोमणि कबीर दास जयंती राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर





पर मुख्यमंत्री ने 31 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में सफाई कर्मियों के वेतन को चरणबद्ध तरीके से 5 सालों में 26 हजार तक बढ़ाने का संकल्प लिया है, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। संकल्प पत्र में जो हमने कहा है उसे हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर भारतीय संस्कृति की 'सर्वधर्म समभाव' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' परम्परा के संवाहक और इतिहास के अनमोल रत्न थे। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब हमारा समाज अंधविश्वास, जात-पात और रूढ़िवादी परम्पराओं में जकड़ा हुआ था। संत कबीर ने अपने कर्म से वंदनीय स्थान प्राप्त किया। वे अपने समय के सबसे साहसी समाज-सुधारक थे। उन्होंने सभी धर्मों की कुरीतियों और रूढ़ियों पर कड़ी चोट की। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास जी जैसे संत-महात्माओं, ऋषि-मुनियों, पीर-पैगम्बरों और गुरुओं ने भूली-भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया है। ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की धरोहर हैं। उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक भारत के निर्माण में निभाई बड़ी भूमिका:** नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा संत कबीर जी के विचारों को आधुनिक भारत की नींव बताया है। संत कबीर जी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई है। पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों को सशक्त व मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने भी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर चलते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां लागू की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का मूल दर्शन 'अंत्योदय' है।

### संत कबीर की राह पर चल रही है सरकार - मोहन लाल

**भाजपा** प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन केवल महापुरुष की जयंती का नहीं है, बल्कि एक ऐसे युगपुरुष की स्मृति का दिन है, जिन्होंने समाज को जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठाकर समरसता का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार आज भी प्रेरणा देते हैं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उन्हीं के सिद्धांतों के अनुरूप समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने न केवल ओबीसी समाज को सशक्त किया है, बल्कि गरीबों, पिछड़ों और वंचितों की आवाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जब हरियाणा सरकार तीसरी बार बनी, तो कैबिनेट का पहला निर्णय डीएससी समाज के अधिकारों के हित में लिया गया।

## राज्यपाल दत्तात्रेय ने संत कबीर जयंती की दी शुभकामनाएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने संत कबीर जी की 628वीं जयंती के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन में संत कबीर दास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।
राज्यपाल ने संत कबीर जी के जीवन और उनके आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबीर साहेब न केवल एक महान संत एवं समाज सुधारक थे, बल्कि एक अद्वितीय कवि भी थे, जिन्होंने अपनी सशक्त वाणी और दोहों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य किया। उनके विचार आज भी मानवता को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर जी ने जीवनपर्यंत छूआछूत, नशाखोरी, पाखंड और रूढ़िवादिता जैसी सामाजिक कुरीतियों का डटकर विरोध किया। उनके संदेश समाज को समरसता, भाईचारा और समानता की ओर प्रेरित करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मानसून पूर्व प्रबंधन कार्यों में आई तेजी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने आगामी मानसून से पहले राज्य की तैयारियों को लेकर आज आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। सभी उपायुक्तों के साथ हुई इस बैठक में डॉ. मिश्रा ने बाढ़ से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाने और रणनीतिक दृष्टिकोण पर जोर दिया, गुणवत्तापूर्ण साइट निरीक्षण, समय पर सभी तैयारी करने का निर्देश दिया। डॉ. मिश्रा ने उपायुक्तों को जमीनी स्तर पर मॉक ड्रिल सहित व्यापक आकस्मिक योजना सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी पंपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर का सही इस्तेमाल, बाढ़-ग्रस्त हॉटस्पॉट की पहचान करने और प्रत्येक महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को नामित करने का निर्देश दिया। शहरी जलभराव को रोकने पर विशेष ध्यान देने के साथ पंप ऑपरेटरों और सहायक कर्मचारियों की उपस्थिति और तैनाती पर बारीकी से नजर रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्तों को सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग (पीएचईडी) और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) की देखरेख करने का निर्देश दिया, ताकि उनके अधिकार क्षेत्र के तहत शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में वर्षा के पानी की निकासी आसानी से हो सके। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान बताया गया कि हरियाणा ने 10 जून तक लक्षित 4,097.41 किलोमीटर ड्रेन नेटवर्क में से लगभग 78 प्रतिशत निकासी को प्राप्त करते हुए ड्रेन डिसिल्टिंग गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जो 27 मई को दर्ज किए गए 19.20 प्रतिशत से उल्लेखनीय वृद्धि है। डॉ. मिश्रा ने 100 प्रतिशत ड्रेन क्लीयरेंस हासिल करने के लिए 20 जून, 2025 की एक निश्चित समय सीमा तय की है। समीक्षा में कहा गया है कि विभागीय मशीनरी, मनरेगा कार्यकताओं और ई-टेंडरिंग प्रक्रियाओं के समन्वित प्रयास से वित्त वर्ष 2025 तक 868 में से 672 नालों की सफाई कर दी गई है। भूमि सुधार और विकास निगम (एलआरडीसी) ने 82.51 प्रतिशत काम पूरा होने की सूचना दी है, जबकि भाखड़ा जल सेवा (बीडब्ल्यूएस) ने 76.62 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया, जिसमें 553.22 किलोमीटर एचडीपीई पाइपलाइनों और डीजल, इलेक्ट्रिक और वीटी मोबाइल इकाइयों सहित 2,401 पंपों की मजबूत सूची है, जो तेजी से तैनाती के लिए तैयार हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हमारी बड़ी प्राथमिकता मानसून से संबंधित जोखिमों से समुदायों और कृषि भूमि की सुरक्षा है। सिंचाई आयुक्त और सचिव मोहम्मद शायिन ने बैठक में राज्य की आबादी और कृषि भूमि की सुरक्षा के लिए चल रहे प्रयासों से अवगत कराया। विभाग वर्तमान में 282.95 करोड़ रुपये की लागत वाली 209 अल्पकालिक बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है, जिनमें से अधिकांश को 30 जून, 2025 तक पूरा करने की योजना है।

### भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम सम्मेलन में दिया सम्बोधन

**चंडीगढ़:** 11 जून-- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव आयोग निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव सम्पन्न करवाता है जिसमें राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का भी अहम रोल होता है। भारत के चुनाव प्रबंधन की जानकारी प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव सहायता संस्थान द्वारा स्टॉकहोम में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपना सम्बोधन दिया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बातचीत की। साथ ही वे स्वीडन में रह रहे अप्रवासी भारतीयों से भी रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि सीईसी ने प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारत के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के बीच समावेशी भागीदारी और नागरिक जुड़ाव पर चुनाव आयोग के फोकस को दोहराया। उन्होंने ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रणाली और डाक मतपत्र प्रबंधन प्रणाली (ईटीपीबीएमएस) के इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन जैसी पहलों पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य विदेशों की अधिक भागीदारी को सक्षम बनाना है।ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन में भारत के नेतृत्व को रेखांकित किया। इस सम्मेलन में लगभग 50 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिसका आयोजन स्वीडिश विदेश मंत्रालय, स्वीडिश चुनाव प्राधिकरण और ऑस्ट्रेलियाई चुनाव आयोग के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव सहायता संस्थान (इंटरनेशनल आईडीईए) द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत मुख्य चुनाव आयुक्त ने जिन देशों के मुख्य चुनाव आयुक्तों के साथ बातचीत की है।

## जेजेपी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के 22 पदाधिकारी घोषित किए

**जिम्मेवारी**

**जननायक जनता पार्टी ने संगठन नवनिर्माण के तहत कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन नवनिर्माण के तहत कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 22 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी द्वारा कुमारी फूलवती, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, सुरजीत सैनी सौंढा, बलवान सुहाग, राव सुनील चौधरी और शीला भ्याण को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जेजेपी राष्ट्रीय महासचिव के पद पर पूर्व विधायक राजदीप फौगाट, राजकुमार सैनी, मोहसीन चौधरी, रीटा सिंह और रणबीर दहिया को नियुक्त किया हैं।
इनके अलावा पूर्व विधायक गंगाराम, पूर्व विधायक मखन सिंह रोड़, पूर्व विधायक रामकुमार कटवाल, संजय चौपड़ा, सुरेश काला और ईश्वर उझानिया को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया हैं।

## पीएम के नेतृत्व में भारत विकास के नए शिखर को छू रहा : नागर

**मोदी सरकार का 11 साल का कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल: सुरेंद्र नागर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी एवं सांसद सुरेन्द्र नागर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 11 वर्षों में देश के हर वर्ग के हित में काम करके अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 11 वर्ष का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा, क्योंकि यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल बन गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के नए शिखर को छू रहा है।
भाजपा जिला कार्यालय हिसार में



पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुरेन्द्र नागर ने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जहां तरक्की की वहीं गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है। शासन अब सेवा है, सरकार अब सहभागी है और सुशासन अब संस्कृति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 वर्षों के दौरान केवल अपनी या पार्टी की नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के हितों की बात की है। पहले की सरकारों में जवाबदेही की कोई चर्चा तक नहीं होती थी, वहीं अब प्रधानमंत्री ने मंत्रियों व अधिकारियों की जवाबदेही तय की है।
नागर ने कहा कि पीएम मोदी ने लाल किला से स्वच्छ भारत व घर-घर शौचालय बनाने की बात की तो विपक्ष ने मजाक उड़ाया था। प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प के चलते ये दोनों अभियान सिरे चढ़े हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में हमारे आविष्कारकों व वैज्ञानिकों को देश में उचित प्लेटफार्म नहीं मिलता था और उन्हें बाहर जाना पड़ता था, लेकिन प्रधानमंत्री ने उन्हें उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया, जिसका नतीजा मेक इन इंडिया के रूप में सबके सामने है। सुरेन्द्र नागर ने कहा कि पहले कोई गरीब आदमी यदि खुद का या किसी परिजन का इलाज करवाता था।

## उपमंडल सचिवालय सहित बादली हल्के को मिलेंगी कई सौगात: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** बादली उपमंडल को जल्द ही लघु सचिवालय के नए भवन सहित कई अन्य सौगात मिलने जा रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने को चंडीगढ़ स्थित राज्य सचिवालय में परिवहन मंत्री अनिल विज, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, राजस्व मंत्री विपुल गोयल और लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगावा से उनके कार्यालयों में मुलाकात करने उपरांत यह बात कही। धनखड़ ने मंत्रीगण से मुलाकात



के दौरान बादली हल्के में चल रहे विकास कार्यों को पूरा कर जन सेवा में समर्पित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बादली में उपमंडल लघु सचिवालय, कुलाना में महिला कॉलेज,मुनीमपुर बीज एवं फूल उत्कृष्टता केंद्र, रईया में बागवानी उत्कृष्टता रीजनल सेंटर, कई स्कूलों के नए भवन सहित कई प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। इन सभी प्रोजेक्ट को पूरा कर जन सेवा को समर्पित होने से बादली हल्के की जनता को लाभ मिलेगा।
धनखड़ ने कहा कि बादली हल्का देश की राजधानी से सटा हुआ है, इसलिए इस क्षेत्र का विकास स्वाभाविक रूप से तीव्र गति से होगा, इसकी अपार संभावनाएं हैं।

## आम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रही है बीजेपी सरकार- हुड्डा

**चंडीगढ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी ने प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र का पूरी तरह बंटाधार कर दिया है। 11 साल में बीजेपी ने एक भी मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं किया। और ना ही कोई बड़ा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, संस्थान या अस्पताल इस सरकार द्वारा बनाया गया। यहां तक कि यह सरकार खुद की आयुष्मान योजना को भी ढंग से नहीं चला पा रही। अक्सर प्राइवेट अस्पतालों का सैकड़ों करोड़ रूपया सरकार की ओर बकाया रहता है। इसके चलते प्राइवेट अस्पताल मरीजों का इलाज करने से इनकार कर देते हैं और मरीजों की जान से खिलवाड़ होता है।

## ठेकेदार को सीवर लाइन उखाड़कर दोबारा डालने के निर्देश दिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** खन्ना कॉलोनी में डाली जा रही सीवर लाइन में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पंहुचे और ठेकेदार को सीवर लाइन उखाड़कर दोबारा डालने के निर्देश दिए। मेयर ने मौके पर पंहुचे निगम के अधिकारियों को भी डांट मारते हुए कहा कि इससे तो सीवर व्यवस्था सुधरने की बजाये और बिगड़ जाएगी । मेयर को कालोनीवासियों ने शिकायत की थी कि ठेकेदार सीवर लाइन डालते समय पाइप के नीचे रोड़ी डालकर बेस नहीं बना रहा, और लाइन का लेवल भी ठीक नहीं है। राजीव जैन ने काम कर रहे मजदूरों से पूछा तो वे इधर उधर की बात करने लगे और कहा कि रोड़ी डाल रखी है, परन्तु जब मेयर ने लाइन उखाड़कर दिखाने को कहा तो उन्होंने स्वीकार किया कि नीचे रोड़ी नहीं डाली गई है। हेम नगर, खन्ना कॉलोनी में सीवरों की खराब हो चुकी लाइन को बदलने के लिए 85 लाख रुपए की लागत से काम शुरू हुआ था। राजीव जैन ने निगम के कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग, म्युनिसिपल इंजीनियर सुरेश लोहान, कनिष्ठ अभियंता परविंद्र कुमार, पार्षद सुरेंद्र मदान को मौके पर बुलाया और निर्माण कार्य में की जा रही गड़बड़ी दिखाई। राजीव जैन ने अधिकारियों के साथ हेम नगर में डाली जा चुकी लाइन की भी जाँच की और पाया कि सीवर के मैन होल भी नहीं बनाये जा रहे बल्कि पुराने मैन होलों के केवल ढक्क्न ही बदले जा रहे हैं या मरम्मत की जा रही है ।
राजीव जैन ने अधिकारियों को सीवर लाइन के कार्य की जाँच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

## अपने हक के प्रति सजग और सतर्क रहना होगा: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सभी को संत शिरोमणि कबीर दास जी की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि गुरूओं, संत-महात्माओं की वाणी को आत्मसात करके ही आगे बढ़ना होगा साथ ही अपने हक के प्रति सजग और सतर्क रहना होगा क्योंकि बाबा साहिब डॉ भीमराव अंबेडकर ने जो आरक्षण दिया था आज कुछ ताकतें उस आरक्षण को एक साजिश के तहत खत्म करना होगा, ऐसे में इस प्रकार की ताकतों से सावधान रहना ही होगा।



वे बुधवार को धानक संत कबीर समाज जागृति मंच द्वारा शिरोमणि संत कबीर साहेब की 628 वीं जयंती के अवसर पर गीता भवन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। प्रधान हसंराज, बलराज सिंह, कुलदीप सिंह, स्वामी जी आदि ने उनका स्वागत किया। कुमारी सैलजा ने सबसे पहले शिरोमणि संत कबीर साहेब के चित्र के समक्ष नमन किया। उन्होंने कहा कि समाज एकजुट रहकर ही अपने हक सुरक्षित रख सकता है, हमें एक दूसरे का सम्मान चाहिए अगर समाज बंटकर रहा तो उसे कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि संत कबीर साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया, समाज को जागृत किया। समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने के लिए संत-महात्मा अवतार लेते है। संत महात्माओं की वाणी से ही समाज में जागरूकता आती है। आज भी हम शिरोमणि संत कबीर साहेब की वाणी को आत्मसात कर आगे बढ़ सकते है।

## सिंचाई विभाग के 70 अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट की सिफारिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सिंचाई विभाग में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन किया है। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने 70 अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट की सिफारिश की है। इन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही बरतने के आरोप हैं। आरोपी अधिकारियों और कर्मचारियों की लिस्ट में जेई, एस डी ओ और एक्स ई एन के भी नाम शामिल हैं। इन अफसरों के खिलाफ रूल-7 के तहत चार्जशीट की गई है।, इनमें 7 से 8 एस ई भी हैं, जिन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। 2 चीफ इंजीनियरों के खिलाफ भी कड़ा एक्शन लिया गया है। हालांकि, इन अधिकारियों के नाम अभी विभाग की ओर से सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। सिंचाई विभाग में इन अफसरों के खिलाफ की गई कार्रवाई के पीछे बड़ा कारण सामने आया है। नोटिस में बताया गया है कि हाल ही में विभाग की ओर से विभिन्न निर्माण स्थलों से कंस्ट्रक्शन सैंपल लिए गए थे, जो जांच में फेल हो गए। गुणवत्ता जांच में पाया गया कि निर्माण कार्यों में अधिकारियों ने लापरवाही बरती है और संभावित रूप से भ्रष्टाचार हुआ है। इसके बाद सरकार की ओर से यह कार्रवाई की गई।
नोटिस में बताया गया है कि सरकार की ओर से सॉलिड कंकरीट के नमूनों के परीक्षण के मामले में दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार करने के लिए एक समिति गठित की गई थी।
समिति ने नमूने एकत्रित किए और उनका परीक्षण किया। इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई। रिपोर्टों और दस्तावेजों की जांच में कमेटी ने पाया कि सॉलिड कंकरीट के नमूने सभी मानकों पर फेल हुए। इससे राज्य सरकार को वित्तीय नुकसान हुआ है।

## कृषि विवि में भाजपाई वीसी की सरेआम गुंडागर्दी व धींगामस्ती: सुरजेवाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में मंगलवार को विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मियों, जो मवाली और गुंडों से भी बुरा व्यवहार कर रहे थे, द्वारा लाठी तंत्र के इस्तेमाल पर सांसद और कांग्रेस महासचिव, रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। सुरजेवाला ने कहा कि नायब सैनी सरकार की शह पर विश्वविद्यालयों के भाजपाई वीसी मेधावी छात्रों के सिर फुड़वा रहे हैं और शरीर तुड़वा रहे हैं। यहां जारी बयान में रणदीप ने सरकार से सवाल किया कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी स्कॉलरशिप बहाली की मांग कर रहे छात्रों पर हमला करने का अधिकार यूनिवर्सिटी के सुरक्षा अधिकारियों को किस कानून के तहत दिया गया? सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पिछलग्गू भाजपाई वीसी और रजिस्ट्रार के आदेशों पर छात्रों पर किया गया लाठीचार्ज एक आपराधिक कृत्य है और इसके लिए यूनिवर्सिटी के वीसी, रजिस्ट्रार तथा सुरक्षा इंचार्ज को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उन्हें पद से बर्खास्त किया जाए। रणदीप ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार ये कह रहे हैं कि भाजपा सरकार लगातार इस देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करके तानाशाही कायम कर



रही है तथा जनता के अधिकारों को खत्म कर रही है। भाजपा की तानाशाही का इससे बड़ा प्रमाण और क्या होगा कि पुलिस के साथ-साथ अब तो यूनिवर्सिटीज के सुरक्षाकर्मी भी जनरल डायर बनकर लाठियां भांज रहे हैं। छात्रों पर हुए हमले में 20 से अधिक छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इतना बड़ा हमला मुख्यमंत्री नायब सैनी की शह के बिना अकेला वीसी नहीं करवा सकता। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बने ग्यारह साल होने वाले हैं। इन ग्यारह सालों में भाजपा के आलीशान दफ्तर तो हर शहर में बन गए हैं लेकिन, इन्होंने हमारे बने-बनाए शिक्षण संस्थान तबाह कर दिए। सुरजेवाला ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मोदी जी अक्सर पूछते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? मोदी जी को बता दें कि कांग्रेस ने 70 साल में ये विश्वस्तरीय संस्थान बनाए थे जिनको आगे बढ़ाना तो दूर की बात भाजपा सरकार इनको ठीक से चला भी नहीं पा रही है। अब तो हालात ये हो गए हैं कि मेधावी छात्रों को सुविधाएं देना तो दूर की बात, वजीफे का अधिकार कायम रखने की मांग पर भी उन्हें लाठियों से पीटा जा रहा है। सुरजेवाला ने कहा कि पिछले साढ़े दस साल में भाजपा ने सैंकड़ों स्कूल बंद कर दिए। कॉलेजों में ना स्टाफ पूरा है और ना ही बच्चे हैं। यूनिवर्सिटीज में पिछले 10 साल में एक भी कोर्स सरकारी खर्च पर शुरू नहीं किया गया है। सब कुछ सेल्फ फाइनेंसिंग स्कीम के अंतर्गत चलाया जा रहा है। यूनिवर्सिटीज में रिसर्च की सुविधाएं सिकुड़ रही हैं और पीएचडी की फीस लाखों में पहुंच गई है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार को तत्कालीन कांग्रेस सरकारों ने हजारों करोड़ का निवेश करके इसे एशिया का सबसे बड़ा कृषि विश्वविद्यालय बनाया था।

# देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का काम किया जाएगा : जगमोहन आनंद

**पत्रकार वार्ता**

**केंद्र सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक के उपलक्ष में होने वाले कार्यक्रमों की दी जानकारी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक के उपलक्ष में होने वाले आगामी कार्यक्रमों को लेकर स्थानीय कर्ण कमल कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया तथा कार्यकताओं की बैठक ली।
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं और सेवाओं में $825 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात दर्ज किया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत 2014 से अब तक 3.96 लाख किलोमीटर ग्रामीण सडकें बनाई गई हैं।
भारत में संचालित हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से बढकर 2025 में 160 हुई हैं। इसी तरह उड़ान योजना के अंतर्गत 86 नए हवाई अड्डे बनाए गए और 88 गंतव्यों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि देश में 136 विश्वस्तरीय वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल, चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेल ब्रिज, पहाड़ों में सबसे लंबा रेल टनल, पंबन ब्रिज जैसी परियोजनाओं से देश को नई गति मिली है।
विधायक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पहली बार महिलाओं को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश का रास्ता बनाया है। इसके साथ ही मातृत्व अवकाश 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यम वर्ग का जीवन आसान करने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए। इनमें प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से 300 यूनिट मुफ्त बिजली, सौभाग्य योजना से 100 प्रतिशत घरों में बिजली कनेक्शन लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के द्वारा भारत की शिक्षा प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाया गया। एनईपी योजना को देश में सबसे पहले हरियाणा राज्य ने लागू किया है।
जगमोहन आनंद ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 55 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष 5 लाख तक का निशुल्क इलाज किया गया और 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ मकान बनाए गए। हर घर जल योजना के अंतर्गत 15 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल मिला है।
उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत एलओसी पार 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर सैन्य आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन किया तथा अनुच्छेद 370 और 35-ए हटने के बाद जम्मू-कश्मीर पूरी तरह भारत के संवैधानिक और राष्ट्रीय ढांचे में एकीकृत बना है।

## फुटपाथ पर मिला बुजुर्ग का शव, आंखें निकली बाहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर में अटल पार्क के नजदीक सर्विस रोड पर एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव संदिग्ध हालातों में पड़ा मिला। शव की हालत देखकर आशंका जताई जा रही है कि यह एक या दो दिन पुराना हो सकता है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। शव के चेहरे पर चोट के निशान हैं और आंखें बाहर आई हुई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मॉच्युरी हाउस में रखवा दिया। यदि 72 घंटे में पहचान नहीं हो पाई तो शव का अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।बुधवार दोपहर को एक व्यक्ति साइकिल से अटल पार्क के पास से गुजर रहा था। जब वह सर्विस रोड पर पहुंचा तो उसकी नजर फुटपाथ पर पड़े एक बुजुर्ग पर पड़ी। पहले उसे लगा कि शायद कोई नशे की हालत में सोया हुआ है, लेकिन जब उसने पास जाकर देखा और आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। शक होने पर उसने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

# जागरूकता शिविर एवं योगा सेशन का हुआ आयोजन : इरम हसन




**योगा सैशन**

**प्लेस आफ सेफ्टी करनाल में जागरूकता शिविर एवं योगा सैशन का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करनाल द्वारा कैम्पेन जस्टिस विदइन वालस के अंतर्गत प्लेस आफ सेफ्टी करनाल में तीन दिवसीय जागरूकता शिविर एवं योगा सेशन का आयोजन किया गया।सीजेएम डा.इरम हसन ने बताया कि कैम्पेन जस्टिस विदइन वालस के अंतर्गत जिला कारागार में भी बंदियों के अधिकारों से अवगत करवाने हेतु डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसल महिन्द्र कुमार व पैरा लिगल वालंटियर के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन करेंगे। इसके अलावा डॉक्टरों की टीम द्वारा जिला कारागार में हैल्थ चैकअप कैप व आधार कार्ड और पेंशन हेतु संबंधित विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा।
इस अवसर पर पैरा लिगल वालंटियर डा. नीना द्वारा प्लेस आफ सेफ्टी करनाल में तीन दिवसीय जागरूकता शिविर एवं योगा सैशन का आयोजन किया गया तथा उपस्थित ज्यूविनायलों को उनके व बंदियों के अधिकारों बारे जागरूक किया और उनके लिए योगा सेशन आयोजित कर अच्छे स्वास्थ्य हेतु योगा के महत्व बारे भी जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का गोबिंद कांडा ने किया स्वागत

**वायु सेना केंद्र में पहुंचे सीएम का पुष्पगुच्छ भेंट कर गोबिंद कांडा ने किया अभिनंदन**
**राज्य स्तरीय कबीर जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री**
**गोबिंद कांडा से मुख्यमंत्री ने की सिरसा को लेकर चर्चा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा/(रणबीर खटक):** संत शिरोमणि कबीर साहिब की जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में शामिल होने के लिए आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वायु मार्ग से सिरसा पहुंचे। सिरसा वायु सेना केंद्र पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा का अभिवादन स्वीकार किया और परिवार की कुशलक्षेम पूछी। सीएम ने गोबिंद कांडा से सिरसा में चल रही परियोजनाओं को लेकर भी चर्चा की। वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संत कबीर साहिब की जयंती के राज्य स्तरीय समारोह के लिए सिरसा पहुंचने पर स्वागत किया और आभार जताया।
गोबिंद कांडा ने कहा कि महापुरुषों की जयंती पर इस प्रकार के आयोजन करने की परंपरा भाजपा सरकार ने शुरू की। ऐसे आयोजनों से न केवल महापुरुषों की शिक्षाओं का प्रसार होता है साथ ही सामाजिक भाईचारे की भावना बलवान होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेशभर में चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं की भी सराहना की। उन्होंने सिरसा में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रक्रिया शुरू करने को लेकर भी मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## पीएनबी के रिटायर मैनेजर से 1.60 की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में पंजाब नेशनल बैंक के रिटायर्ड वरिष्ठ प्रबंधक के साथ ऑनलाइन साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। पीड़ित ने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा, जिसमें पीएनबी रिटायर्ड स्टाफ के लिए क्रेडिट कार्ड देने की बात कही गई थी। उन्होंने जैसे ही उसमें अपनी जानकारी भरी, कुछ देर बाद अज्ञात मोबाइल नंबरों से कॉल और मैसेज आने लगे।
कॉल करने वाले खुद को पीएनबी का एजीएम बताकर बात करते रहे और कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर जानकारी मांगते रहे। इसके कुछ देर बाद उनके क्रेडिट कार्ड से कुल 1 लाख 60 हजार 174 रुपए की राशि निकल गई। पीड़ित ने थाने में दी शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ साइबर थाना करनाल में मामला दर्ज किया गया है।

# ससुराल में पिटाई के बाद युवक ने किया सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में ससुराल में पिटाई से परेशान युवक ने सुसाइड कर लिया। वह अपने दोनों बच्चों से मिलने के लिए ससुराल पहुंचा था। वहां ससुराल वालों ने उसे पीटकर भगा दिया। मंगलवार रात घर आकर उसने घर के सामने पेड़ पर फांसी लगा ली।
युवक का आरोप है कि भाई ने लव मैरिज की थी। फिर भी उसकी पत्नी का किसी दूसरे युवक से अफेयर है। वह उसी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। वहीं पत्नी ने पति पर प्रताड ?ा के आरोप लगाए हैं और खुद को पीड़ित बताया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने आरोपी बॉयफ्रेंड और पत्नी पर कार्रवाई की मांग की है।
करनाल के सेक्टर-32 स्थित बीरू कॉलोनी में मंगलवार देर रात उस वक्त हडकंप मच गया, जब एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान 27 वर्षीय संजीत के रूप में हुई, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और पिछले कुछ सालों से करनाल में रहकर दिहाड़ी मजदूरी करता था। संजीत के साथ उसका भाई और उसके पिता भी मजदूरी करते थे।
संजीत ने 2020 में खुशबू नाम की लडकी से लव मैरिज की थी। शादी के शुरूआती कुछ साल तो सामान्य रहे, लेकिन फिर रिश्तों में दरार आनी शुरू हो गई। उनके दो बच्चे भी हैं। एक लडका 4 साल का है और दूसरा 3 साल का है
संजीत के भाई विपिन के बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही संजीत और खुशबू के बीच आए दिन झगड़े होते रहते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों को नजरअंदाज न करें, समय पर जांच है जीवन रक्षक": डॉ. आशीष



**पंचकूला:** वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे के अवसर पर पारस हेल्थ पंचकूला ने लोगों को ब्रेन ट्यूमर के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष पहल की। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर पहचान और उचित इलाज से इस गंभीर बीमारी से जीवन बचाया जा सकता है। वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा, लगातार सिरदर्द, धुंधली दृष्टि या दौरे आना ब्रेन ट्यूमर के संकेत हो सकते हैं। मरीज को ऐसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत जांच करानी चाहिए॥ उन्होंने बताया कि आधुनिक न्यूरो तकनीकों जैसे न्यूरोनेविगेशन और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के जरिए अब इलाज ज्यादा सटीक और सुरक्षित हो गया है। डॉ. अनिल ढींगरा, डायरेक्टर न्यूरोसर्जरी ने बताया कि हाल ही में एक 29 वर्षीय युवक को तेज सिरदर्द और भ्रम की हालत में इमरजेंसी में लाया गया। जांच में दिमाग के फ्रंटल लोब में बड़ा ट्यूमर पाया गया। जटिल सर्जरी 24 घंटे चली और ट्यूमर पूरी तरह निकाल दिया गया। अब मरीज सामान्य जीवन जी रहा है। डॉ. ढींगरा ने कहा, हमारा लक्ष्य न केवल इलाज करना है, बल्कि लोगों को शिक्षित कर ब्रेन से जुड़ी बीमारियों की झिझक को भी दूर करना है। समय पर कदम उठाना जीवन रक्षक हो सकता है॥ पारस हेल्थ पंचकूला ने ब्रेन हेल्थ को प्राथमिकता देने और किसी भी संदिग्ध लक्षण पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेने की अपील की।

### भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ की आम सभा में उमेश सिंह को बड़ी ज़िम्मेदारी

**नई दिल्ली।** गत दिवस रविवार को भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ की आम सभा का आयोजन नई दिल्ली के होटल सोपान हाइट्स, करोल बाग में हुआ। इस अहम बैठक में देशभर से 27 राज्यों, 6 केंद्र शासित प्रदेशों और 5 खेल बोर्डों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान हुए चुनाव में श्री उमेश सिंह को ' चेयरमेन ,मार्केटिंग कमीशन एवं श्री शशिकांत मिश्रा को चेयरमैन, प्रेस एंड पब्लिसिटी कमीशन का कार्य भार संभालना है। डॉ. राकेश मिश्र को महासंघ का नया अध्यक्ष चुना गया।इनका कार्यकाल वर्ष 2025 से 2029 तक रहेगा। चुनाव की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव अधिकारी डॉ. अनुपम गोयल (पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) ने सम्पन्न कराया। चुनाव राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011, भारतीय ओलंपिक संघ और के संविधान के अनुसार हुआ। विभिन्न कमेटियों और आयोगों के लिए चेयरमैन व सदस्य नामित किए। साथ ही, वर्ष 2025-26 के लिए मुक्केबाजी खेल कैलेंडर भी तैयार कर लिया गया है।

### कर्मचारी हित में किए गए कार्यो पर आभार प्रकट करेगी सर्व कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में लागू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के प्रति आभार प्रकट करने के उद्देश्य से सर्व कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक विशेष अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत एसोसिएशन द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में धन्यवाद सम्मेलन का आयोजन प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ांडा की अध्यक्षता में किए जाएंगे। जिसकी शुरूआत 29 मई को रोहतक में धन्यवादी सम्मेलन से होगी।

## विश्वास फाउंडेशन ने 50 टीबी से ग्रस्त मरीजों के लिए डोनेट की प्रोटीनयुक्त पोषक डाइट



**पंचकूला मैनपाल।** सीएमओ मुक्ता कुमार की अध्यक्षता में विश्वास फाउंडेशन द्वारा गुरुदेव श्री विश्वास जी के आशीर्वाद से 50 टीबी से ग्रस्त मरीज के लिए प्रोटीन युक्त पोषण डाइट दी गई। डिटीओ संदीप छाबड़ा द्वारा सभी सदस्यों का आभार जताते हुए टीबी मुक्त अभियान के लिए एक सराहनीय कदम बताया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि यह पोषण डाइट के 10 पैकेट पीएससी ओल्ड पंचकूला, गाँव नाड़ा की डिस्पेंसरी में 3 पैकेट, यूडी 19 में 20 पैकेट, गवर्नमेंट डिस्पेंसरी 12 ए में 7 पैकेट व 10 पोषण किट पॉलीक्लिनिक 26 में मरीजों के लिए दी गई। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से ऋषि मोहित विश्वास, रणधीर सिंह, सतीश गुप्ता व टीबी विभाग से सतीश वत्स मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस पैक्ड किट में मरीजों के लिए 1 किलो सोया दाल, 1 किलो सोया आटा, 500 ग्राम सोयाबीन बड़ी, 500 ग्राम भूना चना, 500 ग्राम गुड़ व 1 डिब्बा प्रोटीन पाउडर होता है। संस्था द्वारा जून 2022 से मरीजों को डाइट देनी शुरू की गई थी और यह प्रक्रिया आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। संस्था ने टीबी के मरीजों को अतिरिक्त पोषण, सोशल, मोरल सपोर्ट व टीबी मुक्त भारत के लिए कम्युनिटी सपोर्ट देने का काम किया है।

# आज फिर आएंगे ऑब्जर्वर बुवन कापड़ी : शमशेर सिंह गोगी

**संगठन**

**पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि हरियाणा में कई वर्षों से कांग्रेस का मजबूत संगठन नहीं था।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हलका असंध में कांग्रेस के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि हरियाणा में कई वर्षों से कांग्रेस का मजबूत संगठन नहीं था। पार्टी में संगठनात्मक खालीपन लंबे समय से महसूस किया जा रहा था, लेकिन अब इस कमी को दूर करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है।
उन्होंने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने अब संगठन को दोबारा सक्रिय करने का निर्णय ले लिया है और इसी सिलसिले में एक के बाद एक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।
गोगी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक छोटे से राज्य हरियाणा के लिए राहुल गांधी ने विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने चंडीगढ़ आकर न सिर्फ सभी कार्यकताओं से सीधा संवाद किया, बल्कि एआईसीसी के आब्जर्वरों को भी दिशा-निर्देश दिए। इस मुलाकात से कांग्रेस कार्यकताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है।
शमशेर सिंह गोगी ने जानकारी दी कि इसी क्रम में 10 जून को करनाल में कांग्रेस के आब्जर्वरों की स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं के साथ अहम बैठक हुई। इस बैठक का उद्देश्य था कि कार्यकताओं से फीडबैक लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर दोबारा मजबूत किया जाए। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति और सुधार की संभावनाओं पर चर्चा हुई।
उन्होंने बताया कि अगली बड़ी बैठक 12 जून को सालवन रोड स्थित सनातन सेवा समिति में होने जा रही है। इस बैठक में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर बुवन कापड़ी शिरकत करेंगे। उनके साथ पूर्व सांसद कैलाशो सैनी भी मौजूद रहेंगी। यह बैठक कांग्रेस संगठन को पुनर्गठित करने के अभियान का अहम हिस्सा होगी।
दोनों वरिष्ठ नेता कांग्रेस कार्यकताओं से सीधे संवाद करेंगे और उनकी राय भी लेंगे।
पूर्व विधायक ने कांग्रेस के सभी कार्यकताओं से अपील की है कि वे 12 जून को आयोजित होने वाली बैठक में अवश्य पहुंचें। इस बैठक में कार्यकर्ता अपने क्षेत्रीय प्रभारियों से मिल सकते हैं और संगठन को मजबूत करने के लिए अपने सुझाव रख सकते हैं। पार्टी को इस समय संगठित ढांचे की सख्त जरूरत है और इसमें हर कार्यकर्ता की भागीदारी महत्वपूर्ण है।गोगी ने कहा कि कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा कमजोर होने से केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि आम जनता भी परेशान है। जनता को उम्मीद है कि कांग्रेस फिर से एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरे और उनके मुद्दों की सही तरीके से आवाज बने। इसलिए यह जरूरी है कि कार्यकर्ता मिलकर संगठन के रिक्त स्थान को भरें और कांग्रेस को फिर से हरियाणा में सक्रिय और प्रभावशाली बनाएं।
पूर्व विधायक ने दोहराया कि अब समय आ गया है कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मतभेद भुलाकर एक मंच पर आएं और संगठन को मजबूती देने की दिशा में एकजुट प्रयास करें। कांग्रेस की राज्य में वापसी का रास्ता संगठन के पुनर्गठन से ही होकर जाता है, और इस दिशा में शुरू की गई बैठकों का प्रभाव जल्द ही दिखने लगेगा।

# स्वच्छता अभियान में निगम के साथ संस्थाएं आई आगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बुधवार को नगर निगम की स्वच्छता टीम ने विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर वार्ड आठ व नौ में सफाई अभियान चलाया गया। मेयर सुमन बहमनी व निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर चलाए इस अभियान के तहत निगम कर्मियों ने संस्थाओं के पदाधिकारियों व कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर वार्ड नंबर नौ में लाल द्वारा मंदिर के आसपास व वार्ड आठ में नेहरू पार्क व उसके आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया।
अभियान के दौरान लोगों को खुले में कचरा न डालने, सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके निगम के वाहन को देने व प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में आल इंडिया समाज सेवा केंद्र के अध्यक्ष मनमोहन सिंह, सृष्टि जन कल्याण समिति के अध्यक्ष मीनू चसवाल, सुदर्शन फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप बजाज, स्नेह सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सेन, श्रीजी सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष नीरू चौहान, सचिव नीरज कालडा और नगर निगम की आईईसी एक्सपर्ट पूजा अग्रवाल का योगदान रहा। मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निदेर्शों पर 21 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके तहत वार्ड एक से सात तक मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, वार्ड आठ से 15 तक मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल और वार्ड 16 से 22 तक मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने, खुले में कचरा न डालने, निगम के वाहनों में ही कचरा डालने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा घर से निकलने वाले पुराने सामान को खुले में न फेंक कर ट्रिपल आर (रिसाइकल, रीयूज व रिड्यूस) केंद्र पर देने के लिए समझाया जा रहा है। अभियान के तहत लोगों को पॉलिथीन त्याग कपड़े के थैलों का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि सभी शहरवासी इस अभियान में सहयोग करें। ऐसे स्थानों की सफाई कराए, जहां सफाई कम होती है और गंदगी पड़ी हुई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें। ताकि हमारा शहर साफ, स्वच्छ व सुंदर बन सकें।

## सुसाइड नोट के बाद वीडियो जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कस्बा घरौंडा में एक सप्ताह पहले दुकानदार की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में नए खुलासे हो रहे हैं। सुसाइड नोट के बाद अब परिवार ने देर रात को मृतक का एक पुराना वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वीडियो में 32 साल पुरानी दुकान को लेकर कश्यप चौपाल कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वहीं सुसाइड नोट में खुलासा किया कि दुकान खाली करवाने के नाम पर एग्रीमेंट किया और मरम्मत के नाम पर 3 लाख रुपए नकद ले लिए, लेकिन मरम्मत के बाद दुकान वापस नहीं दी गई।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, (उ.प्र.)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट : www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन एव अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| S. No. | Job No. | Name of Work | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | 08/महा०प्र०/ वरि० प्रबन्धक (एन०टी०सी०)/ 2025-26 | सेक्टर-105 एवं 108 के मध्य मार्ग पर थर्मोप्लास्टिक पेन्ट का कार्य, नौएडा। | 26,03,835.00 |

जिन्हें दिनांक 13.06.2025 से दिनांक 26.06.2025 को सायं 05.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 27.06.2025 को 11.00 बजे खोली जायेगी।
महाप्रबंधक (एन.टी.सी.)
नौएडा
स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

## संपादकीय

# हाय रे तिलचट्टा

**कभी-कभी** जिंदगी कुछ ऐसी घटनाएँ हमारे सिर पर पटक देती है, जैसे कोई छुट्टी की सुबह, बिना अलार्म के उठा दे। घटना छोटी होती है, पर प्रतिक्रिया में पूरी पंचायत बैठ जाती है – जैसे पकोड़े में मिर्च ज्यादा पड़ गई हो। ये कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जहां एक निरीह से तिलचट्टे ने पूरे दफ्तर को वह नचाया जैसे चुनावी मौसम में वादा। चाय की प्याली से उठती भाप जितनी गरम नहीं थी, उतनी गरमी उस तिलचट्टे की फड़फड़ाहट ने फैलाई। सुबह का समय था, टिफि न में पराठे थे, मन में प्रमोशन की आशा थी, और एक साथी की आँखों में किसी की शादी का ख्वाब था – तभी वह आया। नहीं नहीं, कोई अफसर नहीं... एक तिलचट्टा। जैसे ही वो उड़ा और एक महिला कर्मचारी की बाँह पर उतरा, तो लगा जैसे कोई डॉन ने हेलीकॉप्टर से एंट्री मारी हो। एक चीख फूटी, ऐसी कि लग रहा था प्रेमचंद की कहानियों का दुख किसी टी-सीरीज की बैकग्राउंड स्कोर में बदल गया हो। कॉफी गिरी, बिस्कुट बिखरे, और एक कर्मचारी तो झोंपड़ी समझकर टेबल के नीचे छिप गया। तिलचट्टा भी शायद चुनावी नेता था। एक बार में एक जगह नहीं रुकता। कूदता रहा – एक कुर्सी से दूसरी कुर्सी, एक मन से दूसरे मन में डर बोता रहा। पूरा ऑफिस रणभूमि बन चुका था। कोई झाड़ू ढूँढ रहा था, कोई वाइपर, और एक सज्जन तो चप्पल उतारकर – मारो सालो कोड्ड! मगर साहस नाम की चीज, वही थी जो पेंडिंग फाइल की तरह सबके दिलों में थी – दबा, बुझा और बेसुध। उसी समय, प्रकट हुए मैनेजर साहब। बाल खिचड़ी, चाल धीमी, और चेहरा ऐसा शांत कि जैसे सब्जी में नमक कम हो फिर भी कहें – ठीक है। उन्होंने तिलचट्टे को देखा, जैसे डॉक्टर मरीज की एक्स-रे रिपोर्ट पढ़ता है। फिर बड़े आराम से पेपर कप से उसे फुसला कर उठाया और खिड़की से बाहर उछाल दिया। कमरे में शांति फैल गई – जैसे अचानक फिल्म में बैकग्राउंड म्यूज़िक बंद हो गया हो। लोगों ने राहत की साँस ली, कुछ ने ताली भी बजाई। लेकिन शांति ज्यादा देर टिकती कहाँ है, खासकर उस जगह जहां व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट हों। एक दम आवाज उठी – क्यों फेंका बाहर? फिर दूसरा स्वर – बिचारा जीवित था! एक और आवाज – उसे पार्क में छोड़ सकते थे, पौधों के बीच, उसकी बस्ती में। अचानक, जिसे नायक समझा गया था, वो खलनायक बन गया। तिलचट्टे के प्रति सहानुभूति बहने लगी, और मैनेजर पर आरोपों की बौछार। ये वही लोग थे जो पाँच मिनट पहले कुर्सी पर खड़े होकर चिल्ला रहे थे – मार दो! बचाओ! मेरी चाय गिर गई! हमने सुना था कि लोकतंत्र में हर किसी को बोलने का अधिकार है। पर ये किसने कहा था कि हर बात में विरोध का ठेका भी लेना है? ऑफिस की लीडरशिप कमेटी एक्टिव हो गई – जिसमें तीन टी पार्टी सदस्य, दो दूसरे की टाँग खींचो विशेषज्ञ और एक कभी काम ना करने की शपथ ले चुका कर्मचारी शामिल थे। मीटिंग हुई – तिलचट्टा भी तो भगवान की रचना है! और वही लोग जिन्होंने चप्पल से मारो इस कीड़े को! कहा था, अब जीवन का सम्मान करना चाहिए! के पोस्टर बना रहे थे। बात मैनेजर के रवैये पर आई। बहुत रूखे हैं, संवेदनशील नहीं, हमारे ऑफिस का माहौल बहुत टॉक्सिक हो गया है। एक सेंसिटिव बॉस चाहिए – ऐसा जो पहले तिलचट्टे से पूछे कि तुम्हें कोई समस्या है? फिर उसे कॉफी ऑफर करे, उसकी काउंसलिंग कराए, और फिर उसे हंसते-हंसते बाहर भेजे। मैनेजर साहब को मेमो मिला, आपने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई। अगली मीटिंग में तय हुआ – अगली बार तिलचट्टा आए, तो एक इन्क्लूसिव स्पेस बनाया जाएगा – जिसमें वो कम्फर्टेबल महसूस करे।

# योग सुन्दरता बढ़ाता है

शहनाज हुसैन

अधिकांश लोग सूंदर दिखने की लालसा क्या क्या नहीं कर देते लेकिन फिर भी ब्यूटी सैलूनों में घण्टों फेयरनेस ट्रीटमेंट तथा कॉस्मेटिक पर भारी खर्च करने के बाद भी चेहरे का निखार कुछ दिनों बाद ही गायब हो जाता है /ऐसे में लोग उदास होकर दिल तोड़ बैठते हैं तथा उन्हें लगता है की सुंदरता तो बिरासत में ही मिलती है लेकिन कया आप जानते हैं की अगर आप शारीरिक रूप से सुन्दर हैं तो आपका सौन्दर्य चेहरे पर स्वभाबिक रूप से झलकेगा / कुछ योग आसनों के नियमित अभ्यास से आप प्राकृतिक सुन्दरता , दमकती त्वचा तथा शारीरिक आकर्षण ग्रहण कर सकते है / बास्तव में अगर आप योग साधना को अपने जीवन से जोड़ लें तो शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही प्रकृतिक तौर पर स्थाई रूप से सुन्दर तथा प्रभाबशाली भी बनाया जा सकता है तथा महँगे सौन्दर्य प्रसाधनों , ,ब्यूटी सैलूनों के महँगे उपचार तथा समय को बचाया जा सकता है

**सुन्दर** चमकीली त्वचा, गठीला शरीर, छरहरा बदन,चेहरे पर यौवनता, चमकीले बाल तथा प्राकृतिक रूप से सुन्दर दिखने की चाहत में आज कल पिफटनेस सैन्टरों, जिम, सैलून, स्पा तथा बहु राष्ट्रीय कम्पनियों के मंहगे सौंदर्य प्रसाधनों को खरीदने की होड़ आम देखी जा सकती है/ आज कल के प्रदूषण,तनाव, लाइफ स्टाइल तथा दिन रात की भागदौड़ भरी जिन्दगी से आप समय से पहले ही बूढ़े दिखने लगते हैं तथा युवा उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां ,कील मुहाँसे ,फुंसियाँ ,काले धब्बे लगातार परेशानी का सबब बन जाते हैं / अधिकांश लोग सूंदर दिखने की लालसा क्या क्या नहीं कर देते लेकिन फिर भी ब्यूटी सैलूनों में घण्टों फेयरनेस ट्रीटमेंट तथा कॉस्मेटिक पर भारी खर्च करने के बाद भी चेहरे का निखार कुछ दिनों बाद ही गायब हो जाता है /ऐसे में लोग उदास होकर दिल तोड़ बैठते हैं तथा उन्हें लगता है की सुंदरता तो बिरासत में ही मिलती है

लेकिन कया आप जानते हैं की अगर आप शारीरिक रूप से सुन्दर हैं तो आपका सौन्दर्य चेहरे पर स्वभाबिक रूप से झलकेगा / कुछ योग आसनों के नियमित अभ्यास से आप प्राकृतिक सुन्दरता , दमकती त्वचा तथा शारीरिक आकर्षण ग्रहण कर सकते है / बास्तव में अगर आप योग साधना को अपने जीवन से जोड़ लें तो शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही प्रकृतिक तौर पर स्थाई रूप से सुन्दर तथा प्रभाबशाली भी बनाया जा सकता है तथा महँगे सौन्दर्य प्रसाधनों , ,ब्यूटी सैलूनों के महँगे उपचार तथा समय को बचाया जा सकता है भारतीय आयुर्वैदिक पद्धति योग के साधारण आसनों के जरि आप स्थाई आन्तरिक तथा बाहरी सौन्दर्य मुफत में आसानी में पा सकते है।

प्रतिदिन महज आध घण्टा सुबह तथा शाम सूर्या नमस्कार, प्राणायाम, उत्थान आसन, कपाल भाती, धनुर आसन तथा सांसो की क्रिया के माध्यम से आप अपने यौवन, सौन्दर्य तथा प्राकृतिक आकर्षण को जीवन पर्यन्त बनाऐ रख सकते है।



बालों तथा त्वचा के सौंदर्य को बनाए रखने में प्राणायाम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्राणायाम से जहां तनाव कम होता है वहीं दूसरी ओर शरीर में प्राण वायू का प्रभावी संचार होता है तथा रक्त का प्रभाव बढ़ता है। प्राणायाम सही तरीके से सांस लेने की बेहतरीन अदा है। प्रतिदिन 10 मिनट तक प्राणायाम से मानव शरीर की प्राकृतिक क्लीजिंग हो जाती है। प्राणायाम का आज पूरे विश्व में अनुसरण किया जाता है। प्राणायाम से मानव खोपड़ी में व्यापक आक्सीजन तथा रक्त संचार होता है। जिससे बालों की प्राकृतिक रूप से वृद्वि होती है तथा बालों का सफेद होना तथा झड़ने जैसी समस्या को रोकने में भी मदद मिलती है। योगा का मानसिक शारीरिक, भावनात्मक तथा मनोभाव पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे आत्म विश्वास बढ़ता है। योगा से आप आत्मिक तौर पर शान्त महसूस करते हैं। जिससे आपके बाहरी सौन्दर्य में भी निखार आता है। आमतौर पर अनिद्रा, तनाव आदि में पैदा होने वाली कील, मुहांसे, काले धब्बों आदि की समस्याओं के स्थाई उपचार में योग महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उत्थान आसन के लगातार उपयोग से आप कील, मुंहासे, काले धब्बों आदि की समस्याओं का स्थाई उपचार पा सकते है। कपालभाती शासीर में कार्बन डाईक्साईड को हटाकर खून को साफ करने में मदद मिलती है। उससे शरीर में हल्कापन महसूस होता है। धनुर ध्आसन से शरीर में रक्त का प्रभाव बढ़ता है तथा शरीर से विषैले पदार्थो को बाहर निकालने में मदद मिलती है इससे शरीर की त्वचा में प्राकृतिक चमक आती है तथा त्वचा की रंगत में निखार भी आता है। योग के लगातार अभ्यास से त्वचा तथा शरीर में यौवन को दीर्घ कालीन तौर पर बनाए रखने में मदद मिलती है। योगासन से रीढ़ की हड्डी तथा जोड़ों को लचकदार बनाया रखा जा सकता है। जिससे शरीर लम्बे समय तक लचीला तथा आकर्षक बनता है, योग से शरीर के भार को कम करने में भी मदद मिलती है तथा इससे मांस पेशियां नरम तथा मुलायम हो जाती है। योगा से थकान से मुक्ति मिलती है। तथा शरीर में उर्जा का प्रभावी संचार होता है

सूर्यानमस्कार आसन से पूरे शरीर में नवयौवन का संचार होता है। सूर्यानमस्कार से शरीर पर बढ़ती आयु के प्रभाव को रोका जा सकता है तथा यह चेहरे तथा शरीर पर बुढ़ापे की भाव मुद्राओं के प्रभाव को रोकने में मददगार साबित होता है। चेहरे की झुर्रियों से मुक्ति पाने के लिए सूर्यानमस्कार तथा प्राणायाम दोनों प्रभावी आसन है। आपके सुन्दर दिखने के लिए जरूरी नहीं कि आप सुन्दर ही पैदा हुए हों आप अपने प्रयत्नों से सौंदर्य प्राप्त कर सकते है। अच्छा स्वास्थ्य तथा सौंदर्य एक ही सिक्के के दो पहलू है। यदि आप आन्तरिक रूप से सुन्दर नहीं है तब तक आपका सौंदर्य चेहरे पर नहीं झलक सकता। सुन्दर त्वचा, चमकीले बाल तथा छरहरे बदन के लिऐ अच्छी सेहत का होना परम आवश्यक है। वास्तव में मैंने समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वैदिक सिद्धान्त को प्रोत्साहित किया। जिसमें योग को इस कार्यक्रम का अभिन्न अंग माना गया। मेरी समग्र सौंदर्य देखभाल की विशिष्ट अवधारणा को विश्व भर में सराहा गया है। वास्तव में मेरा विचार है कि आज की आधुनिक जीवनशैली में स्वास्थ्य तथा सौंदर्य के सन्दर्भ में योग काफी सार्थक है। योग मेरे व्यक्तिगत जीवन का अभिन्न अंग रहा है तथा मैंने इसके असंख्य लाभ महसूस किए है। योग से मानसिक तथा शारीरिक दोनों को प्रचुर लाभ मिलता है। इससे न केवल सभी मांस पेशियों को फायदा होता है बल्कि इससे प्राण शक्ति बढ़ती है तथा आन्तरिक अंगों की रंगत में निखार आता है। इससे नाड़ी तंत्र को स्थिर रखने में मदद मिलती है। इससे तनाव को कम करने तथा मानसिक संतुलन में भी लाभ मिलता है। योग प्राचीन भारतीय विद्या है तथा इसके निरन्तर अभ्यास से संयमित व्यक्तित्व तथा वृद्वावस्था की भाव मुद्राओं को रोकने में मदद मिलती है। योग का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे सांसों पर नियन्त्रण रहता है तथा योगाभ्यास के दौरान सांस खींचने तथा सांस बाहर निकलाने की उचित विधि से शवास को संयमित करने में मदद मिलती है जिससे शरीर में आक्सीजन को नियन्त्रित करने में सहायक सिद्ध होती है। योग से शारीरिक तथा मानसिक उल्लास की असीम अनुभूति प्राप्त होती है। योग सौन्दर्य के लिए अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि आन्तरिक सौंदर्य से ही सही शारीरिक सौंदर्य की प्राप्ति की जा सकती है। योग से रक्त संचार के प्रवह में सुधार होताहै जिससे त्वचा के स्तह तक पर्याप्त मात्रा में रक्त संचार होता है तथा यह रक्त संचार सुन्दर त्वचा के लिए अत्यधिक आवश्यक होता है क्योंकि इससे त्वचा को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं जिससे त्वचा सुन्दर तथा निखरी दिखाई देती है। योग के माध्यम से शरीर के विषैले तत्व त्वचा के माध्यम से बाहर आते है तथा रक्त संचित त्वचा के मामले में योग सबसे ज्यादा लाभदायक सिद्ध होते है। इससे त्वचा में रंगत तथा स्फूर्ति आ जाती है। योग से सौंदर्य में व्यापक निखार आता है तथा यह त्वचा को ताजा तथा बीमारियों से पूरी तरह मुक्त रखती है। यह अवधारणा बालों पर भी लागू होती है। योग से सिर की खाल तथा बालों के कोश में रक्त संचार तथा आक्सीजन का व्यापक निरन्तर प्रवाह होता है। इससे बालों के रक्त संचार को पोष्टिक तत्व पहुंचाने में काफी मदद मिलती है जिससे बालो की वृद्धि तथा सिर की खाल को स्वास्थ्य रखने में बहुत मदद मिलती है। जब हम सौंदर्य की बात करते है तो हम केवल बाहरी चेहरे की सौंदर्य की ही बात नहीं करते बल्कि इसमें आंतरिक सूरत भी शामिल होती है जिसमें लचकपन, हाव.भाव तथा शारीरिक आर्कषण होना नितान्त आवश्यक होता है।

## कविता

**सच दूर से लौट आते हम।**

**आवाज में जरा दर्द की तन्हाई तो होती**
**फासले में जरा भी बेवफाई नहीं होती।**

**दूर नहीं थोड़े से फासले में थे हम,**
**थोड़ी सी सही वफा दिखाई तो होती,**

**धीरे धीरे वक्त गुजर गया हाथों से,**
**दिल की सदा हमें सुनाई तो होती।**

**गुजारिश है लौट आओ हम-कदम,**
**मेरी बेवफाई तुमने गिनाई तो होती ।**

**बमुश्किल तुम्हें खुदा से मांगा था**
**तुम्हारे पैगाम में दुहाई तो होती।**

**डूब ही जाते इश्क के दरिया में,**
**मोहब्बत में जरा गहराई तो होती ।**

संजीव

## पृथ्वी की उष्णता और जटिल समाधान ।

भविष्य ऑक्सीजन के बगैर?
आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया।जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं।

## विचार

# धर्म के आवरण में दरिंदिगी:कुछ तो गड़बड़ है

**निर्मल रानी**

हमारे देश में जितना अधिक धर्म का ढिंढोरा पीटा जा रहा है अधर्म भी उतनी ही तेजी से बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। खासतौर से जब से आसाराम,स्वामी चिन्मयानंद,गुरमीत राम रहीम,स्वामी नित्यानंद,दाती महाराज,रामपाल,आसाराम के कुपुत्र नारायण साईं,भीमानंद महाराज उर्फ शिवमूरत द्विवेदी,राम शंकर तिवारी उर्फ स्वामी परमानंद व आशु भाई महाराज जैसे स्वयंभू संतों व डेरा संचालकों से जुड़े मामले सामने आये व इनमें से कई को बलात्कार व यौन शोषण के मामले में जेल जाना पड़ा तब से तो धर्म क्षेत्र में इसतरह के कुकर्मों की गोया झड़ी सी लग गयी। देश में न जाने कितने साधु वेश धारी मंदिर के पुजारी या किसी न किसी रूप में धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग यौन हिंसा के शर्मनाक मामलों में पकड़े जा चुके हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपक वर्मा नामक एक बलात्कारी को थाना आलमबाग के अंतर्गत पुलिस ने सूर्योदय से पूर्व ही सुबह सवेरे मुठभेड़ में मार गिराया ,यह व्यक्ति भी धर्म का चोला ओढ़े रहता था। स्वयं को माता का भक्त प्रदर्शित करने वाला यह कुकर्मी माता रानी के जागरण समारोहों में झांकियां सजाने व झांकियां निकालने का काम किया करता था। इस ने चंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई-तीन साल की बच्ची को, जो अपने पिता के साथ लेटी हुई थी,चुपके से उसका अपहरण कर उसे उठा लगाया। बाद में इस व्यक्ति ने उस बच्ची के साथ बड़ी ही बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया था। मासूम बच्ची अभी भी गंभीर अवस्था में इलाज करा रही है। पुलिस ने माता भक्त इस आरोपी पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और गत वीरवार को देर रात थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया के निकट एनकाउंटर में ढेर कर दिया। भारत जैसे धर्म प्रधान देश में में यौन शोषण के मामलों का तेजी से बढ़ना अत्यंत चिंता का विषय है। हालाँकि देश में यौन शोषण को लेकर काफी कड़े कानून भी बने हुये हैं फिर भी यह एक प्रमुख सामाजिक समस्या बनी हुई है। खासकर धर्म क्षेत्र में कुकर्मियों व अधर्मियों का प्रवेश कर जाना धार्मिक सीख व शिक्षाओं पर भी सवाल खड़े करता है। एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रत्येक 22 मिनट में एक बलात्कार का मामला दर्ज होता है। इसमें वह मामले शामिल नहीं हैं जो भयवश या लाज वाश अथवा सुलह सफाई के बाद या फिर सामाजिक कलंक या कमजोर कानूनी व्यवस्था के कारण दर्ज नहीं होते और वह सरकारी रिकार्ड में नहीं आ पाते। अन्यथा यह आंकड़े और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे तो दक्षिण अफ़्रीका,स्वीडन,संयुक्त राज्य अमेरिका,इंग्लैंड,मिस्त्र,फ्रांस व इथियोपिया जैसे देश भी महिला शोषण व बलात्कार जैसे मामलों में बदनाम देशों की सूची में शामिल हैं। परन्तु इनमें से कोई भी देश धर्म का उस स्तर पर ढिंढोरा नहीं पीटता जितना भारत में देखने को मिलता है। स्वयं को धर्म प्रधान प्रदर्शित करने वाले भारत जैसे देश में बेशक यह एक अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। कहीं आश्रमों,मंदिरों व चर्चों में यौन शोषण के मामले सामने आते हैं जहाँ महंत, पुजारी,पादरी जैसे धर्म के आवरण में छुपे लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगता है। जैसे कुछ समय पूर्व कानपुर में एक पीड़िता को पहले नशीला लड्डू खिलाया गया फिर उसका यौन शोषण कर घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। चार महीने बाद गोविंद नगर थाने में शिकायत तो दर्ज जरूर हुई, लेकिन परन्तु चूँकि महंत, पुजारी, और अन्य रेपिस्ट प्रभावशाली थे इस कारण उनके विरुद्ध पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इसी तरह मई 2025 में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना चर्चा में रही। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आरोपी को छोड़ दिया था लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उसे फिर से गिरफ़्तार किया गया। इसी तरह अप्रैल 2025 में सीतापुर में एक मंदिर के पुजारी पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और एक पत्रकार की हत्या का आरोप लगा था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# टिमटिमाते चिराग में रोशनी नहीं

**अपने** जमाने के मौसम विज्ञानी रानीतिज्ञ कहे जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के पुत्र लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान बिहार की राजनीति में अपना चिराग जलाना चाहते हैं. चिराग ने 2025 बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की पुष्टि कर दी है.बिहार की राजनीति में चिराग की घोषणा से हलचल तो हुई है लेकिन बिहार की चुनावी आंधी में अपनी लोकप्रियता का चिराग जला पाएंगे ये कहना बहुत कठिन है डत रविवार को चिराग पासवान बिहार के आरा पहुंचे. दरअसल चिराग की रणनीति, बिहार की बदलती राजनीतिक परिदृश्य और एनडीए गठबंधन की आंतरिक राजनीति को लेकर पशोपेश बढाने वाली है. अटकलें लगाई जा रही हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से कोई ठोस आश्वासन दिया होगा, अन्यथा चिराग पना मुँह नहीं खोलते. . आज हर कोई यह सोचने को विवश है कि चिराग पासवान केंद्र में मिले हुए मंत्री पद को छोड़कर बिहार की अनिश्चित राजनीति में आखिर क्यों आना चाहते हैं? हालांकि विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उन्हें मंत्री पद छोड़ने की कोई जरूरत वैसे तो नहीं है. पर यदि वाकई में अगर उन्हें बिहार में विधायक बनकर राजनीति करनी है तो उनकी संवैधानिक मजबरी होगी कि वे अपना मंत्री पद और सांसदी दोनों ही छोड़ दें.सब जानते हैं कि भाजपा महाराष्ट्र की तर्ज पर अपनी सहयोगी जेडीयू को चकमा देकर बिहार में अपनी सरकार बनाने की फिराक में है.भाजपा ने महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को आखिर मुख्यमंत्री पद से हटाकर ही दम लिया था. लेकिन, सवाल ये है कि क्या बीजेपी ऐसा चाहेगी? और ये भी महत्वपूर्ण है कि बदले में चिराग पासवान से बीजेपी की क्या अपेक्षा होगी? बीजेपी के लिए गठबंधन सहयोगी क्या मायने रखते हैं, थोड़ा पीछे जाकर ट्रैक रिकॉर्ड देखा जा सकता है. चिराग पासवान खुद भी पांच साल पुराने भुक्तभोगी हैं. देखा जाये तो वो भी कुबार्नी जैसी ही रही है. एक दौर था जब वो उद्धव ठाकरे और शरद पवार की ही तरह पार्टी से भी हाथ धो बैठे थे, दिल्ली के सरकारी बंगले से भी बेदखल होना पड़ा था – और काफी इंतजार के बाद धीरे धीरे चीजें मिल पाई. जब नीतीश कुमार को बर्बाद करने के लिए इतना झेलना पड़ा, तब तो नीतीश कुमार का उत्तराधिकारी बनने के लिए तो और भी बड़ी कुबार्नी देनी पड़ेगी. और बड़ी कुबार्नी तभी मानी जाएगी जब चिराग पासवान अपनी पार्टी दान में दे दें, लेकिन किसी और को नहीं, सिर्फ बीजेपी को. मतलब, बीजेपी में ही विलय कर लें. ऐसे प्रयासों की चर्चा जेडीयू को लेकर भी रही है, और वो भी दोनों तरफ से. लेन क्या चिराग पासवान भी तैयार होंगे?

## बच्चे हर देश के सुनहरे भविष्य की नींव है,आओ उन्हें मजदूर नहीं शिक्षित बनाएं

**भारत** में बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग,बाल संरक्षण विभाग, पोलिस,मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना जरूरी-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया-वैश्विक रूप से यह देखा गया है कि अनेक कमर्शियल संस्थानों,औद्योगिक संस्थानों, दवा उद्योग,खेत खलियानों गृहउद्योग,इत्यादि अनेक व्यवसायिक क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चों से श्रम करवाया जाता है,क्योंकि उन क्षेत्रों में कामों के लिए यह छोटे-छोटे बच्चे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और अपेक्षाकृत रोजी या मजदूरी भी इनकी कम होती है, और डेली वेजेस के रूप में रखकर आसानी से अपना काम करवा लेते हैं। दूसरी तरफ हम अनेक चौराहों, बाजारों, हाट बाजारों, में हमने छोटे-छोटे बच्चों को अकेले या अपने मातापिता के साथ खिलौने, खाद्य पदार्थों इत्यादि बेचने को देखते रहते हैं। अनेक बड़ी या छोटी सिटीओ में तो ट्रैफिक सिग्नल चौराहों स्टेशनों, बूथों पर अक्सर यह छोटे बच्चे भीख मांगते,सामान बेचते, हमें दिखते रहते हैं। यह नजारा हर छोटी बड़ी सिटी के चौराहों पर आसानी से देखने को मिलता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र बाल श्रम उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित करते हुए कहा कि 2025 तक इस प्रथा को समाप्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई कीआवश्यकता है। आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 12 जून 2025 को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025-बच्चों को मजदूरी नहीं शिक्षा दिलाएं जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्रों का सशक्त उपकरण व रोजगार का अस्त्र है। साथियों बात अगर हम 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लक्ष्य की करें तो,विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा बाल शोषण के गंभीर मुद्दे को उजागर करने और इसे मिटाने के प्रयासों को संगठित करनेके लिए शुरू की गई एक वैश्विक पहल है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2025 और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह आइएलओ और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए बाल श्रम पर नए वैश्विक अनुमानों और रुझानों के जारी होने के साथ मेल खाता है।

## न्यूज फ्लैश

### रवि सोनू कुंडली राष्ट्रीय पर्यावरण अवार्ड से होंगे सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,** : रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली को 14 जून को विश्व पर्यावरण सेमिनार के अवसर पर बैंगलोर में राष्ट्रीय पर्यावरण अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता अश्विनी कुमार ने बताया कि रवि सोनू कुंडली को यह सम्मान समाज सेवा एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिए दिया जा रहा है। यह सम्मान राष्ट्रीय नागरिक एवं पर्यावरण संरक्षण संस्था की ओर दिया जा रहा है। रवि सोनू कुंडली राष्ट्रीय पर्यावरण अवार्ड मिलने पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया हरियाणा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों में भी भारी उत्साह है तथा सभी ने रवि कुंडली को शुभकामनाएं दी हैं।

### जिला पुलिस की बड़ी कामयाबी दुकान से चोरी करने का आरोप भी भरा घंटे के अंदर गिरफ़्तार।

**लाड़वा (विजय कौशिक):** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने दुकान से चोरी करने के आरोपी गुलजोर सिंह वासी वासी बीड सोंटी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके चोरीशुदा 3 लाख रुपये बरामद करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 जून, 25 को थाना लाडवा में दी अपनी शिकायत में राहुल वर्मा वासी लाडवा ने बताया कि उसकी विकास नगर लाडवा में दुकान है। उन्होंने बताया कि 9 जून को दोपहर समय करीब 2.40 पर वह दुकान का लॉक लगाकर खाना खाने के लिए घर पर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसको दुकान का लॉक टूटा मिला। दुकान के अंदर जाकर चैक करने पर पाया कि किसी नामालूम चोर ने उसकी दुकान के गल्ले में रखे 4 लाख रुपये चोरी कर लिए हैं। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई। 10 जून, 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी सुरेन्द्र कुमार के मार्गनिर्देश मे सहायक उप निरीक्षक गिरवर शर्मा, उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह, मुख्य सिपाही कृष्ण व सिपाही विकास कुमार की टीम ने दुकान से चोरी करने के आरोप मे गुलजोर सिंह वासी वासी बीड सोंटी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरीशुदा 3 लाख रुपये बरामद किये गये। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया।

### टेलीग्राम पर टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने के 5 आरोपी गिरफ्तार

**लाडवा (विजय कौशिक):** जिला पुलिस टेलीग्राम पर टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र की टीम ने टेलीग्राम पर टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी सुरेश प्रजापत, नरेंद्र सिंह व पियूष अश्वनी वासीयान जोधपुर व राहुल मनयानी, प्रशांत कारवानी वासीयान उदयपुर राजस्थान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 मई 2025 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना लाडवा वासी युवती ने बताया कि उसका खाता एचडीएफसी बैंक मे है। दिंनाक 20 अप्रैल 25 को उसके पास व्हाट्सएप एप्लीकेशन पर एक अनजान नंबर से मैसेज आया। जब उसने मैसेज को ओपन किया तो उसमे बताया कि अगर वह उनका टास्क पूरा करती है तो उसको टास्क पूरा करने के पैसे मिलेंगे। जैसे ही उसने टास्क ओपन किया तो उसके पास टेलीग्राम एप्लीकेशन ओपन हो गया। जहां पर उसने दिया हुआ टास्क पूरा किया। कुछ समय बाद उसने जब अपने बैंक का बैलेंस चैक किया तो उसके खाते से 91 हजार 500 रुपए कट गये। जिसकी शिकायत पर थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र में मामला दर्ज करके जांच कीगई।

### कलायत नगर पालिका कर्मी ड्यूटी के साथ दे रहे समाज सेवा का संदेश

**रणदीप धानियां,कलायत।** कलायत नगर पालिका द्वारा भीषण गर्मी के बीच लोगों को जन सेवा के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत समय-समय पर कार्यालय परिसर और मुख्य द्वार पर ठंडे पानी की छबिल लगाई जा रही है। साथ ही तरबूज, खरबूज, नींबू पानी व लू से बचाने वाला खानपान परोसा जा रहा है। सरकारी ड्यूटि के समाज सेवा में लगे नपा सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा और स्वच्छ भारत अभियान संयोजक सुरेश चहल ने बताया कि प्रशासन निरंतर हर नागरिक के स्वास्थ्य को लेकर सजगता का परिचय देता आया है। गर्मी के मौसम को देखते हुए भी स्वास्थ्य विभाग के परामर्श अनुसार हर किसी को स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र दिया जा रहा है। इस प्रकार के प्रयास नागरिकों को बीमारी की चपेट में आने से बचाने का काम करते हैं।

# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मिले मेयर, आल इंडिया मेयर काउंसिल बैठक का दिया निमंत्रण

## महापौर कुलभूषण गोयल ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की

**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**

महापौर कुलभूषण गोयल ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की और उन्हें आल इंडिया मेयर काउंसिल की 115 एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक में मुख्य मेहमान के तौर पर सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। राज्यपाल ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए स्वयं के मेयर रहते हुए अनुभव भी कुलभूषण गोयल के साथ साझा किए। कुलभूषण गोयल ने राज्यपाल को बताया कि क्लार्क इन अमरावती एनक्लेव पंचकूला में 15 और 16 जून को आल इंडिया मेयर काउंसिल की बैठक होगी। बैठक में देश भर से अलग-अलग शहरों के मेयर भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे। अमरावती एंक्लेव में होने जा रही इस मेयर कान्फ्रेंस का



आयोजन पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल द्वारा किया जा रहा है। कुलभूषण गोयल ने बताया कि माधुरी अतुल पटेल महापौर बुरहानपुर अध्यक्ष है। उमाशंकर गुप्ता राष्ट्रीय महासचिव हैं। प्रोमिला पांडे कानपुर मेयर, सुषमा खरकवाल लखनऊ मेयर, रेनू बाला गुप्ता करनाल मेयर पदाधिकारी हैं। इस बैठक में लगभग 55 से अधिक मेयर भाग लेंगे। इस मेयर कान्फ्रेंस का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, स्थानीय शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, कालका की विधायक शक्तिरानी शर्मा भी उपस्थित रहेंगी। इस बैठक में प्रमुख तौर पर देवास में हुई पिछली बैठक के बारे में चर्चा होगी।

नई कार्यसमिति के पदाधिकारी का परिचय करवाया जाएगा, राज्य स्तरीय संगठन पर विचार किया जाएगा। राज्य स्तर पर मेयरों के अधिकार और जनहित में विकास कार्य करवाने में आ रही बाधाओं पर विचार विमर्श होगा, शहरों में बढ़ती जनसंख्या और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा, परिषद के ग्रेटर नोएडा में बना रहे कार्यालय के निर्माण पर विचार विमर्श, महापौरों के प्रशिक्षण पर विचार विमर्श होगा। बैठक में वर्ष 2024-25 की आडिट रिपोर्ट पर विचार विमर्श होगा। कुलभूषण गोयल ने बताया कि देशभर से आ रहे मेयर के स्वागत के लिए पंचकूला नगर निगम के पार्षदों एवं अधिकारियों की ड्युटियां लगाई गई है और चंडीगढ़ की मौजूदा महापौर हरप्रीत कौर बबला एवं पूर्व महापौरों का भी सहयोग मिल रहा है।

## विश्व में मोदी का डंका बज रहा है और कांग्रेस की बैंड बज रही है : पार्षद



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत ( संजीव कौशिक)** सोनीपत नागरियों के वार्ड 3 के पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल ‟विकसित भारत‟ और ‟आत्मनिर्भर भारत‟ के ‟संकल्प की सिद्धि‟ का स्वर्णिम काल बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए पार्षद सुरेंदर मदान ने कहा कि कुर्सी वही है, सिर्फ व्यक्ति बदला है जिसने देश को बदला है। विश्व में पीएम मोदी के नाम का डंका बज रहा है और कांग्रेस की बैंड बज रही है। पार्षद सुरेंदर मदान ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनवाई वहीं कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास पांच साल का नहीं, बल्कि पचास साल का विजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों में देश भक्ति की भावना को जगाया है। पीएम मोदी ने इन 11 वर्षों में परिश्रम से परिकाष्ठा का मिसाल दी है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा सरकार है, वहां गरीब का कल्याण है।

बातें हो रही हैं। कांग्रेस की सरकार में सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुँचते थे, बिचौलिये खा जाते थे, लेकिन अब पैसा सीधे जनता के अकाउंट में पहुँच रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चिरायु-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के दायरे का विस्तार कर किया है। भाजपा सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता तीन गुना बढ़ाकर 2024 में 3,000 रुपये प्रति माह कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान हितैषी सरकार है।

### महिला की पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाला आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा-निदेर्शानुसार जिला भर में अपराधो पर लगाम लगाते हुए थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने किसी महिला के सोशल मीडिया आईडी पर अश्लील मेसैज भेजने वाले आरोपी हिमान्शू पुत्र कुलदीप निवासी प्रहलाद गढ़ भिवानी को गिरफ्तार किया है।

एस.एच.ओ थाना साइबर क्राइम हांसी इंस्पेक्टर सुखजीत ने बताया कि आरोपी ने गत दिनों पहले किसी लड़के व लड़की का फोटो को जोड़कर सोशल मीडिया आईडी पर अपलोड कर मेसैज लिखे थे।

## कलायत के प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर भरा मेला

टीम एक्शन इंडिया

**रणदीप धानियां,कलायत।** कलायत के प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम पर ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा अवसर पर मेला भरा। इसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने पहले कपिल तीर्थ में स्नान किया और पूजा अर्चना की। मंदिर पुजारी संजय शास्त्री और अनिरुद्ध गौतम ने कहा कि हर माह में एक बार पूर्णिमा तिथि आती है। पूर्णिमा शुक्ल पक्ष का आखिरी दिन होता है। शास्त्रों में पूर्णिमा के व्रत का विशेष महत्व माना गया है। पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी नारायण के अलावा चंद्रमा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि पूर्णिमा व्रत मानसिक कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला होता है। ज्येष्ठ मास की



पूर्णिमा की बात करें तो इस तिथि का महत्व कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए वट पूर्णिमा का व्रत रखती हैं। वट पूर्णिमा का व्रत वट अमावस्या के समान पुण्यदायी माना गया है। इसे वट सावित्री व्रत भी कहा जाता है। नरेश वर्मा, बिमला, राज रानी, सुषमा, पूजा, राजेंद्र और अन्य श्रद्धालुओं ने कहा कि बहुत लंबे समय के बाद कपिल तीर्थ में स्नान के लिए जल मिला है। उन्होंने शासन-प्रशासन से सुचारू रूप से तीर्थ में जल भराव की मांग की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे व मेले का आयोजन भी किया गया। मंदिर परिसर व बाहर सजी दुकानों से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं ने जम कर खरीददारी की। साथ ही धार्मिक भजनों में महिलाएं उत्साह एवं उमंग से थिरकती नजर आई।

सोने की चैन झटकने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिसः पूर्णिमा मेला पर कलायत के कपिल तीर्थ पर हजारों की भीड़ उमड़ी। जाम का फायदा उठाते हुए मेरठ निवासी एक महिला ने गांव कुराड़ की महिला के गले से सोने की चेन झपटने का प्रयास हुआ। महिला के साथ की अन्य महिलाओं ने झपटामार महिला को काबू किया।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मेरठ निवासी महिला के पर्स से चेन और 1500 रुपए मौके पर ही बरामद किए। थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया की चेन झपटने की आरोपी मेरठ निवासी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### झूठी शिकायत व झूठे मुकदमे दर्ज करवाने वाले तीन व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**हांसी ( दिनकर गावड़ी):** ‟पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा-निदेर्शानुसार जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सदर एवं थाना शहर हांसी पुलिस ने तीन ऐसे मामलों में कार्यवाही की है, जिनमें व्यक्तियों द्वारा पुलिस को गुमराह करते हुए झूठी शिकायतें व झूठे मुकदमे दर्ज करवाए गए थे। व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई करते हुए बताया कि रामगोपाल पुत्र शेर सिंह निवासी शेखपुरा ने दिनांक 28 मई 2025 को थाना सदर हांसी में शिकायत दी थी कि दो अज्ञात व्यक्ति स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर ढाणी शोभा रोड नजदीक शेखपुरा कोठी पर उसकी मोटरसाइकिल के सामने से ?2 लाख की नकदी छीनकर फरार हो गए।

पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच के दौरान यह घटना पैसे के लेन-देन से संबंधित पाई गई, न कि कोई लूट। अतः झूठी शिकायत देने पर रामगोपाल के विरुद्ध धारा 217 बी.एन.एस. के तहत कार्यवाही की गई।दूसरी शिकायत में रामचन्द्र पुत्र बिहारीलाल निवासी रिछपुरा, तहसील हांसी ने दो व्यक्तियों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने व मारपीट का झूठा मुकदमा दर्ज करवाया था।

## कबीर जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी सौगात, सफाईकर्मियों के वेतन में 2100 रुपये की बढ़ोतरी

टीम एक्शन इंडिया

**सिरसा, (रणबीर खटक)** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने संत शिरोमणि कबीर दास जी की जयंती के अवसर पर सफाई कर्मियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके मासिक वेतन में 2100 रुपये की वृद्धि की घोषणा की। इसके अलावा, सिरसा में बन रहे संत सरसाई नाथ मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। साथ ही, डबवाली में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में 10 बेड की संख्या को



बढ़ाकर 30 बेड करने और ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल के पास 30 बेड का नया नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की।मुख्यमंत्री आज संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के तहत जिला सिरसा में आयोजित संत शिरोमणि कबीर दास जयंती राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 31 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में सफाई कर्मियों के वेतन को चरणबद्ध तरीके से 5 सालों में 26 हजार तक बढ़ाने का संकल्प लिया है, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। संकल्प पत्र में जो हमने कहा है उसे हम पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर भारतीय संस्कृति की ‟सर्वधर्म समभाव‟ और ‟वसुधैव कुटुम्बकम‟ परम्परा के संवाहक और इतिहास के अनमोल रत्न थे। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब हमारा समाज अंधविश्वास, जात-पात और रूढ़िवादी परम्पराओं में जकड़ा हुआ था। संत कबीर ने अपने कर्म से वंदनीय स्थान प्राप्त किया। वे अपने समय के सबसे साहसी समाज-सुधारक थे। उन्होंने सभी धर्मों की कुरीतियों और रूढि?ों पर कड़ी चोट की।उन्होंने कहा कि संत कबीर दास जी जैसे संत-महात्माओं, ऋषि-मुनियों, पीर-पैगम्बरों और गुरुओं ने भूली-भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया है। ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की धरोहर हैं। उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी सबकी है।

## गांव बालू के शिव मंदिर आश्रम में वार्षिक उत्सव व भंडारे का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया

**रणदीप धानियां,कलायत।** **कलायत** के गांव बालू की बिढाण पट्टी स्थित शिव मंदिर आश्रम में वार्षिक भंडारे का आयोजन हुआ। आश्रम के महंत राणा नाथ ने बताया कि हर वर्ष वार्षिक उत्सव व भंडारे का आयोजन किया जाता है। उत्सव में हवन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता है। भंडारे में बड़ी संख्या में साधू-संतों के अलावा बालू व आसपास के गांवों के लोगों को निमंत्रण दिया जाता है।

महंत राणा नाथ ने कहा कि नाथ



संप्रदाय की रीति अनुसार सभी धार्मिक अनुष्ठान संपादित किए जाते हैं। भंडारे के आरंभ करने से पहले हवन में पूणार्हूति डाली गई। उसके बाद कन्या भोजन करवा कर महंत-संतों को भंडारे में भोजन करवाया गया। बाद गृहस्थों ने भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। भंडारे में गांव की महिलाओं के अलावा पुरुषों ने कारसेवा के माध्यम से अपनी भूमिका निभाई।

### स्कूल प्रबंधन ने अनाज मंडी की नव निर्वाचित गवर्निंग बॉडी का किया अभिनंदन

टीम एक्शन इंडिया

**लाडवा (विजय कौशिक) :** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनौरा-लाडवा के प्रबंधन व स्टाफ द्वारा स्कूल परिसर में अनाज मंडी-लाडवा की नव निर्वाचित गवर्निंग बॉडी का अभिनंदन किया गया। अनाज मंडी के अध्यक्ष राजीव आर्य सहित उपाध्यक्ष प्रदीप पंजेटा व साहिब सिंह, सचिव शुभम कांबोज, कोषाध्यक्ष बृज भूषण, सलाहकार सतपाल आनंद व मंडी धर्मशाला लाडवा के अध्यक्ष श्री प्रमोद धवन का स्कूल परिसर में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## खेल संगठनों के फर्जीवाड़े पर लगेगी लगाम

टीम एक्शन इंडिया

**नूंह मेवात ( लियाकत अली ) :** हरियाणा में चल रहे फर्जी खेल संगठनों पर लगाम लगाने की तैयारी हो गई है। हरियाणा ओलंपिक संघ ने प्रदेश के सभी जिला खेल अधिकारियों को पत्र लिखकर इस संबंध में गाइडलाइन जारी की है। यही नहीं ओलंपिक संघ ने राज्य के खिलाड़ियों से भी अपील की है कि वह गैर मान्यता प्राप्त संघों के बैनर तले न खेलें। इससे उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा। प्रदेश में कई मामले ऐसे आ चुके हैं जिसमें गैर मान्यता प्राप्त खेल संगठन अपना खेल कर रहे हैं। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंद्र मीन बेनीवाल ने इस संबंध में एक गाइडलाइन जारी करते हुए



जिला खेल अधिकारियों को कहा कि राज्य में कई गैर मान्यता प्राप्त और असंबद्ध संगठनों द्वारा खेलों के आयोजन करवाए जा रहे हैं। जिनकी खिलाड़ियों को कोई जानकारी नहीं होती है कि यह संगठन हरियाणा ओलंपिक संघ के अधिकार क्षेत्र में काम कर रहे हैं या नहीं। खिलाड़ियों को इस बारे में बताना बेहद जरूरी है। हरियाणा ओलंपिक संघ से संबंधित खेलों के आयोजनों में भाग लेने से उन्हें बेहतर फायदा हो सकता है। संघ की तरफ से गैर मान्यता प्राप्त और असबंद्ध संगठनों द्वारा करवाए जा रहे खेल आयोजनों को किसी प्रकार का समर्थन नहीं है। इस प्रकार के आयोजन खिलाड़ियों को भ्रमित कर रहे हैं। मीनू बेनीवाल ने कहा कि खिलाड़ियों को किसी भी आयोजन में हिस्सा लेने से पहले इनकी जानकारी जुटानी जरूरी है।

**वर्तमान में एच.ओ.ए. से संबंधित मान्यता प्राप्त 19 खेल संगठनों की सूचीः** -1. हरियाणा तीरंदाजी संघ 2. एथलेटिक्स हरियाणा 3. हरियाणा बैडमिंटन संघ 4. हरियाणा मुक्केबाजी संघ 5. हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ 6. हरियाणा राज्य तलवारबाजी संघ 7. हरियाणा फुटबॉल संघ 8. हरियाणा कैनोइंग और कयाकिंग संघ 9. हॉकी हरियाणा 10. हरियाणा टेबल टेनिस संघ 11. एमेच्योर कबड्डी संघ हरियाण 12. हरियाणा टेनिस संघ 13. हरियाणा ट्रायथलॉन संघ 14. वॉलीबॉल संघ हरियाणा15. भारोत्तोलन संघ हरियाणा 16. हरियाणा तैराकी संघ 17. हरियाणा नेटबॉल संघ 18. हरियाणा राइफल संघ 19. कुश्ती हरियाणा संघ।

आइस स्केटिंग व दूसरे विंटर खेलों को झटकाः- हरियाणा ओलंपिक एसोसिएश की ओर से जारी लिस्ट में विंटर खेलों के खिलाडियों को ग्रेडशन मिलने की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका लगा है। इनमें सब से बड़ा झटका आइस स्केटिंग खेल को लगा है।

## खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीक और फसल विविधीकरण की दी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया

**लाड़वा (विजय कौशिक):** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र तथा राज्य की कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन व बागवानी के अधिकारी गांव में जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं। 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत विभिन्न संस्थान व जिले के कृषि से जुड़े हुए अन्य विभाग के अधिकारी गण किसानों से सीधा जुड़ कर उनके साथ रोज कृषि से संबंधित अनेक जानकारियां, नवीनतम तकनीक साझा कर रहे है। खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीक प्राकृतिक खेती की विधियां फसल विविधीकरण मृदा



स्वास्थ्य कार्ड आधारित फसलों का चयन संतुलित उर्वरकों का प्रयोग आईसीटी और आधुनिक यंत्रों से स्मार्ट कृषि आदि मुख्य उद्देश्यों पर ब्लॉक लाडवा के 6 गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया। टीम 2 की नोडल अधिकारी डॉ कविता ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया की किसान समय पर बुवाई, प्रमाणित बीज का उपयोग, बीजोपचार और मिट्टी की जांच करके अपनी फसल का उत्पादन बढ़ा सकते हैं। डॉ सुनील कुमार वैज्ञानिक भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र -करनाल ने किसानों को गेहूं एवं जौ की उन्नत किस्मों के बारे में जानकारी दें। डॉ सौरभ कादियान वैज्ञानिक भारतीय डेयरी अनुसंधान संस्थान- करनाल ने पशुओं में थनैला गर्ल को तो बांझपन जैसे रोग की रोकथाम के बारे में जानकारी दी।डॉ सोनिया अहलावत वैज्ञानिक राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो करनाल ने देसी नस्ल के पशु पालने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय नस्ल की साहीवाल, हरियाणवी, थारपारकर,गिर गायों के दूध की गुणवत्ता शंकर नस्ल के पशुओं से अच्छी होती है। डॉ प्रवीण कुमार अधिकारी इफको ने किसानों से संतुलित मात्रा में रासायनिक खादों और नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटेशियम के वैकल्पिक खादो के प्रयोग के लिए आग्रह किया। डॉ ललिता रानी वैज्ञानिक गृह विज्ञान ने कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र में विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में किसानों को अवगत करवाया। डॉ मनोज कुमार सिंह ने पॉपुलर के पड़े के रख रखाव संबंधित जानकारी किसानों को दी। खंड कृषि अधिकारी लाडवा डॉ अमित कंबोज ने कृषि विभाग से मिलने वाले विभिन्न सब्सिडी अनुदान के बारे में विस्तार से बताया। डॉ सागर डी विभूति वैज्ञानिक केंद्रीय मृदा लावण्यता अनुसंधान संस्थान - करनाल ने मिट्टी की जांच के आधार पर जिप्सम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पशु पालन,बागवानी, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजा बुद्ध की नगरी पिंगलगड़(पिनगवा) में बनी ऐतिहासिक धरोहरों की हालत खस्ता

टीम एक्शन इंडिया

**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** मेवात जिले में प्रशासनिक उपेक्षा के कारण ऐतिहासिक धरोहर मिटती जा रही है। पुरात्तव विभाग का भी मेवात की धरोहरों को संजोय रखने पर खास ध्यान नहीं है। जिले के पिनंगवा में भी राजाओं की अनेक राजधानी व ऐतिहासिक धरोहर मौजूद है। पिनंगवा कस्बे को पिंगलगड के नाम से जाना जाता था और इसे राजाओं की नगरी भी कहा जाता है जिसमें मुगल काल से पहले व बाद के शानदार नक्काशी से सजे खूब-सूरत महल, बावड़ी, मंदिर, मस्जिद आदि मौजूद है। ऐतिहासकार बताते हैं कि पिंगलगड़ को



राजा बुद्ध की नगरी कहा जाता है यहाँ पर राजा बुद्ध अनेकों राजाओं की निसानीया मौजूद हैं ।

जानकारी के अनुसार राजा नल ने पिंगलगड़ में राजा बुद्ध के यहां 14 वर्ष का वनवास काटा था । बता दें कि राजा नल का लड़का ढोलकवर जब बुद्ध राजा की लड़की मारवन से शादी करने पिंगलगड़ आया था तो जिस ऊटनी पर वो बैठकर आया था तो उस ऊटनी के पिछले हिस्से पर राजा बुद्ध द्वारा बनाया गया सानदार पत्तरों से बना दरवाजा गिर गया था जो आजभी मौजूद है जिससे देखने लोग आते हैं ।लोगों ने कहा कि ऐतिहासिक इमारतों को समय रहते बचाया नहीं गया तो मेवात का गंगा-जमुना तहजीब का अंत हो जाएगा।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 12 जून 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### धर्मार्थ गौशाला भटगांव की नई कार्यकारिणी चुनाव की नामांकन प्रक्रिया संपन्न: अनूप

**सोनीपत।** धर्मार्थ गौशाला भटगांव की नई कार्यकारिणी के लिए 29 जून को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो गई है। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता अनूप सिंह दहिया ने बताया कि प्रधान पद के लिए अनिल कुमार दहिया निवासी गाँव सेहरी हाल खरखौदा, उपप्रधान पद के लिए बलजीत सिंह निवासी गांव रोहट, महासचिव पद के लिए राम निवास निवासी आर्य नगर सोनीपत, सह सचिव पद के लिए दिनेश कुमार निवासी गांव खांडा, कोषाध्यक्ष पद के लिए सतपाल निवासी गाव खांडा ने अपना नामांकन दर्ज करवाया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के लिए रोहतास निवासी गांव सलीमसर माजरा, नरेश कुमार निवासी गाव भटगांव मालयान, नरेश कुमार निवासी गांव महलाना, रणधीर सिंह निवासी गांव भटगांव डूंगरान, रणबीर सिंह निवासी गांव रिढाऊ तथा वेद सिंह निवासी गांव भटगांव डूंगरान ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 12 जून को की जाएगी।

### अवैध खनन की रेकी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** जठलाना थाना पुलिस ने अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए अधिकारियों की रैकी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सूरजभान निवासी चौगावां और हरिराम निवासी ज्योतिसर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से रैकी से जुड़े कई व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी बरामद किए हैं। जठलाना थाना में तैनात एएसआई सतनाम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वे अपनी टीम के साथ एक लापता युवती की तलाश में उमरी चौक के पास मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सुरजभान और हरिराम अवैध खनन में लिप्त हैं और अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए व्हाट्सएप ग्रुपों के जरिये रैकी का काम कर रहे हैं। सुरजभान व हरिराम की गुमथला के घाट नंबर 17 पर गाड़िया रेत लोड करने के लिए गई हुई है। दोनों अपनी गाड़ियों को चोरी छिपे निकालने के लिए गुमथला राव से इंद्री से होते हुए कुरुक्षेत्र लाएगें। गाड़ियों के ड्राइवर रैकी के लिए बने वाट्सएप ग्रुपों से जुडे हुए है। अगर तुरंत रेड की जाए तो दोनों युवकों को कार सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उमरी चौक पर एक नई कार को रोका, जिसमें दोनों आरोपी सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सूरजभान और हरिराम बताया। तलाशी के दौरान सूरजभान के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें से कई वाट्सएप ग्रुपों की जानकारी मिली। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि ह्यजय श्री रामह्न नामक ग्रुप में 217 सदस्य जुड़े हुए हैं और उसमें कई ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पाई गई हैं।

### रोहतक में सुपर स्पेशलिटी ओपीडी का शुभारंभ

**रोहतक।** दिल्ली के द्वारका में स्थित 500 बिस्तरों वाला मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल, वेंकटेश्वर अस्पताल, वी केयर मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल, रोहतक के साथ साझेदारी में सुपर स्पेशलिटी ओपीडी का शुभारंभ कर रहा है । यह सहयोग दिल्ली के प्रमुख विशेषज्ञों को सीधे रोहतक लाता है, जो रोहतक और पड़ोसी क्षेत्रों के रोगियों को उपयुक्त परामर्श प्रदान करेंगे। इस साझेदारी के माध्यम से, मरीज अब रोहतक में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ( कैंसर रोग विशेषज्ञ) , न्यूरोसर्जरी ( मस्तिष्क एवं रीढ़ सर्जन विशेषज्ञ ), नेफ्रोलॉजी ( किडनी रोग विशेषज्ञ ) और गुर्दा प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक विशेषज्ञ प्रत्येक माह के निर्धारित दिन पर रोहतक में उपलब्ध रहेंगे, जिससे स्थानीय रोगियों को परामर्श प्राप्त करने और अपने उपचार की योजना करने में मदद मिलेगी।

# विश्व में मोदी का डंका बज रहा और कांग्रेस की बैंड बज रही है : कृष्णपाल

## मोदी सरकार का कार्यकाल इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा : कृष्णपाल गुर्जर

**अग्रसर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा हैं: कृष्ण पाल गुर्ज्जर



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भारत सरकार में केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्ण पाल गुर्ज्जर ने कहा कि मोदी की सरकार 100 प्रतिशत संकल्प से सिद्धि की सरकार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा हैं, उनके नेतृत्व में जो फैसले एवं योजनाएं क्रियान्वित की गई है, उन्हें धरातल पर लागू करने का काम किया गया हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री अम्बाला शहर सैक्टर 9-10 के नजदीक स्थित बीजेपी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री का यहां पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर शैलजा सचदेवा, पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष बन्तो कटारिया, प्रदेश प्रवक्ता डॉ संजय शर्मा, रितेश गोयल, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व अन्य ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिन्नदन किया। केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्ज्जर ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत को मजबूत, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किए गए हैं। देश के 140 करोड़ भारतीय लोग नरेन्द्र मोदी के साथ विश्वास जताते हुए भारत को विकसित बनाने के लिए तैयार है और सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास व सबका प्रयास मूल मंत्र के साथ भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है वह साकार होगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि पिछले 11 सालों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की हैं, देश का ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जो विकास से अछूता रहा हो। तेजी से भारत आगे बढ रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में निरन्तरता में जो कार्य किए जा रहें है, उसे स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा तथा मोदी सरकार का यह कालखंड भारत के विकास के लिए मजबूत नींव रखेगा। केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए सबसे पहले राष्ट्र है, यह उनकी सोच में शामिल है। उनके नेतृत्व में तकनीक से तरक्की, भाजपा सरकार में सुशासन, गरीबों का कल्याण, शासन अब सेवा तथा सरकार की सहभागिता शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है तो मुमकिन हैं। विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत अब चौथे स्थान पर आ गया है। वर्ष 2026 तक भारत जर्मन को पछाड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राजनीति के रूप को बदला है, अब पोलिटिक्स के साथ परफोमेन्स, रिस्पांसिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट, ट्रॉन्प्रेरेन्सी व पब्लिक के प्रति जवाबदेही सरकार हैं और यह सब भाजपा सरकार में हुआ हैं।

# 54.73 ग्राम स्मैक के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री /(मैनपाल कश्यप )**
बीती शाम जिला पुलिस की एंन्टी नारकोटिक सेल के इन्चार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह की अध्यक्षता मे गुप्त सुचना के आधार पर आरोपी.. इंसार निवासी गांव बिसाल हेडा थाना नक्कुड, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफतार किया गया। इस संबंध में एंटी नारकोटिक सेल इंचार्ज हिम्मत सिंह ने बताया कि इस मामले में मोहसीन निवासी गांव विसालेहेडा थाना नक्कुड, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को 54.73 ग्राम स्मैक सहित गिरफतार कर माननीय न्यायालय से दो दिन का रिमांड मंजूर किया गया था। इस सबंध मे आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस.एक्ट की धाराओ के तहत थाना कुंजपुरा मे मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि वह उसके दूसरे साथी इंसार से नशे की इस खेप को खरीदकर लाया था। जिसे आज टीम द्वारा गिरफ्तार कर अदालत के सामने पेश किया गया।

**सम्मान**

आरोपी से गहनता से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि वह उसके दूसरे साथी ने नशे की इस खेप को खरीदकर लाया था

# करतारपुर गांव के शिव मंदिर से चोर गुल्लक लेकर फरार, केस दर्ज

**जांच शुरू**

चोर मंदिर में रखी गुल्लक चोरी कर फरार हो गए। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर/ (कुलदीप सैनी) :** करतारपुर गांव के पास आवर्धन नहर किनारे स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। चोर मंदिर में रखी गुल्लक चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करतारपुर निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घटना 9 जून की अलसुबह करीब 3 बजे की है। जब वह मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर की गुल्लक गायब थी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना गांववासियों और पुलिस को दी। राजकुमार ने बताया कि गुल्लक में कितनी नकदी थी, इसका सही अनुमान नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत की ओर से गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और उम्मीद जताई कि कैमरों की फुटेज की जांच से चोरों की पहचान हो सकेगी।

# श्री हरिगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर विशाल नगर कीर्तन सजाया

**लंगर**

लंगर, मिस्से प्रशादे के लंगर, लस्सी, ठंडे मीठे जल की छबीलें, जलजीरा आदि के लंगर लगाए गए



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** श्री अकाल तख्त साहिब के सिरजनहार, मीरी पीरी के मालिक छठे गुरु श्री हरिगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर एक विशाल नगर कीर्तन सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप फूलों से सजी पालकी में सुशोभित किए गए। नगर कीर्तन की शुरूआत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के चरणों में अरदास कर की गई। यह नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा मंजी साहिब से प्रारंभ होकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया व पांच प्यारों की अगुवाई में यह नगर कीर्तन शहर के मुख्य बाजारों मीरी पीरी चौक, गुरुद्वारा बेगमपुरा, नाहन हाऊस, जगाधरी गेट, पटेल रोड, दाल बाजार, सरार्फा बाजार, कोतवाली बाजार, पुरानी अनाज मंडी से स्पाटू रोड होता हुआ गुरुद्वारा मंजी साहिब में जाकर संपन्न होगा। इस दौरान नगर कीर्तन में विभिन्न स्कूलों के बच्चे बैंड के साथ शामिल हुए। वहीं शहर के विभिन्न गुरुद्वारों के सेवक जत्थे, स्त्री सत्संग सोसाइटी, कीर्तनी जत्थे, नगर कीर्तन में शामिल रहे। जिन्होंने श्री गुरु हरिगोबिंद साहिब जी की महिमा का गुणगान किया।

इस दौरान खालसा पोशाकों में सजे बच्चों ने नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाई। गतका पार्टी के युवाओं ने कौशल दिखाए। संगत के लिए विभिन्न व्यंजनों के लंगर, मिस्से प्रशादे के लंगर, लस्सी, ठंडे मीठे जल की छबीलें, जलजीरा आदि के लंगर लगाए गए। कल गुरुद्वारा मंजी साहिब में सुबह 9 बजे से दीवान सजाए जाएंगे। जिसमें मीरी पीरी खालासा जत्था जगाधरी वाले, भाई सुरिंद्र सिंह व भाई नछतर सिंह हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई गुरसेवक सिंह रंगीला, भाई सुखदेव सिंह, भाई कुलवंत सिंह, भाई गुरचरन सिंह जोगी, भाई गरजा सिंह मानकपुर, भाई कुलदीप सिंह, भाई दविंद्र सिंह, ज्ञानी हरसिमरन सिंह, ज्ञानी सतनाम सिंह, ज्ञानी मलकीत सिंह व भाई सतिंद्रपाल सिंह जी संगत को गुरबाणी कीर्तन व कथा से निहाल करेंगे।

# पंचायत भवन में गांव की पहली सार्वजनिक लाइब्रेरी की स्थापना की

**उद्घाटन**

गांव की महिला सरपंच हरप्रीत कौर के प्रतिनिधि एवं उनके पति चरणजीत सिंह द्वारा रिबन काटकर किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप):**
गांव जनेसरो की ग्राम पंचायत ने शिक्षा क्षेत्र में एक सराहनीय कदम उठाते हुए पंचायत भवन में गांव की पहली सार्वजनिक लाइब्रेरी की स्थापना की है। इसका विधिवत उद्घाटन गांव की महिला सरपंच हरप्रीत कौर के प्रतिनिधि एवं उनके पति चरणजीत सिंह द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में मौजूद रहे। इस पहल से न केवल गांव के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए इंद्री जैसे कस्बों की ओर जाने की आवश्यकता समाप्त होगी, बल्कि उन्हें एक शांत और उपयुक्त वातावरण भी उपलब्ध होगा, जहां वे एकाग्रता के साथ अपनी पढ़ाई कर सकेंगे।उद्घाटन अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि चरणजीत सिंह का फूलमालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया और इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामनिवास कश्यप, जगदीश कश्यप, जोगिंद्र कश्यप, विश्वास कश्यप, अजय, अंजू कश्यप तथा पंचायत सदस्य रामधन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।सरपंच प्रतिनिधि चरणजीत सिंह ने बताया कि ह्लगांव में पहले पढ़ाई के लिए कोई भी पुस्तकालय नहीं था। इस कारण बच्चों को अतिरिक्त पढ़ाई या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंद्री जाना पड़ता था। अब यह लाइब्रेरी गांव के बच्चों के लिए एक नई दिशा प्रदान करेगी।

# खरखौदा में अवैध तेल बिक्री का भंडाफोड़




**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के खाद्य एवं पूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर प्रवेश ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि खरखौदा के बरोणा रोड पर स्थित कृष्ण ढाबा पर ट्रक चालकों से तेल चोरी कर अवैध तरीके से बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने छापेमारी की और ढाबा पर खड़े तेल टैंकर से 135 लीटर डीजल और 30 लीटर पेट्रोल बरामद किया। मौके से दो व्यक्तियों जोगेंद्र सिंह निवासी कृष्णपुरा पानीपत और प्रदीप उर्फ काला निवासी साम्मान तहसील महम रोहतक को गिरफ्तार किया गया है। जोगेंद्र सिंह ने बताया कि वह ट्रक चालक है, जबकि प्रदीप उर्फ काला ने बताया कि वह ट्रक से तेल चोरी कर सस्ते दामों पर खरीदता है और मार्केट में बेचता है। जब विभाग की टीम ने दोनों आरोपियों से अवैध डीजल और पेट्रोल के भंडारण के लिए लाइसेंस और परमिट मांगा, तो वे कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। इसके बाद खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खाद्य एवं पूर्ति विभाग की इस कार्रवाई से अवैध तेल बिक्री के खिलाफ एक बड़ा संदेश गया है। विभाग की टीम आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी।

# महिलाओं ने चालक पर नशीला स्प्रे कर लूटा सोने का कड़ा

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**झज्जर** जिले के बादली निवासी अमित ने खरखौदा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि झरोठी टोल के पास कुछ महिलाओं ने उनकी गाड़ी रोककर उन पर नशीला स्प्रे कर सोने का कड़ा लूट लिया। अमित ने बताया कि वह अपनी गाड़ी से सोनीपत से वापस आ रहा था, जब झरोठी टोल के पास कुछ महिलाओं ने उसे गाड़ी रोकने का इशारा किया। महिलाओं ने कहा कि उन्हें आगे जाना है, और इसी दौरान एक महिला ने उसके मुंह पर नशीला स्प्रे मारा, जिससे वह बेसुध हो गया। जब अमित होश में आया, तो उसने देखा कि उसका सोने का कड़ा गायब था और महिलाएं फरार हो चुकी थीं।

# पूर्णिमा पर सत्यनारायण कथा व हवन यज्ञ का आयोजन



**ज्येष्ठ पूर्णिमा**

ज्येष्ठ पूर्णिमा भगवान विष्णु के भक्तों के लिए सबसे शुभ और पवित्र दिनों में से एक है

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भगवान परशुराम मंदिर, पीपली बाजार, अंबाला शहर में जिला ब्राह्मण सभा, द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा मनायी गई। इस अवसर पर पंडित पंकज डिमरी ने सभी भक्तों को भगवान सत्यनारायण जी की कथा सुनाई। कथा के दौरान पंडित पंकज डिमरी ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा भगवान विष्णु के भक्तों के लिए सबसे शुभ और पवित्र दिनों में से एक है। यह दिन श्री हरि भक्तों के बीच बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह दिन हिंदू धर्म में पवित्र दिनों में से एक माना जाता है। इस शुभ दिन पर, भक्त व्रत रखते हैं और भगवान सत्यनारायण के रूप में भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। माना जाता है कि इससे दैवीय सुरक्षा और धन की प्राप्ति होती है। भक्त गंगा में पवित्र स्नान करते हैं, मंदिरों में जाते हैं। सत्यनारायण की कथा के बाद सभी ने हवन यज्ञ किया तथा कथा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभा के चेयरमैन देवेन्द्र शर्मा, महेश दत्त वशिष्ठ, जुगल किशोर शर्मा, लता, सुमन, मधु, सुमन जयवन्ती, शान्ती, अन्नु, वीरांवाली, सरिता, रानी, गीता एवं कविता आदि उपस्थित रहे।

# कैथल बस स्टैंड में खराब पड़े वाटर कुलर, यात्री परेशान



**खराब**

रोडवेज के जीएम कमलजीत चहल ने बनाया छुट्टी का बहाना नहीं दी जानकारी

5 वाटर कुलर लगे हुए हैं जिनमें 2 खराब है

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल/(नसीब सैनी)।** कैथल में 42 डिग्री के तापमान में रोडवेज बस स्टैंड पर पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। वाटर कुलर खराब पड़े हुए हैं जिस ओर रोडवेज के जीएम का कोई ध्यान नहीं है। वाटर कुलर सिर्फ शोपीस बने हुए हैं यात्री काफी परेशान होकर महंगे दामों में बोतल वाला पानी खरीदने को मजबूर है। जहां लोग इतनी गर्मी में ठंडे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं वहीं भीषण गर्मी में रोडवेज बस स्टैंड पर पीने के पानी का संकट छाया हुआ है। परिवहन विभाग की ओर से लगे वाटर कूलर में भी पानी ठंडा नहीं आ रहा है। जो सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं जिससे स्थानीय दुकानदारों को खराब वाटर कुलर का फायदा मिल रहा है लोगों को प्यास बुझाने के लिए महंगे दामों में पानी खरीदकर ही पीना पड़ रहा है। रोडवेज बस स्टैंड पर रोजाना हजारों की संख्या में यात्रियों का आना जाना होता है। सुबह लेकर रात तक लोगों को बस स्टैंड पर पानी तक नहीं मिलता। रोडवेज की ओर से पीने के पानी के लिए वाटर कूलर लगाया गया था। जो काफी समय से खराब पड़ा हुआ जिसमें से गर्म पानी आता है जो 42 डिग्री के तापमान में पीने योग्य नहीं है। दूर से लोग पानी का वाटर कूलर देखकर पीने के लिए पहुंचते है, लेकिन वहां पर पानी नहीं मिलता। रोडवेज निगम की ओर से जो पानी की टंकिया लगी है उनमें गर्म पानी आ रहा है। लोगों को प्यास बुझाने के लिए बीस रुपये की पानी की बोतल खरीदने पड़ती है। पानी के लिए कोई व्यवस्था ना होने के कारण यात्री हर समय परेशान रहते है। वाटर कुलर के खराब होने से स्थानीय दुकानदारों को लाभ होता है।

**-रोडवेज के जीएम कमलजीत चहल ने बनाया छुट्टी का बहाना नहीं दी जानकारी**

जब खराब पड़े वाटर कुलर के बारे में रोडवेज के जीएम कमलजीत चहल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज छुट्टी है और कोई भी संबंधित कर्मी जानकारी देने के लिए वहां नहीं हैं उन्होंने बात को गोलमोल घुमाते हुए सरकारी छुट्टी का बहाना बना दिया।

**5 वाटर कुलर लगे हुए हैं जिनमें 2 खराब है जो परसो ही खराब हुए है**

कार्यवाहक एसएस कैथल राजबीर ने बताया कि 5 वाटर कुलर लगे हुए हैं जिनमें 2 खराब है जो परसो ही खराब हुए हैं उनको आज हो ठीक करवाया जाएगा। किसी भी यात्री को पीने के पानी की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।

# इंद्री में भीषण गर्मी का कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप)**
इन दिनों इंद्री में पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। तापमान लगातार 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे दिन के समय घर से बाहर निकलना जोखिम भरा हो गया है। गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों ने हालात और भी गंभीर बना दिए हैं। इस अत्यधिक गर्मी का सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों पर देखा जा रहा है। स्थानीय निवासी राजबीर, श्यामलाल, रामचंद्र और ऋषि ने बताया कि "दोपहर में बाहर निकलना मानो मौत को दावत देने जैसा हो गया है। खेतों में काम करने वाले किसानों की हालत बेहद खराब है।" इंद्री के नागरिक अस्पताल में डॉ. दीपक कश्यप ने जानकारी दी कि इन दिनों डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। अस्पताल में ऐसे मरीजों के लिए एक अलग वार्ड भी बनाया गया है, ताकि उन्हें उचित देखभाल मिल सके। डॉ. कश्यप ने लोगों से अपील की कि दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें, अधिक से अधिक पानी पिएं, हल्के और ढीले कपड़े पहनें तथा सिर को ढककर ही बाहर जाएं। तेज गर्मी और जलस्तर में गिरावट ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। सिंचाई में कठिनाई के चलते खरीफ फसलों की बुवाई पर असर पड़ सकता है। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें।

# आगामी 6 जुलाई को परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का होगा आयोजन: गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
आगामी 6 जूलाई रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन एस.डी.विधा मन्दिर स्कूल पानीपत में सुबह 10 बजे किया जाएगा। इसकों लेकर ब्राहमण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने जलमाना,जलालपुर प्रथम गांव में पूर्व ब्रहामण सभा प्रधान सुरेन्द्र शर्मा सनौली खुर्द,ऋतमोहन शर्मा,संजीव भारद्वाज,पूर्व प्रधान बलवान आढती के साथ न्यौता दिया। सर्व प्रथम जलालपुर प्रथम गांव के कालीसिहं बाबा धाम पर बाबा के नाम और फिर भगवान



परशुराम मन्दिर में भगवान परशुराम के चरणों में निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रार्थना की। इसके उपरांत ग्रामीणों ने फूल मालाओं से पगडी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में बड़े-बुजुर्गों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। बुजुर्ग कितने कष्ट झेलकर समाज व बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य करते हैं। इसलिए आगामी 6 जुलाई रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्गों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान समाज हित के कार्यों के लिए बुजुर्गों से सुझाव लिए जाएंगे। इससे पहले ग्रामीणों ने प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम का पगडी पहनाकर स्वागत किया लेकिन उन्होने पगडी का सम्मान करते हुए ब्राहमण सभा के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र शर्मा सनौली को पगडी पहनाते हुए कहा कि हमें पहले अपने बुजुर्गो का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर रणजती कौशिक,आनंद कौशिक,शिवकुमार झांबा,नरेश शास्त्री जलमाना,हरिकिशन शास्त्री,एनडी शर्मा,लालचंद शर्मा,राजेश शर्मा,नरेश शर्मा,रमेश शर्मा,पूर्व सरपंच भानेराम शर्मा,सतबीर फौजी,संदीप एडवोकेट,राजबीर,प्रेम,ओमप्रकाश ,मा.देईचंद,कालू शर्मा, प्रवीन,विरेन्द्र,कैलाश आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद थें।
फोटो फाइल-1- जलालपुर प्रथम गांव के परशुराम मन्दिर में सर्व ब्राहण सभा पूर्व सुरेन्द्र शर्मा का पगडी पहनाकर फूलमालाओं से स्वागत करते ग्रामीण व साथ प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम व अन्य।
फोटो फाइल-2-जलालपुर प्रथम गांव के परशुराम मन्दिर में बुजुर्ग सम्मान समारोह का न्योता देते ब्राहमण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम व अन्य।

# राई औद्योगिक क्षेत्र में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्री श्री 1008 रूडे नाथ बाबा के भंडारे में उमड़ी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राई औद्योगिक क्षेत्र में श्री श्री 1008 रूडे नाथ बाबा का 14 वा विशाल भंडारा जेठ माह की पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद समाजसेवी पुनीत राई द्वारा लगाया गया।
कार्यक्रम की शुरूआत में हवन यज्ञ किया गया। जिसमें पुनीत राई के अलावा गणमान्य लोगों ने आहुति डाली और क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया और बाबा के जयकारे लगाए। लोगों ने भंडारे की व्यवस्था की प्रशंसा की और कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था। उन्होंने बाबा के आशीर्वाद की कामना की और उनकी कृपा की प्रार्थना की। धार्मिक कार्यक्रम में बाबा का आशीर्वाद लेने के



लिए विधायक कृष्णा गहलावत , विधायक निखिल मदान, पूर्व सांसद रमेश चंद्र कौशिक, मेयर राजीव जैन, ललित बत्रा, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, गन्नौर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा, शिमला देवी चेयरमैन कुंडली के अलावा नगर निगम सोनीपत के सभी पार्षद भी शामिल हुए । राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि हवन व भंडारे जैसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा हैं। इन आयोजनों के माध्यम से हम अपनी धार्मिक और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। यह आयोजन एक अद्भुत उदाहरण है जो हमारी सामाजिक एकता और धार्मिक भावना को दशार्ता है। विधायक कृष्णा गहलावत ने धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक पुनीत राई की बेहतर आयोजन पर बधाई देते हुए कहा है कि आयोजन में उन्होंने अपनी धार्मिक भावना को व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### अन्नदान सहायता में गांव खुबडू मिसाल बनने पर दीनबंधु चौधरी छोटूराम धाम समिति ने गांव के सबसे बड़े बुजुर्ग का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
गांव खुबडू में बुधवार को दीनबंधु चौधरी छोटूराम धाम समिति के पदाधिकारी ने पहुंचकर अन्नदान सहायता में गांव खुबडू मिसाल बनने पर दीनबंधु चौधरी



छोटूराम धाम समिति के पदाधिकारियो व घड़?वाल गांव की पंचायत ने गांव के सबसे बड़े बुजुर्ग फतेह सिंह धनखड़ का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इसके अलावा समिति द्वारा अनुदान सहायता में सहयोग करने वाले लोगों का भी सम्मान किया । समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने कहा कि अन्नदान सहायता में गांव के लोगों द्वारा दिए गए सहयोग को हमेशा याद किया जाएगा । ग्रामीणों ने बहुत ही अच्छा सराहनीय कार्य किया है । गांव के सबसे बड़े बुजुर्ग फतेह सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि दीनबंधु चौधरी छोटूराम एक महान किसान नेता थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी। उनके कार्यों और योगदान को हमेशा याद रखा जाता है। उन्होंने किसानों को सूदखोरों के चंगुल से मुक्त कराने के लिए कर्जा माफी अधिनियम जैसे कानून बनाए। कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम बनाया , अधिनियम के तहत किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने का नियम बना। गिरवी जमीनों की मुफ्त वापसी एक्ट बनाया,जिसमें किसानों की गिरवी रखी गई जमीनों को वापस दिलाने का प्रावधान किया गया। बुजुर्ग फतेह सिंह धनखड़ ने कहा कि आज के समय में भी दीनबंधु चौधरी छोटूराम के कार्यों और विचारों को बहुत महत्व दिया जाता है। उनके द्वारा बनाए गए कानून और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर आज भी किसान और मजदूर अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं।

### गाड़ी साइड करने को लेकर व्यक्ति से मारपीट, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**.गन्नौर:** गांव भौरा रसूलपुर में गाड़ी साइड करने को लेकर एक व्यक्ति की गांव के ही कुछ व्यक्तियों के साथ कहासुनी हो गई। आरोपितों ने शराब के नशे में व्यक्ति के साथ मारपीट की। घायल सुशील के भाई ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव भौरा रसूलपुर निवासी हवासिंह ने बताया कि उसका भाई सुशील 9 जून की दोपहर को गांव में पंक्चर की दुकान पर अपने दोस्त अनिल के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान गांव के विनोद, मांगे व नरेंद्र के साथ उनकी गाड़ी साइड करने को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। आरोपित विनोद, मांगा, नरेश व उसके साथी शराब के नशे में थे। उन्होंने उसके भाई पर डंडों से हमला किया और जान स मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपित विनोद, मांगे, नरेश व उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गढ़ी झंझारा रोड पर युवक के अपहरण का प्रयास, मारपीट व लूटपाट का केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** गढ़ी झंझारा रोड स्थित एक मंदिर के पास 8 जून को एक युवक के अपहरण की कोशिश, उसके घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायतकर्ता सुमित निवासी गांधी नगर ने बताया कि वह सुबह मंदिर में था, तभी अनुराग, रविंद्र, मनजीत, दीपांशु व अन्य आरोपितों ने मिलकर उसे जबरन गाड़ी में डालने की कोशिश की। शोर सुनकर राहगीरों व आरिफ ने उसे छुड़ाया। इसके बाद आरोपित महिलाओं के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस गए। आरोपितों ने सुमित और उसकी मां के साथ मारपीट की। महिलाओं द्वारा उसकी मां को जमीन पर गिरा कर हमला किया गया। आरोप है कि घर से 3 लाख 56 हजार रुपये नकद, एक मंगलसूत्र, दो सोने के कड़े और मोबाइल फोन लूट लिए। घायल सुमित व उसकी मां को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। पुलिस ने शिकायत पर उक्त सभी आरोपितों के खिलाफ के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नपा ने अधर में छोड़ा नाला निर्माण कार्य, 15 दिन से कार्य बंद

## नगर पालिका ने मंदिर से पहले लगभग 60 फुट के हिस्से की खुदाई अधूरी छोड़ दी

**लापरवाही**

**पंचमुखी हनुमान मंदिर तक नाले के निर्माण में लापरवाही के कारण मकान में दरारें आ गई हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका द्वारा सैनी सभा से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक नाले के निर्माण में बरती गई लापरवाही के कारण एक मकान में दरारें आ गई हैं। नगर पालिका ने मंदिर से पहले लगभग 60 फुट के हिस्से की खुदाई अधूरी छोड़ दी है, जिसे 15 दिन से अधिक का समय बीत चुका है।
पंचमुखी हनुमान मंदिर निवासी हीरालाल ने एसडीएम को दी गई शिकायत में बताया कि मोहल्ला सैनीपुरा में सैनी सभा से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक पुराने नाले के स्थान पर नए नाले का निर्माण किया जा रहा है। नाले का अंतिम छोर उनके मकान के पास समाप्त होता है। नगर पालिका की इस लापरवाही के कारण उनके मकान को नुकसान पहुंचा है। इसके लिए उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।
शिकायत में बताई कई समस्याएं वहां पर चार-पांच फीट गहरी खुदाई की हुई है। जिससे मकान की नींव के कालम 2 फुट ऊपर रह गए हैं। नाले का अंतिम छोर होने के कारण नाले का पूरा पानी वही एकत्रित हो जाता है। जिससे कई जगह मकान में दरारें भी आ गई है। अगर यही स्थिति बनी रही तो मकान को नुकसान हो सकता है। आवारा पशु भी उसके अंदर गिर सकते हैं। आगे बारिश का मौसम आ रहा है। आपसे निवेदन है कि बिना देरी किए अधिकारी व कर्मचारियों को मौका भेज कर उचित समाधान करवाया जाएं। क्योंकि पानी निकासी की जगह नहीं है। मकान में होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। क्योंकि नाले की खुदाई किए हुए लगभग 15 दिन हो चुके हैं। इस समय नाले का निर्माण कार्य बंद है। एक पत्र हमने नगर पालिका सचिन को भी समस्या के समाधान के लिए दिया हुआ है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। समस्या का समाधान जल्द से जल्द करवाया जाएं ताकि कोई जनहानि न हो। उन्होंने कहा वह इससे बहुत परेशान है कभी कोई बड़ा हादसा न हो जाए।

# चोरी के आरोपी को भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** रात में मकान में सो रहे व्यक्ति को नशीला पदार्थ सूंघाकर उसका थैला चोरी कर लिया। जिसमें लाखों रूपए और मोबाइल रखा हुआ था। पुलिस ने इस केस में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।
जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय के नाम से हुई, जो मोहल्ला महायचान महेंद्रगढ़ का रहने वाला है। पुलिस आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही थी। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपी नशे का आदी है और उसके खिलाफ पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं।
शिकायतकर्ता जलबीर सिंह निवासी झोझू खुर्द, चरखी दादरी हाल आबाद देवीलाल कॉलोनी महेंद्रगढ़ ने थाना शहर में 6 जून को शिकायत दी थी। जिसमें उसने बताया कि वह तहसील सतनाली मे बतौर स्टाम्प विक्रेता का कार्य करता है। रात करीब 12.40 से 1.30 बजे उसके मकान मे चोर घुसकर व नशीली चीज सुंघाकर मकान से उसका थैला चोरी करके ले गए। जिसमें करीब 1 लाख 80 हजार रुपए व मोबाइल रखा हुआ था। रात 1.40 बजे मकान मालिक की पत्नी ने अवगत कराया। थैले घर से बाहर मिले जिसको चेक करने पर नकदी व फोन नहीं मिले।

# पांची-जाटान रोड पर वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** पांची-जाटान रोड पर मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। वहां से गुजर रहे ग्रामीण ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला, जिससे उसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने ग्रामीण की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में उदेशीपुर निवासी चंद्रभान ने बताया कि 10 जून की रात को वह अपने दोस्त संदीप के साथ पांची जाटान रोड पर घूम रहा था। इस दौरान उसने देखा कि सड़क पर एक बाइक गिरी हुई थी। बाइक में एक युवक घायल अवस्था मे फसा हुआ था जिसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घायल के दाहिने हाथ पर अंग्रेजी के अक्षरों में रुकेश लिखा हुआ है। पलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है।

# ऋषि चैतन्य आश्रम में बैडमिंटन के प्रसिद्ध चैंपियन गोपीचंद ने युवाओं को प्रेरित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** बैडमिंटन के प्रसिद्ध चैंपियन और कोच पुलेला गोपीचंद, ऋषि चैतन्य आश्रम में आयोजित ह्यग्रीष्मकालीन युवा शिविर में युवाओं को प्रेरणा देने के लिए पहुंचे । ह्यपरम पूजनीय आनंदमूर्ति गुरुमाँ से भेंट कर आशीर्वाद लिया। गोपीचंद ने युवा प्रतिभागियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना, जिसमें उन्होंने 'योग निद्रा' के अपने जीवन पर और अब अपने छात्रों के प्रशिक्षण पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव को साझा किया। गोपीचंद ने अपने करियर की चुनौतियों और सफलताओं को याद करते हुए बताया कि पूजनीय आनंदमूर्ति गुरुमाँ द्वारा सिखाई गई



योग निद्रा उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से योग निद्रा के अभ्यास ने उन्हें तनाव में शांत रहने, असफलताओं से उबरने और महत्वपूर्ण प्रतिस्पधाओं में एकाग्रता बनाए रखने में बहुत सहायता दी। उन्होंने इस प्राचीन तकनीक को न केवल अपनी जीत का बल्कि पूरे कार्यकाल में मानसिक शक्ति का श्रेय दिया। अब, भारत की अगली पीढ़ी के बैडमिंटन खिलाड़ियों के मेंटर के रूप में, गोपीचंद ने योग निद्रा को अपने अकादमी के प्रशिक्षण का अनिवार्य हिस्सा बना दिया है। अपने संबोधन में गोपीचंद ने सभी युवाओं को बधाई दी और कहा कि इतनी कम आयु में आनंदमूर्ति गुरुमाँ से जीवन की सार्थक शिक्षा सीख पाना बहुत सौभाग्य की बात है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युवा पीढ़ी को योग, ध्यान और योग निद्रा जैसी पद्धतियों को अपने जीवन में सम्मिलित करने का अनूठा अवसर मिला है, जो उनके भविष्य की सफलता और संतुष्टि की नींव रखेगा।

# दुकान की दीवार तोड़ सामान चुराया

**.गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
अगवानपुर गांव के पास चोर दुकान की दीवार तोड़ कर फ्रिज व समान चोरी कर ले गए। दुकानदार ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांवोनीपत निवासी श्रीओम ने बताया कि अगवानपुर गांव स्थित नहर के पास उसकी कन्फेक्शनरी की दुकान है। वह 15 मई को दुकान बंद कर घर चला गया।
अगली सुबह दुकान पर आया तो दुकान की दीवार टूटी हुई थी और दुकान से एक डीप फ्रिज व काफी सामान गायब था। गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सतकुंभा धाम पर संत की तपस्या पूर्ण, वट सावित्री पूर्णिमा पर मेला लगा

**धार्मिक आयोजन**

**--- संत की तपस्या को पूर्वजन्मों के संस्कारों का फल है : श्रीमहंत राजेश स्वरुप**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** सिद्धपीठ सतकुंभा धाम पर बुधवार को वट सावित्री व्रत और ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर सिद्ध संत सत्यवान स्वरुप महाराज की 41 दिवसीय हठयोग तपस्या की पूणार्हुति संपन्न हुई। तपस्या पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मेला लगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल



हुए। श्रद्धालुओं ने पाठ-पूजा की, प्रसाद ग्रहण किया और सत्संग में दिव्य आशीर्वाद लिया। आयोजन के दौरान विद्वान शास्त्रियों और आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजा संपन्न करवाई गई। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें लोगों ने श्रद्धा से भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सिद्धपीठ सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरुप ने दिव्य संदेश में कहा कि संत की तपस्या को पूर्वजन्मों के संस्कारों का फल है। ज्येष्ठ माह में अनेक साधु-संत तपस्या करते आए हैं, परंतु 41 दिन तक अग्निवेला में एक ही स्थान पर रुककर कठिन तप करना सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि हठयोग का महान उदाहरण है। उन्होंने आज की जीवनशैली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज का युग मोबाइल का है, लोग दूर बैठे महापुरुषों को देखते हैं, परंतु अपने गांव-शहर में तपस्या कर रहे संतों को अनदेखा करते हैं। यह समय की विचित्रता है कि घर का जोगी जोगा नहीं, बाहर का जोगी साईं वाली कहावत चरितार्थ होती दिखती है। ऐसे संत ही सच्चे सिद्ध होते हैं, जो समाज के लिए त्याग और साधना का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। धाम में दिनभर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव पाली की एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। मायके वालों का कहना है कि परिवार में आपसी क्लेश के कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं झज्जर गांव के पाटोदा निवासी हनुमान प्रसाद ने पुलिस में दिए अपने बयान में बताया कि, उसके पांच बच्चे हैं। जिसमें तीन लड़के व दो लड़कियां हैं। उसकी बड़ी लड़की लगभग 32 वर्षीय मोनिका की शादी गांव पाली जिला महेंद्रगढ़ में जितेंद्र के साथ, लगभग 13 वर्ष पहले हुई थी। 10 जून को उसकी लड़की मोनिका ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। उसने अपने तौर पर पता कर लिया है। उसकी लड़की मोनिका ने खुद फांसी का फंदा लगाया है। इसमें किसी का कोई कसूर नहीं है। हम किसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते। उसकी लड़की ने यह कदम उसके पति के द्वारा शराब का ज्यादा नशा करने के कारण, परिवार में आपसी क्लेश से परेशान होकर यह कदम उठाया है। उसकी लड़की के दो बच्चे हैं जिसमें लड़का और लड़की।

# संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम के लिए कार्यशाला का किया गया आयोजन

**शिरकत**

**मन की बात के लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा गन्नौर व देवेंद्र कौशिक ने शिरकत की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गन्नौर विधानसभा के गन्नौर मण्डल की संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा



गन्नौर व भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने शिरकत की । प्रजापति धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा के गन्नौर मण्डल की संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम के लिए कार्यशाला में सभी कार्यक्रमों के बारे मे कार्यकताओं को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अजय जैन ने की । नेहरा ने कहा कि सभी शक्ति केन्द्रों तक इसकी जानकारी पहुंचाने का कार्य करे। आगामी 15 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रमो में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली मुख्य अतिथि के रुप पधारेंगे ।
इसके लिए सभी कार्यकताओं को शामिल होने के लिए आह्वान किया। भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकताओं और नेताओं के लिए "संकल्प से सिद्धि" कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व क्षमता में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे पार्टी के उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं को संगठनात्मक कौशल में प्रशिक्षित करने, सदस्यता अभियान, बूथ स्तर पर संगठन और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना, नेतृत्व क्षमता में प्रशिक्षित, संचार कौशल में प्रशिक्षित करना, प्रभावी ढंग से संवाद करना, पार्टी कार्यकताओं को संगठनात्मक कौशल, नेतृत्व क्षमता और संचार कौशल में प्रशिक्षित करना है ताकि वे पार्टी के उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के पार्टी को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी कार्यक्रम के मण्डल संयोजक तरुण देवीदास, कष्ट निवारण समिति सदस्य एवं युवा नेता योगेश कोशिक, प्रभारी अतुल, राजपुर मण्डल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विकास त्यागी, भुषण हसीजा, सुबोध शर्मा, मनिंदर सन्नी के अलावा पार्टी के न पदाधिकारी मौजूद थे।

# रविदास मंदिर में मनाई कबीर की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के मौहल्ला महायचान स्थित गुरु रविदास मंदिर में बुधवार को संत कबीर दास का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने संत कबीर दास के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।
गुरु रविदास सेवा समिति प्रधान संदीप महायच ने बताया कि संत कबीर दास ने समाज को आपसी भाईचारे व पाखंडवाद से दूर रहने का संदेश दिया। संत कबीर बहुत अच्छे विचारक और उच्च कोटि के कवि रहे। उन्होंने अपनी भाषा सरल और सुबोध रखी ताकि वह आम आदमी तक पहुंच सके। कबीर साहेब को शांतिमय जीवन प्रिय था और वे अहिंसा, सत्य, सदाचार आदि गुणों के प्रशंसक थे। अपनी सरलता, साधु



स्वभाव तथा संत प्रवृत्ति के कारण आज विदेशों में भी उनका समादर हो रहा है। मास्टर सतबीर जोनावास ने बताया कि संत कबीर के मार्ग चलकर लोग अपने जीवन को सफल बनाने का संदेश दिया। इस दौरान भजन पार्टी ने भजनों के माध्यम से संत कबीर के जीवन पर प्रकाश डाला।
इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष मास्टर शीतल दास, सुभाष चौहान, रविंद्र अटल, मलखान सिंह यादव, बलजीत यादव, रतिराम, श्यामलाल, माईलाल, शकुंतला, अंगूरी देवी, भगवती देवी, बिमला, संगीता, विद्या देवी, ग्यारसी, संतोष, पिंकी, सुमित्रा, मुन्नी, अंतर, सुनीता, पिस्ता, संता सहित मोहल्ले के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बुराड़ीः डीडीए के नोटिस से श्रीश्याम कॉलोनी में मचा हडकंप

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**

**नई दिल्लीः** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कादीपुर गांव स्थित श्री श्याम कॉलोनी में डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) के एक नोटिस से कॉलोनी वासियों में हडकंप मच गया है। डीडीए द्वारा भेजे गए नोटिस में कालोनी वासियों को 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए खाली करने को कहा गया है, इसके साथ ही डीडीए द्वारा यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर दिए गए समय के भीतर खाली नहीं किया गया, तो मकानों का ताला तोड़कर निर्माण ढहा दिया जाएगा।

**आठ साल पहले बसी थी कॉलोनी, अब एक नोटिस ने किया बेघरः** नोटिस के माध्यम से डीडीए ने बताया कि विकास क्षेत्र जोन में बिना अनुमति के अवैध निर्माण किया गया है। आपको बतादें कि यह कॉलोनी लगभग आठ साल ही पुरानी है और इस कॉलोनी में लगभग 150 परिवार रहते है, जिन्हें एक साथ डीडीए ने नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर घर खाली करने को कहा है।





**आवासी बोले जब प्लॉट कटे, निर्माण हुआ, तब कहां था डीडीएः** स्थानीय निवासी पूनम देवी ने डीडीए के आला अधिकारियों से सवाल करते हुए कहा कि जब कॉलोनी बस रही थी, तब डीडीए के अधिकारी कहां थे, तब क्यों नहीं रोका गया, इसके साथ ही लोगों ने सरकार और दिल्ली विकास प्राधिकरण से सवाल पूछा कि हम तो अनपढ़ लोग है हमें कानून का इतना नहीं पता लेकिन डीडीए के अधिकारी और सरकार को तो पता था कि यह अवैध निर्माण है तो उस समय क्यों नहीं रोका गया।

**डीडीए के नोटिस ने सारे सपने किए चकनाचूरः** श्रीश्याम कॉलोनी में रहने वाले गनौरी सिंह ने बताया कि यहां पर रहने वाले सभी लोगों के मकानों पर नोटिस चस्पा किए गए हैं और जब से नोटिस दिया गया है तभी से हमारे घर में चूल्हा तक नहीं जला है, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अपने गांव की जमीन बेचकर यहां पर घर जमीन खरीदी थी और एक-एक पैसा जोड़कर आशियाना बनाया था, लेकिन डीडीए के एक नोटिस से सारे सपने चकनाचूर हो गए है। इसके साथ ही लोगों ने कहा कि डीडीए ने नोटिस तो थमा दिया है, लेकिन अब हम इस उम्र में अपना घर-मकान बचाने की लड़ाई लड़े या फिर अपने बच्चों कि पढ़ाई और शादी की तैयारियां करें।

**नरेंद्र सोनी, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता** ने कहा कि मकान खाली करने के नोटिस के बाद श्रीश्याम कॉलोनी के लोगों की नींद उड़ गई है। उन्होंने डीडीए से सवाल किया कि यह अवैध कॉलोनी बस रही थी, तब डीडीए कहां था। तभी रोका होता तो यहां मकान बनते ही नहीं। सोनी ने कहा कि इस कॉलोनी में रहने वाले ज्यादा लोग मजदूर वर्ग से हैं और अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई से और कुछ लोगों ने अपने गांव की पुस्तेनी जमीन बेचकर यहां पर छोटा सा जमीन का टुकड़ा लेकर आशियाना बसाया था, लेकिन भाजपा ने इन लोगों के सिर से उनकी छत छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह जमीन सरकारी थी तो यहां डीडीए को बोर्ड लगाकर बताना चाहिए था।

## मुकुंदपुर वार्ड में अनेकों समस्या से त्रस्त्र हैं लोगः अंबिका मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के लोग स्थानीय निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर की अनदेखी के चलते काफी लंबे समय से साफ-सफाई समेत अनेकों परेशानियों से त्रस्त हो चुके है। उक्त बाते मुकुंदपुर वार्ड में रहने वाले व बुराड़ी विधानसभा उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा ने कही। इसके साथ ही मिश्रा ने कहा कि स्थानीय निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने मुकुंदपुर वार्ड में रहने वाले लोगों को अनदेखा किया है। क्षेत्र में साफ-सफाई की काफी कमी है, क्षेत्र से निगम के सफाई कर्मी नदारद रहते है, जिसके चलते क्षेत्र में चहुं ओर



गदंगी का अंबार लगा रहता है। इसके साथ अंबिका मिश्रा ने कहा कि मुकुंदपुर चौक पर अवैध रूप से लगी रेहड़ी पटरियों के चलते रोजाना सड़कों पर घंटो का जाम लगा रहता है, जिसको हटवाने के लिए पार्षद ने कभी ध्यान तक नहीं दिया है।

## इस महीने दिल्ली में 30 से अधिक 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' जनता को समर्पित किए जा रहे हैः पंकज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने नागरिकों को बेहतर, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जो फैसला लिया है। उसके तहत हमारी सरकार अब तक 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और वय वंदना योजना के तहत 3 लाख 45 हजार से ज्यादा स्वास्थ्य कार्ड



जारी कर चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इनमें से एक लाख 67 हजार कार्ड 'वय वंदना योजना के तहत दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को जारी किए गए हैं। वय वंदना कार्ड से 70 साल से अधिक के सभी बुजुर्गो को मुफ्त और कैशलेस इलाज की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। राजधानी दिल्ली में अब तक 85 अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है, जिनमें से 60 प्राइवेट और 25 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। ये सभी अस्पताल सभी पात्र लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, सस्ती और समावेशी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाएं हैं। नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत बेहद कम वक्त में अब तक कुल 3,45,140 स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 1,66,841 कार्ड विशेष रूप से वय वंदना योजना के तहत वितरित किए गए हैं, जो अपनी तरह की अनोखी पहल है। हमारी सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों और बुजुर्गो के लिए सम्मानजनक और मेडिकल सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## वजीरपुरः जनता से किये वादे पूरे कर रही है भाजपाः संजय उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की जनता से जो वादे की किये थे, वह पूरे कर रही है ताकि दिल्ली की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है। यही



कारण है कि देश के लोग ही नहीं बल्कि विदेशी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ने हमेशा ही जनहित में कार्य किया है। जिससे की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

## हॉप्स फुटबॉल क्लब द्वारा केशव पुरम जोन के निगम विद्यालयों के बच्चों को खेल सामग्री वितरित की गई







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली नगर निगम के केशव पुरम जोन के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 100 छात्रों को हॉप्स फुटबॉल क्लब द्वारा फुटबॉल टी-शर्ट, जुराबें, जूते एवं अन्य खेल सामग्री प्रदान की गई। यह आयोजन हॉप्स फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष संजय यादव, जो कि दिल्ली नगर निगम में सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर एवं निगम खेलों के नोडल ऑफिसर भी हैं के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट योगेश वर्मा, निगम पार्षद एवं पूर्व उपमहापौर व नेता सदन रहे। इस अवसर पर जोन के स्कूल इंस्पेक्टर भारत भूषण, केशव शर्मा, एवं सहायक अभियंता मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में एडवोकेट योगेश वर्मा ने हॉप्स फुटबॉल क्लब की सराहना करते हुए कहा कि यह क्लब वर्षों से देश के दूरदराज क्षेत्रों के बच्चों को खेलों से जोड़ने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। देश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, केवल उन्हें अवसर और संसाधनों की जरूरत है। आज जिन 100 बच्चों को खेल किट उपलब्ध कराई गई है, वह न सिर्फ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि उन्हें भविष्य में खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देगी।

जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' के माध्यम से देश की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहे हैं, वैसे ही यह प्रयास निगम के विद्यालयों के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगा। उन्होंने उपस्थित कोचों, अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ से आग्रह किया कि वे बच्चों की प्रतिभा को पहचानें और उन्हें प्रोत्साहित करें। संजय यादव ने बताया कि वे स्वयं एक खिलाड़ी रहे हैं और इसलिए बच्चों के लिए ऐसे संसाधनों की महत्ता को भली-भांति समझते हैं।

## सांसद मनोज तिवारी ने गिनवाई मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा बीते 11 वर्ष के अमृत काल की उपलब्धियां गिनाने के लिए उत्तर पूर्वी जिला के कार्यालय यमुना विहार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक अजय महावर, जिला अध्यक्ष डॉ यू के चौधरी, विनोद कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष, मनोज त्यागी, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान, भाजपा नेता अनिल वशिष्ठ, कुमारी रिंकू, आनंद त्रिवेदी, दुष्यंत वर्मा, राजकुमार झा भी मौजूद रहे।

## जनता को गुमराह करने में आगे है भाजपाः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में झुलसाने वाली भीषण गर्मी ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए है और जहां सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, बस स्टॉपों, बाजारों में दिल्लीवालों को अपनी अजीविका चलाने के लिए हीट वेव से जूझना पड़ रहा है, जबकि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अप्रैल के मध्यांतर में हीटवेव से बचाने के लिए जो व्यापक योजना की घोषणा की थी, शायद भाजपा सरकार उसको भूल चुकी है और यह योजना भी भाजपा के 100 दिन के कार्यकाल में की गई खोखली घोषणाओं को प्रदर्शित करती है।



भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार भ्रमित करने की कार्यशैली के कारण पिछली घोषणाओं को भूल कर दिल्ली की जनता की अनदेखी कर रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री को दिल्लीवालों की परेशानियों से कोई सरोकार ही नहीं है।

## सफाई कर्मियों को किया जाए नियमित, स्वास्थ्य सुविधा का भी रखा जाए ध्यानः दलीप बरवाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली नगर निगम के कच्चे और दैनिक दिहाड़ी पर काम करने वाले कर्मचारियों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है, सालों से नियमित होने की आस को लेकर काम कर रहें इन कर्मचारियों में से अधिकांश कर्मचारी तो रिटायर्ड तक हो गए है और कई रिटायरमेंट की दहलीज़ पर खड़े है और अभी भी इनके पक्के होने की कोई आशा तक नज़र नहीं आ रही है।

राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के 12 जोन और निगम मुख्यालय में लगभग सत्तर हजार सफाई कर्मचारी



कार्यरत है, जो कि दिल्ली में सफाई व्यवस्था को बहाल रखने में अपनी मुख्य भुमिका अदा करते है और खुद बिमार रहकर भी लगातार अपने-अपने क्षेत्रों की साफ-सफाई बरकरार रखते है। बावजूद इसके सरकार और संबंधित अधिकारियों का इनकी ओर कतई भी ध्यान नहीं जाता है।

बरवाला ने कहा कि आज भी यह सफाई कर्मचारी अस्थाई और दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं, अनेक सफाई कर्मचारी तो 50 साल से ऊपर की उम्र पूरी कर चुके हैं तो अनेक कर्मचारी सेवानिवृत्ति की दहलीज पर बैठे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जो भी सरकार आती है इन्हें नियमित करने का झांसा तो देती है लेकिन आज तक इन्हें नियमित नहीं किया गया। हमारी यूनियन की मांग है कि सफाई कर्मचारी को सीधे पक्का ही लगाया जाना चाहिए।

## रक्तदान के महत्व को हम सभी को पहचाना होगाः श्याम सुन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** जिला केशवपुरम भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा अपना रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और समय पर रक्त नहीं मिल



पाता है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी रक्तदान अवश्य ही करें। क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान अवश्य ही मिल सकता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लें।

## सामाजिक समरसता और अंत्योदय की प्रेरणा देती है कबीर वाणीः रविन्द्र इन्द्राज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कबीर की वाणी सामाजिक समरसता और अंत्योदय की प्रेरणा देती है। अंत्योदय की मूल भावना ही केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार की कार्यशैली है, यह बात समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कबीर जयंती समारोह के अवसर पर कहीं।

रविन्द्र इन्द्राज बुधवार को दिल्ली सचिवालय में इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति/अनुसूचित



जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

रविन्द्र इंद्राज ने संत कबीर के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार की यह प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे, विशेषकर वे योजनाएं जो अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं।

## हमेशा ही जनहित में कार्य करती है भाजपाः उमाकांत शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास रहा है कि भाजपा ने हमेशा ही जनहित में कार्य किया है। उन्होंने आगे बताया कि बिहार में होने वाले चुनाव में भी भाजपा का परचम लहरायेगा क्योंकि देश की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा कहने में नहीं करने में विश्वास रखती है, यही कारण है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में विकास की गति काफी तेज हुई है और दिल्ली में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है। उन्होंने आगे बताया



कि सीएम रेखा गुप्ता और मंत्रिमंडल बेहतर कार्य कर रहा है। जिससे दिल्ली की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी द्वारा लागू की गई कई योजनाओं से लोग जुड़ रहे है।

# इंग्लैंड ने तीसरे टी20 में वेस्टइंडीज 37 रन से हराया, दूसरी बार किया क्लीन स्वीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**साउथैम्पटन।** इंग्लैंड ने मंगलवार को साउथैम्पटन के यूटिलिटा बाउल मैदान पर खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। यह इंग्लैंड की 2021 के बाद पहली टी20आई सीरीज में क्लीन स्वीप है। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीमित ओवरों के नए कप्तान हैरी ब्रुक के नेतृत्व में लगातार दूसरी सीरीज में क्लीन स्वीप किया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 248 रन बनाए, जो घरेलू सरजमीं पर उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है।

**डकेट और स्मिथ की धमाकेदार शुरूआत**
ओपनर बेन डकेट ने सिर्फ 20 गेंदों में अपना तीसरा टी20 अर्धशतक जड़ते हुए 84 रनों की धमाकेदार पारी खेली। उनके साथ जेमी स्मिथ ने भी 60 रनों की पारी खेलते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने मिलकर सिर्फ 9 ओवर में 120 रन जोड़े। जैकब बेथेल ने अंत में 36 रन की नाबाद तेज पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 249 रनों का विशाल लक्ष्य रखा।

**वेस्टइंडीज की लड़खड़ाती पारी**
लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 14 छक्के जरूर लगाए, लेकिन 8 विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंदों में नाबाद 79 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज उनका



साथ नहीं दे सके। इंग्लैंड की ओर से मार्क वुड ने 31 रन देकर 3 विकेट झटके। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पहली बार 19-18 की बढ़त बना ली है।

**डकेट बने इंग्लैंड के भरोसेमंद ओपनर**
बेन डकेट ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से एक बार फिर साबित कर दिया कि वे इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद मल्टी-फॉर्मेट ओपनर हैं। उनकी पारी में शानदार रिवर्स स्वीप, कवर्स के ऊपर से शॉट्स और स्क्वायर लेग के पीछे छक्का शामिल था, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डकेट की बल्लेबाजी ने युवा ओपनर स्मिथ को भी आत्मविश्वास दिया, जिन्होंने दोनों फॉर्मेट में इस सप्ताह पहला अर्धशतक जमाया है।

**वेस्टइंडीज के लिए चिंता की घड़ी**
पिछले 48 घंटे वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए सबसे निराशाजनक साबित हुए हैं। पहले रविवार को सीरीज हार और फिर मंगलवार को एकतरफा हार। इसके बीच सोमवार को स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। एक समय टी20 क्रिकेट की बादशाह रही वेस्टइंडीज टीम अब संघर्ष करती नजर आ रही है। हाल ही में समाप्त हुई इस सीरीज ने यह साफ कर दिया कि यह टीम अब उतनी प्रभावशाली नहीं रही, भले ही उसने इंग्लैंड से ज्यादा (35) छक्के लगाए हों।

**स्कोरकार्ड :**
इंग्लैंडः 248/3 (बेन डकेट 84, जेमी स्मिथ 60*, जैकब बेथेल 36*)
**वेस्टइंडीजः** 211/8 (रोवमैन पॉवेल 79*, शाई होप 45, मार्क वुड 3/31) इंग्लैंड ने मैच 37 रन से जीता, सीरीज 3-0 से अपने नाम की।

## ब्राजील और इक्वाडोर ने पक्की की विश्व कप 2026 की टिकट



**नई दिल्ली।** साओ पाउलो और लीमा में बुधवार (भारतीय समयानुसार) को खेले गए मुकाबलों में ब्राजील और इक्वाडोर ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। ब्राजील ने कोरिंथियंस एरिना में पराग्वे को 1-0 से हराकर, जबकि इक्वाडोर ने पेरू के खिलाफ 0-0 की ड्रॉ खेलकर क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया। ब्राजील के लिए एकमात्र गोल रियल मैड्रिड के स्टार फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में किया। उन्होंने मैथ्यूस कुन्हा के पास पर नजदीक से गेंद को गोलपोस्ट में डालते हुए टीम को बढ़त दिलाई। यह ब्राजील के नए कोच कार्लो एंसेलोटी की पहली जीत रही, जो उनके घरेलू डेब्यू में ही मिली। इस जीत के साथ ब्राजील अब 16 मैचों में 25 अंकों के साथ कॉनमेबोल क्वालीफाइंग स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, जिससे वह शीर्ष छह में रहते हुए सीधे विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर गया। इसके साथ ही ब्राजील ने अपने ऐतिहासिक रिकॉर्ड को कायम रखा- वह एकमात्र देश है जिसने अब तक हर फीफा विश्व कप टूर्नामेंट में भाग लिया है। वहीं इक्वाडोर ने भी पेरू से ड्रॉ खेलकर कुल 25 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिका की टॉप छह टीमों में जगह बना ली। 2022 कतर विश्व कप में ग्रुप स्टेज से बाहर होने वाली इक्वाडोर की टीम अब पांचवीं बार विश्व कप में खेलेगी। पेरू के खिलाफ मुकाबले में इक्वाडोर को रेड कार्ड मिलने के बावजूद टीम ने साहसिक प्रदर्शन करते हुए जरूरी एक अंक हासिल किया।

# आईओसी अध्यक्षीय हस्तांतरण समारोह 23 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक 23 जून को एक विशेष समारोह के दौरान आधिकारिक रूप से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किर्स्टी कोवेंट्री को सौंपेंगे। यह हस्तांतरण समारोह आईओसी मुख्यालय ह्यओलंपिक हाउसह्न में सुबह 11 बजे से दोपहर 12:15 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से 3:45 बजे तक) आयोजित किया जाएगा। थॉमस बाक ने 2013 में ब्यूनस आयर्स में आयोजित 125वें आईओसी सत्र में चुनाव जीतकर नौवें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने आठ वर्षों का पहला कार्यकाल पूरा करने के बाद मार्च 2021 में



बिना किसी विरोध के पुनः निर्वाचित होकर दूसरा चार वर्षीय कार्यकाल शुरू किया। मार्च 2025 में ग्रीस में आयोजित 144वें आईओसी सत्र के दौरान उन्हें आईओसी का आजीवन मानद अध्यक्ष चुना गया। वहीं, मार्च 2025 में चुनी गई किर्स्टी कोवेंट्री आईओसी की 10वीं अध्यक्ष बनने जा रही हैं। वे इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली अफ्रीकी और पहली महिला अध्यक्ष होंगी। यह समारोह आईओसी मीडिया के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित किया जाएगा, जिसे दुनियाभर के दर्शक

## निकोलस पूरन बने एमआई न्यूयॉर्क के

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर निकोलस पूरन को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में एमआई न्यूयॉर्क टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। 2025 सीजन से पहले यह घोषणा ऐसे समय पर की गई है जब पूरन ने ठीक एक दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में बताया कि हमारा हीरो, हमारा लीजेंड, हमारा कप्तान! 29 वर्षीय पॉकेट डायनामाइट, एमआई न्यूयॉर्क सुपरस्टार निकोलस पूरन को कॉग्निजेंट मेजर लीग क्रिकेट के 2025 सीजन से पहले एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है।

## फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर- वांग युडोंग के पेनल्टी गोल से चीन ने बहरीन को 1-0 से हराया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चोंगकिंग।** 18 वर्षीय युवा फारवर्ड वांग युडोंग द्वारा इंजरी टाइम में किए गए पेनल्टी गोल की बदौलत चीन ने मंगलवार को बहरीन को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफाइंग अभियान का समापन जीत के साथ किया। पिछले गुरुवार को क्रमशः इंडोनेशिया और सऊदी अरब से हारने के बाद चीन और बहरीन दोनों ही टीमें ग्रुप स्टेज से बाहर हो चुकी थीं और एशियाई क्वालिफायर प्लेऑफ के अगले चरण में जगह नहीं बना सकीं। "सम्मान के मैच" कहे जा रहे इस अंतिम मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमों के पास गोल करने के बहुत कम मौके आए। दूसरे हाफ में चीन ने बेहतर नियंत्रण दिखाया। वांग युडोंग ने बाएं छोर से लगातार आक्रमण किए और कई बार गोल के करीब पहुंचे, लेकिन बहरीन के गोलकीपर ने उनके सभी प्रयासों को नाकाम कर दिया। आखिरकार, 93वें मिनट में वांग को अपनी मेहनत का फल मिला। वांग झिमिंग की क्रॉस गेंद पर बहरीन के डिफेंडर के हैंडबॉल करने पर चीन को पेनल्टी मिली, जिसे वांग युडोंग ने शांत चित्त होकर गोल में बदलते हुए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल दर्ज किया। इस जीत के साथ चीन ने क्वालिफायर अभियान में कुल 9 अंक (3 जीत, 7 हार) अर्जित किए और ग्रुप सी में पांचवें स्थान पर रहा, बहरीन से तीन अंक आगे। ग्रुप सी की टॉप टीम जापान पहले ही अगले साल के विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, जबकि दूसरा स्थान सऊदी अरब और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीधे मुकाबले से तय होगा।

# अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। अब तक कुल मिलाकर 13 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं। फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।
अब तक क्वालिफायर के जरिये फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करने वाली टीमें
एशियाः जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, जॉर्डन, उज्बेकिस्तान।
ओशिनिया : न्यूजीलैंड।
दक्षिण अमेरिका : अर्जेंटीना, ब्राजील, इक्वाडोर।





**ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्व कप में खेलेगा**
कोनोर मेटकाफे ने ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में मदद की। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा, जबकि

**मेजबानी**
फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है

ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर से गोल किया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं, दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया ऑस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन और ऑस्ट्रेलिया क्वालिफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालिफाई करेंगी और यह दौर अक्तूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

# प्रियंका ने जीती 10 किमी पैदलचाल, सत्र की पहली जीत दर्ज की, रामबाबू को कांस्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। 10 किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकेंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने




अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, एक मिनट की पेनाल्टी के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और पेनाल्टी के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी।
इंसब्रुक में पुरुषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे।

# चिली लगातार तीसरे फीफा वर्ल्ड कप से बाहर

**साओ पाउलो।** चिली की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। टीम फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही है और लगातार तीसरे वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। मंगलवार को एल एल्टो (बोलीविया) में खेले गए मुकाबले में चिली को बोलीविया के हाथों 0-2 से हार झेलनी पड़ी, जिससे वह दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में सबसे आखिरी स्थान पर ही बनी रही। इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच रिकार्डो गरेका ने इस्तीफे की घोषणा कर दी। अर्जेंटीना के 67 वर्षीय इस कोच ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मैं खिलाड़ियों और अधिकारियों को उनके समर्थन के लिए सार्वजनिक रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अब टीम को छोड़ रहा हूं।" चिली की 'गोल्डन जनरेशन' जिसने 2015 और 2016 में दो कोपा अमेरिका खिताब जीते थे, अब इतिहास बन चुकी है। टीम के दिग्गज स्ट्राइकर एलेक्सिस सांचेज ने हार के बाद कहा, "बहुत दुख हो रहा है, मैंने ऐसा पहले कभी महसूस नहीं किया। हमें लोगों से माफी मांगनी चाहिए। बदलाव की शुरूआत हो चुकी है।

# फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स अल्माडा ने अर्जेंटीना की बचाई लाज

**स्थान पक्का**
उजबेकिस्तान जैसी टीमों ने अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मंगलवार को खेले गए फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स के मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा, जहां एक ओर अर्जेंटीना ने 10 खिलाड़ियों के साथ कोलंबिया से ड्रॉ खेलते हुए अपराजित क्रम बरकरार रखा, वहीं ऑस्ट्रेलिया, जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया और उजबेकिस्तान जैसी टीमों ने अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया।

**अल्माडा ने दिलाई अर्जेंटीना को राहत**
ब्यूनस आयर्स में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना को कोलंबिया के खिलाफ 1-1 की बराबरी पर संतोष करना पड़ा। कोलंबिया ने मैच के 24वें मिनट में लुइस डियाज के शानदार एकल प्रयास से बढ़त बना ली थी। अर्जेंटीना की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब एंजो फर्नांडीज को दूसरे हाफ में रेड कार्ड दिखाया गया, लेकिन 81वें मिनट में थियागो अल्माडा ने बराबरी का गोल दागकर अपनी टीम को हार से बचा लिया और अर्जेंटीना की अपराजित लय को पांच मैचों तक पहुंचा दिया।



**ऑस्ट्रेलिया की शानदार वापसी और क्वालिफिकेशन पक्का**
जेद्दा में ऑस्ट्रेलिया ने सऊदी अरब को 2-1 से हराकर लगातार छठी बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया। पहले गोल सऊदी अरब की ओर से अब्दुलरहमान अल-ओबूद ने 19वें मिनट में किया। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने पहले हाफ के अंत में कॉनर मेटकाफ और फिर दूसरे हाफ की शुरूआत में मिच ड्यूक के गोल की बदौलत वापसी की। गोलकीपर मैटी रयान ने अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच में आखिरी पलों में पेनल्टी बचाकर जीत सुनिश्चित की।

**जापान, ईरान और दक्षिण कोरिया का दबदबा**
जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से रौंदकर ग्रुप उ में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें डाइची कामाडा ने पहले हाफ में दो गोल किए। ईरान ने तेहरान में नॉर्थ कोरिया को 3-0 से हराया और ग्रुप अ में पहले स्थान पर रहा। वहीं दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर ग्रुप इ में अपराजित रहते हुए शीर्ष स्थान पाया।

**ओमान की आखिरी सांस में उम्मीद बची, फिलिस्तीन बाहर**
जॉर्डन में खेले गए मुकाबले में ओमान और फिलिस्तीन के बीच 1-1 की बराबरी हुई। फिलिस्तीन ने 49वें मिनट में बढ़त ली थी, लेकिन अंत समय में ओमान को पेनल्टी मिली, जिसे इस्साम अल-साबीह ने गोल में बदलकर अपनी टीम की क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को जिंदा रखा।

**अन्य मुकाबले-**
उजबेकिस्तान ने कतर को 3-0 से हरा कर ग्रुप अ में दूसरा स्थान पाया।
यूएई और किर्गिस्तान का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिससे यूएई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
जोर्डन ने पहले ही क्वालिफाई कर लिया था, लेकिन उसे इराक से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।
चीन ने बहरीन को 1-0 से हराकर अपने अभियान का समापन किया।

# भारतीय शूटिंग को नई उड़ान देगा एसएलआई : एलावेनिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। इस बीच भारत की स्टार शूटर एलावेनिल वलारिवन ने एसएलआई को खेल के लिए 'गेम-चेंजर' बताया है। म्यूनिख में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में कांस्य पदक जीतने वाली एलावेनिल ने कहा कि वह इस लीग को लेकर बेहद उत्साहित हैं।
एलावेनिल ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "यह हमारे खेल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि ऐसा पहली बार हो रहा है।



मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं और मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी इस लीग को लेकर उत्साहित होगा।" उन्होंने कहा, "इस लीग में प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा होगा और इसका फायदा हमें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देखने को मिलेगा। यह सभी खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा माहौल और बड़ा मोटिवेशन साबित होगा।" एलावेनिल ने विदेशी खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, "मैं हमेशा दूसरे एथलीट्स से सीखने के मौके का इंतजार करती हूं और यह लीग उनके अनुभव को अपनाने का एक बेहतरीन जरिया बनेगी। एक ही टीम में रहकर उनके आइडियाज को समझना और साझा करना आसान होगा। खासतौर पर युवा और नए खिलाड़ी सीनियर एथलीट्स से बहुत कुछ सीख सकेंगे और मैं खुद भी इस अनुभव को लेकर उत्साहित हूं।" दो बार की ओलंपियन एलावेनिल का मानना है कि यह लीग शूटिंग को देशभर में नई पहचान दिलाएगी। उन्होंने कहा, "यह लीग आम जनता के बीच शूटिंग खेल की समझ और लोकप्रियता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। जब लोग इस खेल को उसके असली प्रारूप में देखेंगे तो इससे जुड़ाव और बढ़ेगा और उम्मीद है कि ज्यादा युवा इसे पेशेवर रूप में अपनाना चाहेंगे।"
विदेशी खिलाड़ी भी इसका हिस्सा होंगे, तो यह युवाओं को इस खेल के प्रति आकर्षित करने में मदद करेगी।

**उत्साह**
हाल ही में लॉन्च की गई शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


फास्ट न्यूज

## शराब घोटाला : विनय कुमार के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

रांची। शराब घोटाला मामले में आरोपित कारोबारी विनय कुमार सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने गिरफ्तारी वारंटी जारी किया है। एसीबी ने विशेष अदालत में आवेदन देकर विनय कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था। दरअसल, विनय कुमार सिंह नोटिस करने के बाद भी एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा है। विनय सिंह को इस मामले में अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। हालांकि उससे बचाने के लिए उसने 29 मई को एसीबी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है, जिसपर 20 जून को सुनवाई होनी है। इस मामले में एसीबी ने अबतक निलंबित आईएएस विनय चौबे सहित पांच को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उल्लेखनीय है कि 20 मई को विनय चौबे और तत्कालीन संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था। 21 मई को पूर्व जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास, जीएम सुधीर कुमार और कर्मचारी नीरज कुमार सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। इसी मामले में जेल में बंद नीरज कुमार सिंह ने एसीबी कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। बीते 21 मई को उसे एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था, इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। नीरज कुमार सिंह प्लेसमेंट एजेंसी का कर्मचारी है। दरअसल, छत्तीसगढ़ के मॉडल को अपनाकर झारखंड में शराब नीति बनाई गई थी, यह वर्ष 2022 में लागू हुआ था। फर्जी बैंक गारंटी पर दो प्लेसमेंट एजेंसी को काम दी गई थी। होलोग्राम बनाने वाली कंपनी हो या मेन पावर सप्लाई करने वाली कंपनी हो या फिर थोक शराब का ठेका लेने वाली कंपनी हो, सभी की इसमें संदिग्ध भूमिका बताई गई है।

## अंतरराज्यीय साइबर ठग गैंग का खुलासा

**बीकानेर।** बीकानेर पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह पर करीब 5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के लेनदेन में शामिल होने का आरोप है। आरोपियों ने बैंक खातों को किराए पर लेकर ठगी की रकम का उपयोग ऑनलाइन गेमिंग, क्रिकेट सट्टेबाजी और अन्य अवैध गतिविधियों में किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राहुल सिंह (34) पुत्र शशि भूषण सिंह निवासी बल्लभ गार्डन, थाना जेएनवीसी; मनमोहन यादव (31) पुत्र शुभाराम यादव निवासी तिलकनगर, थाना जेएनवीसी; और नाहिद अली (30) पुत्र नियाज अली निवासी रामपुरा बस्ती, थाना मुक्ता प्रसाद, बीकानेर शामिल हैं।

# संतों ने समाज को दिखाई वो राह, जो कैराना जैसी घटना नहीं होने देती: सीएम

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर में विशाल संत समागम और सत्संग कार्यक्रम में किया सहभाग
- दुनिया का कोई मत, मजहब और संप्रदाय बताए कि पांच हजार वर्ष का इतिहास कितनों का है: योगी

पुण्य स्मृति

- भिक्षुक दास जी महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास जी की स्मृति में हुआ कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ/मुजफ्फरनगर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। साथ ही सम-विषम परिस्थितियों में लड़ने की प्रेरणा प्रदान करती है। स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज दिव्य संत थे। उन्होंने शुकतीर्थ में सतगुरु रविदास जी महाराज जी की प्रेरणा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शुकतीर्थ मुजफ्फरनगर में विशाल संत समागम और सत्संग कार्यक्रम में सहभाग किया। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास जी महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया।

**संत रविदास ने कर्मसाधना के माध्यम से जो प्रेरणा दी, वह आज भी मार्गदर्शक:** सीएम ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत की धर्म और संस्कृति को रौंदा जा रहा था तो उस समय ज्योति के पुंज के रूप में काशी के सीरगोवर्धन में सतगुरु रविदास जी महाराज का अविर्भाव होता है। उन्होंने कर्मसाधना के माध्यम से जो प्रेरणा दी, वह आज भी देश व हर श्रद्धालु के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करती है।

**पवित्रता व निर्मलता का प्रतीक है रविदास जी महाराज का कथन:** सतगुरु रविदास जी महाराज ने सामाजिक आडंबर व कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक किया। कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। आध्यात्मिक चेतना का जागरण किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा.. सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंतरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की नई प्रेरणा दी। संत रविदास जी महाराज के गुरु संत रामानंद जी महाराज ने कहा था कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई...।

**पीएम मोदी ने संत रविदास की बातों को अक्षरशः लागू किया :** मुख्यमंत्री ने संत रविदास के कथन की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी वाणी अत्यंत दिव्य थी। रविदास जी ने कहा था मैं तब प्रसन्न रहूंगा, जब बिना भेदभाव सबको समान अधिकार व अन्न मिलेगा। संत रविदास की इन बातों को पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के माध्यम से इसे अक्षरशः लागू किया।

### संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो सब अच्छा होता है

*मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था, पिछली सरकारों ने वह नहीं दिया। सरकारें बहुत आईं, लेकिन बाबा साहेब के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनके सांस्कृतिक केंद्र व उनकी स्मृतियों को बढ़ाने का कार्य केवल डबल इंजन सरकार ने किया।*

### सीरगोवर्धन में आश्रम को दिया गया भव्य रूप

*मुख्यमंत्री ने कहा कि रविदास जी महाराज की पावन जन्मभूमि सीरगोवर्धन की सड़कें 2014 के पहले सिंगल लेन की थी, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से उसे फोरलेन से जोड़ दिया गया। आश्रम को भव्य रूप दे दिया गया है। गुरु रविदास की भव्य प्रतिमा व अन्न क्षेत्र का निर्माण किया गया। सैकड़ों बीघा जमीन को खरीदकर सतगुरु रविदास जी महराज के नाम पर पार्क व प्रतिमा की स्थापना हुई।*

### ज्ञान भिक्षुक व समनदास ने रविदास के मिशन को बढ़ाया आगे

*मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान भिक्षुक दास व समनदास जी महाराज ने सतगुरु रविदास जी के मिशन को आगे बढ़ाया है। सरकार द्वारा किए गए गरीब कल्याण के कार्यों को गिनाते हुए सीएम ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन का कारण बनी सुविधाएं सतगुरु रविदास की प्रेरणा से संभव हो पाईं। कार्यक्रम में आयोजक महंत गोवर्धन दास जी महाराज, स्वामी ओमानंद जी महाराज, निर्मल दास जी महाराज, गुरुदीप गिरि जी महाराज, केशवनानंद जी महाराज, सत्यानंद जी महाराज, सतीश दास जी महाराज, विज्ञानानंद जी महाराज, सांसद चंदन चौहान, योगी सरकार के मंत्री अनिल कुमार, कपिलदेव अग्रवाल, सोमेंद्र तोमर, पूर्व सांसद संजीव बालियान, विधायक राजपाल बालियान, वंदना वर्मा, मिथिलेश पाल, विक्रम सैनी आदि मौजूद रहे।*

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डबल डेक फ्लाईओवर का किया लोकार्पण

सुविधा

- डबल डेक फ्लाईओवर अच्छा बना है। इस पथ के निर्माण से जाम की समस्या से निजात मिलेगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 422 करोड रुपये लागत से निर्मित अशोक राजपथ पर कारगिल चौक (गांधी मैदान) से साइंस कॉलेज भाया पीएमसीएच डबल डेक फ्लाईओवर का कारगिल चौक के पास आयोजित कार्यक्रम स्थल पर अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने कारगिल चौक से साइंस कॉलेज और साइंस कॉलेज से कारगिल चौक तक डबल डेक फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डबल डेक फ्लाईओवर पर रूककर पीएमसीएच से इसके कनेक्टिविटी के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डबल डेक फ्लाईओवर बहुत अच्छा बना है। इस पथ के निर्माण से अशोक राजपथ में जाम की समस्या से निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगी। डबल डेक फ्लाईओवर का कार्य प्रारम्भ जनवरी, 2022 में हुआ था, जिसका निर्माण पूर्ण हो गया है। इस पथ का निर्माण अशोक राजपथ के ऊपर दो लेयर (डेक) में किया गया है, जो गांधी मैदान के पास कारगिल चौक से प्रारम्भ होकर पीएमसीएच होते हुए साइंस कॉलेज तक जाता है। एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपरी डेक (टीयर-क्क) की लम्बाई 2175.50 मीटर है जो गांधी मैदान से साइंस कॉलेज तक जाता है। ऊपरी डेक (टीयर-क्क) गांधी मैदान से साइंस कॉलेज की तरफ जानेवाले यातायात के लिए है। नीचे के डेक (टीयर-1) की लम्बाई 1449.30 मीटर है जो पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ बीएन कॉलेज मेन गेट तक आता है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो चेन स्नैचर गिरफ्तार, गोली लगने से घायल

**औरैया।** जिले में अभियान चलाकर एसओजी और दिबियापुर पुलिस ने बीते दिनों महिला से चेन लूटने वाले दो चेन स्नैचरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। दोनों पैर में गोली लगने से घायल हैं और पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने बुधवार को बताया कि उमरसाना तिराहा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान एसओजी और दिबियापुर पुलिस टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हो गई।

## राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के प्रदेश सचिव बने सोनू



**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल राय, राष्ट्रीय सह संयोजक अरविन्दर सिंह खुराना के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पांडेय ने बुधवार को 24 जिलों के अध्यक्ष और कार्यकारणी की घोषणा की। इसके पूर्व देवघर में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट झारखंड प्रदेश की बैठक हुई। बैठक में यह तय हुआ कि राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रो में काम करेगी और सनातन के विचारों को जन - जन तक पहुंचाएगी। मौके पर कहा गया कि राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट हर मंगलवार को सभी जिले में हनुमान चालीसा का पाठ कराएगी।

# सिकल सेल मिशन के कार्य मानवता की सेवा का माध्यम: राज्यपाल पटेल




**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन के लिए संवेदनशीलता, सहानुभूति के साथ रोग उन्मूलन की प्रतिबद्धता जरूरी है। कार्य का भाव लक्ष्य को समय सीमा से पूर्व पूरा करने का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल मिशन के कार्य मानवता की सेवा के माध्यम है। ईश्वरीय कृपा के भागी होने का यह बड़ा अवसर है। राज्यपाल पटेल बुधवार को राजभवन में सिकल सेल मिशन के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के द्वारा सिकल सेल उपचार, प्रबंधन और नियंत्रण प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि मिशन के अंतर्गत 19 जून से 3 जुलाई तक समस्त ग्राम पंचायतों, एकलव्य आवासीय स्कूलों एवं छात्रावासों में मेगा शिविर आयोजित होंगे।

# देश में बढ़ रही वन्यजीवों की संख्या: भूपेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने कहा कि देशभर में वन्यजीवों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए दक्षिण भारत में एक नया सेंटर विकसित किया जा रहा है, जिसका निरीक्षण वे 19 और 20 जून को करेंगे। यादव बुधवार को अलवर में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 5 जून को पर्यावरण संरक्षण के लिए अरावली ग्रीन वॉल योजना का संकल्प लिया गया है, जिसके तहत दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और हरियाणा के 29 जिलों में नर्सरियां स्थापित की जाएंगी। इस परियोजना पर 17 जून को जोधपुर में रणनीतिक बैठक होगी, जबकि 19-20 जून को दिल्ली में मंत्रिस्तरीय स्तर पर एक भव्य आयोजन प्रस्तावित है। रणथम्भौर में हाल में हुए बाघ हमले को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि वहां टूटी हुई दीवार की मरम्मत की जाएगी और उस पर जाली भी लगाई जाएगी। साथ ही, नई एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) और दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने आमजन से भी सतर्कता बरतने की अपील की।
मंत्री ने बताया कि सरिस्का अभयारण्य क्षेत्र में प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाई जाएगी। इसके लिए थैलों का वितरण किया गया है। वे स्वयं 15 जून को टहला क्षेत्र का दौरा करेंगे।

## बीकानेर में तेज गर्मी से जनजीवन प्रभावित

**बीकानेर।** नौतपा भले ही इस बार बीकानेर में अपेक्षाकृत कम प्रभावी रहा हो, लेकिन अब प्रचंड गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। पिछले दो दिनों से अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया है। ऐसे में दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है और बाजारों में चहल-पहल शाम के वक्त ही दिखाई दे रही है। मौसम विभाग ने आगामी 19 जून तक के लिए हीटवेव अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार तापमान में किसी विशेष गिरावट की संभावना नहीं है और आने वाले दिनों में भी यही स्थिति बनी रहने की आशंका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यूपी की शिक्षा व्यवस्था में किया गया बड़ा बदलाव

# योगी राज में शिक्षा का हो रहा कायाकल्प, शिक्षा को सुविधा नहीं मिशन बनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने शिक्षा को सुविधा की बजाए मिशन के रूप में आगे बढ़ाने का निर्णय लिया, जिसका व्यापक असर आज देखने को मिल रहा है। स्कूलों की बदहाल स्थिति को सुधारने से लेकर नए विश्वविद्यालयों की स्थापना तक, योगी सरकार ने शिक्षा को सशक्त और समावेशी बनाने का संकल्प पूरा किया। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्रों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है तो वहीं, प्रोजेक्ट अलंकार के जरिए उन्हें बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान किया जा रहा है। यही नहीं बालिकाओं को शिक्षित करने के साथ ही सशक्त बनाने के लिए रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना की भी शुरूआत की जा रही है, जिसके तहत बजट में 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह बदलाव न केवल शिक्षा का स्तर ऊंचा कर रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।
ऑपरेशन कायाकल्प एक अभियान बन चुका है, जिससे आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय जुड़ चुके हैं। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। 1.91 करोड़ बच्चों को दो यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, बैग के लिए हर साल अभिभावकों के खातों में सीधे धनराशि भेजी जा रही है।

व्यापक असर

- ऑपरेशन कायाकल्प से 1.91 करोड़ बच्चों को स्मार्ट क्लास और बेहतर सुविधाएं प्रदान की गईं

